जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें




▶ वर्ष 21 ▶ अंक-281 ▶ मुंबई, शुक्रवार, 9 मई 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य ₹ 4

ETAR
Vision of india
BEST QUALITY MOBILE ACCESSORIES
ET-R36
EARPHONE
AIR-LUXE
Royal Series Battery
FOR INQUIRY CALL +91 99677 73129
follow us / etar_india / www.etarindia.com

# नापाक मंसूबों पर चला 'सुदर्शन'

## लाहौर एयर डिफेंस सिस्टम तबाह



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के नाकाम हमले का भारत ने गुरुवार को करारा जवाब दिया। पाक ने भारत के 15 शहरों को निशाना बनाने की कोशिश की। उसने कई ड्रोन और मिसाइलें दागीं लेकिन भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने उसके मंसूबों को नाकाम कर दिया। पाकिस्तान ने अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, अदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज जैसे सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की थी।

पाक की नापाक हरकत

# भारत का मुंहतोड़ जवाब, लाहौर पर निशाना

- दुश्मन पर भारी पड़ा एस-400 'सुदर्शन'
- देश के सीमावर्ती इलाकों में 'ब्लैकआउट'
- जम्मू, जैसलमेर, पोखरण में बरसाए ड्रोन
- जम्मू में पाकिस्तानी आर्मी ने हमले किए
- पाक का एफ-16 विमान-मिसाइलें ध्वस्त
- एयर डिफेंस सिस्टम ने 4 मिसाइलें गिराईं



**जम्मू/जैसलमेर।** पाकिस्तान ने एक बार फिर रात के अंधेरे में कायराना हमला किया। गुरुवार रात को जम्मू, पंजाब और राजस्थान में कई जगहों पर हमले किए गए। एस-400 और 'आकाश' जैसे मुस्तैद एयर डिफेंस सिस्टम ने हर हमला नाकाम कर दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ताजा घटनाक्रम से अवगत कराया। पीएम लगातार स्थिति को मॉनिटर कर रहे हैं। राजनाथ सिंह ने सीडीएस जनरल अनिल चौहान और तीनों सेना प्रमुखों से भी बात की है।

### पाक का जेएफ-17 मार गिराया

भारत ने पाकिस्तानी वायुसेना के बेशकीमती जेफ-17 फाइटर जेट को मार गिराया है। गुरुवार रात जब पाकिस्तान ने उत्तरी सीमा पर सिलसिलेवार हमले किए, उसी दौरान यह जेएफ-17 भी एंगेज हुआ। भारत ने पाकिस्तान की 8 मिसाइलें भी मार गिराई हैं।

### अमेरिकी विदेश मंत्री से बात

अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा कि विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बात की। सचिव ने तत्काल तनाव कम करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत के लिए अमेरिकी समर्थन पर जोर दिया। विदेश मंत्री ने पहलगाम में हुए भयानक आतंकी हमले के लिए अपनी संवेदना दोहराई और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ मिलकर काम करने की संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की।

### पाक की 8 मिसाइलें हवा में रोकी

जम्मू के सतवारी, सांबा, आरएस पुरा और अर्निया में पाकिस्तान की ओर से 8 मिसाइलें दागी गईं। सभी को भारतीय एयर डिफेंस यूनिट्स ने हवा में ही रोक दिया। घटनास्थल से सामने आए विजुअल्स बिलकुल उस हमले जैसे हैं, जैसे हमास ने इजरायल पर किए थे। विशेषज्ञों का आकलन है कि पाकिस्तान की सेना अब एक आतंकी संगठन की तरह बर्ताव कर रही है।

### सीमावर्ती जिलों पर निशाना

पाकिस्तान ने बुधवार-गुरुवार की रात इन इलाकों को टारगेट करने की नाकाम कोशिश की थी। कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया था कि जिन शहरों को निशाना बनाने की कोशिश की गई, उनमें अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, भटिंडा, चंडीगढ़, नल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज शामिल हैं। मलबे ने स्पष्ट कर दिया कि ये हमले पाकिस्तानी से किए गए थे।

### सीडीएस, तीनों सेना प्रमुखों से बात

पाकिस्तान की ओर से गुरुवार रात की गई हमले की नाकाम कोशिश के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान से बात की। सिंह ने तीनों सेना प्रमुखों से भी अपडेट लिया। पहले भी भारत ने पाकिस्तान की ओर से आए कई रॉकेटों को नष्ट कर दिया था। पाकिस्तान ने भारत के 15 शहरों को निशाना बनाने की कोशिश की थी, लेकिन भारतीय सेना ने सभी हमलों को नाकाम कर दिया।

### धर्मशाला में आईपीएल मैच रद्द

पाकिस्तान की ओर से किए गए हमलों को देखते हुए हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में चल रहे इंडियन प्रीमियर लीग मैच को कैंसिल कर दिया गया है। यहां पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच चल रहा था। मैदान की सभी फ्लड लाइट्स बंद करते हुए सभी फैंस को बाहर निकाला जा रहा है।

MULTIFAB
LED Lighting Solutions
EVA
LED SPOTLIGHT
DHANLAXMI MALI PRODUCT
Survey No.177,Isand Road, Chhatral, Ta- Kalol, Dist.Gandhinagar, Gujarat- 382 729
+91 97874 10141
+91 84518 31691
Customer Care No.: +91 99094 10141
www.multtifabled.co.in

## विदेश मंत्रालय की प्रेस वार्ता

# दुश्मन के झूठ से उठाया पर्दा

**नई दिल्ली।** 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद से पाकिस्तान बौखला गया है। बुधवार रात पाकिस्तानी फौज ने 15 भारतीय शहरों पर मिसाइल से हमला करने की कोशिश की। हालांकि भारतीय रक्षा प्रणाली ने इन सभी हमलों को नाकाम कर दिया।



### हमले को किया नाकाम : सोफिया कुरैशी

प्रेस कॉन्फ्रेंस में कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा, 'आज सुबह भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में कई स्थानों पर एयर डिफेंस रडार और सिस्टम को निशाना बनाया। भारतीय प्रतिक्रिया पाकिस्तान के समान ही तीव्रता के साथ उसी क्षेत्र में रही।

### 16 निर्दोष लोगों की मौत : व्योमिका सिंह

विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामुला, उरी, पुंछ, मेंढर और राजौरी सेक्टर में मोर्टार और भारी कैलिबर वाली तोपों का उपयोग करते हुए नियंत्रण रेखा पर अकारण गोलीबारी की तीव्रता बढ़ा दी है।

### हम तनाव बढ़ाना नहीं चाहते : मिसरी

विदेश सचिव मिसरी ने कहा कि पाकिस्तान ने यूएनएससी में आतंकी संगठन टीआरएफ के समर्थन में बयान दिया था। टीआरएफ ने ही पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली है। मुझे यह याद दिलाने की जरूरत नहीं है कि लादेन कहां पाया गया था और किसने उसे शहीद कहा था। पाकिस्तान बड़ी संख्या में संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादियों और कई देशों द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादियों का घर है।

## कई देशों का भारत को समर्थन

**नई दिल्ली।** भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है। भारत की ओर से की गई इस कार्रवाई का अमेरिका, इजरायल और फ्रांस, ब्रिटेन, इजरायल, नीदरलैंड, पनामा (पनामा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का एक अस्थायी सदस्य है) शामिल है। ऑपरेशन के बाद दुनिया ने जिस तरह से प्रतिक्रिया दी है, वह भी अहम है।

## राजस्थान के तीन सैन्य ठिकानों पर पाकिस्तानी हमले नाकाम

**जयपुर।** 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद 7-8 मई की रात पाकिस्तान ने बीकानेर, बाड़मेर और फलोदी स्थित भारतीय सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमलों की साजिश रची। जिसे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 मिसाइल प्रणाली, ने समय रहते नाकाम कर दिया। बीकानेर के पास धमाके के अवशेष मिलने के बाद सेना और पुलिस ने इलाके को सील कर दिया। भारत-पाकिस्तान सीमा पर एक बार फिर हालात तनावपूर्ण हो गए हैं। 7-8 मई की रात पाकिस्तान ने भारत के तीन सैन्य ठिकानों पर बड़ा हमला करने की साजिश रची, लेकिन भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम की सतर्कता ने इस मंसूबे को नाकाम कर दिया। बीकानेर के नाल, बाड़मेर के उत्तरलाई और फलोदी एयरबेस पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए गए थे, जिन्हें समय रहते निष्क्रिय कर दिया गया। बीकानेर में नाल एयरबेस से कुछ किलोमीटर की दूरी करणीसर भाटियान क्षेत्र में देर रात ग्रामीणों को जोरदार धमाके की आवाज सुनाई दी। गुरुवार सुबह जब ग्रामीण खेतों की ओर गए, तो उन्हें वहां बमनुमा धातु के अवशेष मिले। सेना और पुलिस की टीमें तत्काल मौके पर पहुंच गईं और पूरे इलाके को सील कर दिया गया है। भारत सरकार की ओर से पीआईबी ने इस हमले की पुष्टि करते हुए बताया कि सीमावर्ती इलाकों में पहले से तैनात अत्याधुनिक S-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान की हर चाल को नाकाम किया। विभिन्न जगहों पर मिले मलबे से यह स्पष्ट हो गया है कि हमला पाकिस्तान की ओर से ही हुआ था। पाकिस्तान की इस बौखलाहट के बाद गृह मंत्रालय की ओर से प्रदेश में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया। प्रदेश के सीमा से लगते इलाकों में ब्लैकआउट घोषित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। पैरामेडिकल स्टाफ की छुट्टियां रद्द कर दी गईं हैं।

## रॉ ने सौंपी 21 आतंकी ठिकानों की सूची

भारतीय सेना ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों पर हमला कर उन्हें नेस्तनाबूद कर दिया। इस ऑपरेशन में 'रॉ' ने भी अहम भूमिका अदा की। दरअसल सेना को आतंकियों के ठिकानों की सटीक जानकारी देने वाली खुफिया एजेंसी 'रॉ' और नेशनल टेक्निकल रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (एनटीआरओ) थी।

## अब भारत की 'वॉटर स्ट्राइक'

**चिनाब नदी का पानी छोड़ा**

**श्रीनगर।** भारत सरकार ने एक बार वाटर स्ट्राइक की और चिनाब नदी का पानी छोड़ दिया, जिससे पाकिस्तान में नदी के आसपास के इलाके डूब गए। इसे लेकर एक वीडियो भी सामने आया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता सस्पेंड कर दिया। इसी के तहत केंद्र की मोदी सरकार ने पाकिस्तान जाने वाले पानी को रोक दिया था। अब जम्मू-कश्मीर के रामबन में चिनाब नदी पर बने 'बगलिहार हाइड्रोइलेक्ट्रिक पॉवर प्रोजेक्ट' बांध के दो गेट खोल दिए गए हैं, जिससे पाकिस्तान में नदी के आसपास रहने वाले इलाकों में पानी भर गया।

NICE™
INSURANCE LANDMARK
विशेष सूचना !
एलआईसी के इतिहास का नंबर 1 प्लान 'जीवन श्री' में निवेश करने वाले सभी पॉलिसी होल्डर्स की मैच्योरिटी यानी पॉलिसी खत्म होने का समय आ गया है। लेकिन, इसकी जानकारी बहुत सारे ग्राहकों को नहीं है, जिन्होंने पॉलिसी बैंक द्वारा ली या ऐसे एजेंट द्वारा जिन्होंने काम बंद कर दिया। अब चिंता छोड़िए, आप अपनी सभी पॉलिसी हमारी कंपनी नाइस इंश्योरेंस लैंडमार्क द्वारा फ्री में चेक करा सकते हैं, हम आपको पोर्टफोलियो एवं नई जानकारी देंगे।
★ मेडीक्लेम केशलेस
★ ज्वेलर्स इंश्योरंस
★ लाईफ इंश्योरंस
★ म्युचल फंड
41 साल का भरोसा
300 से अधिक एवार्ड विजेता
गणपत डागलिया Gold Medalist T.O.T - U.S.A
चिराग डागलिया M.B.A & Harvard Cert. T.O.T - U.S.A
9869050031 / 9869230444
www.niceinsure.com

न्यूज BRIEF

### हेलिकॉप्टर क्रैश, छह की मौत

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में गुरुवार सवेरे नौ बजे गंगनानी के पास एक हेलिकॉप्टर क्रैश होने से छह यात्रियों की मौत हो गई। ये हेलिकॉप्टर प्राइवेट कंपनी का बताया जा रहा है। हेलिकॉप्टर में श्रद्धालु सवार थे, जो गंगोत्री धाम की यात्रा पर थे। हादसे पर राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुःख जताया है।

### झूठी खबरें फैला रहा पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** हर मोर्चे पर विफल हो रहा पाकिस्तान सोशल मीडिया पर झूठी खबरें फैला रहा है। भारत सरकार की फैक्ट चेक करने वाली एजेंसियां भी सीमा पार के सोशल मीडिया हैंडल से चलाए जा रहे झूठ का पर्दाफाश कर रही हैं। भारतीय सेना ने जिस तरह से दस वर्षों में तीसरी बार पाकिस्तान के आतंकवादी अड्डों को निशाना बनाया है, उसने पाक सेना की भी कलई खोल दी है।

### ऑपरेशन सिंदूर से डरा बांग्लादेश

**ढाका।** 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद बांग्लादेश ने अपनी वायुसेना को मजबूत करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। अब वह चीन से 16जे-10सी मल्टीरोल फाइटर जेट खरीदने की तैयारी में है। एयर चीफ मार्शल हसन महमूद खान ने हाल में चीन का दौरा कर डील को गति दी। इस कदम को भारत-पाक तनाव के बीच बांग्लादेश की सैन्य सतर्कता के रूप में देखा जा रहा है।

ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी

# पाक की हरकत का देंगे जवाब : राजनाथ सिंह

## विपक्ष का केंद्र को समर्थन

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद गुरुवार को संसद परिसर स्थित लाइब्रेरी भवन में हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने कार्रवाई पर संतोष जताया और कहा कि वो इस मसले पर सरकार के साथ है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी खत्म नहीं हुआ है और यह जारी है। अगर पाकिस्तान कोई हरकत करता है तो हम भी पीछे नहीं हटेंगे। सर्वदलीय बैठक के दौरान विपक्षी दलों ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विशेष सत्र बुलाने की मांग की। सर्वदलीय बैठक करीब डेढ़ घंटे तक चली।



### हम सभी सरकार के साथ : खरगे

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, "बैठक में हमने सुना कि उन्हें (केंद्र को) क्या कहना था। कुछ गोपनीय जानकारी बाहर साझा नहीं की जा सकती। हमने उनसे कहा कि हम सभी सरकार के साथ हैं।" राहुल गांधी ने कहा कि हमने सरकार को अपना पूरा समर्थन दिया है। कुछ चीजें हैं, जिन पर हम चर्चा नहीं करना चाहते हैं।

### बैठक में शामिल वरिष्ठ नेता

बैठक की अगुवाई रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। बैठक में राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और किरन रिजिजू के अलावा विदेश मंत्री एस. जयशंकर, स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा, वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण शामिल हुए। विपक्ष की ओर से राहुल गांधी के अलावा मल्लिकार्जुन खरगे, सुप्रिया सुले और संजय राउत शामिल हुए।

# पीएम की सचिवों के साथ उच्च स्तरीय बैठक

## मंत्रालयों की योजना और तैयारियों की समीक्षा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को विभिन्न मंत्रालयों और सचिवों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। इस दौरान पीएम मोदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा हालात को देखते हुए सभी विभागों को हर हालात से मुकाबले के लिए तैयार रहने को कहा। उन्होंने मंत्रालयों की योजना और तैयारी की समीक्षा की। जिन मुद्दों पर चर्चा की गई, उनमें नागरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना, गलत सूचना और फर्जी खबरों से निपटने के प्रयास और सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल था।



### 'ऑपरेशन सिंदूर' के 36 घंटे सक्रिय रहे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के 48 घंटे से ज्यादा वक्त हो चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑपरेशन के समय से ही सक्रिय हैं। वो खुद सेना की कार्रवाई को मॉनिटर कर रहे थे। पाकिस्तान को ट्रेलर दिखाने के बाद उन्होंने एनएसए अजित डोभाल के साथ बैठक की फिर सीसीएस के साथ।

### पीएम ने की सेना की तारीफ

मोदी ने कैबिनेट बैठक की। जिसमें उन्होंने सेना की तारीफ की। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, जे. पी. नड्डा, शिवराज सिंह चौहान समेत कई केंद्रीय मंत्री मौजूद थे।

### कैबिनेट ने जताया विश्वास

कैबिनेट के सभी मंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के प्रति विश्वास जताते हुए कहा कि पूरा देश उनके साथ है। भारतीय सेना ने तैयारी के अनुसार बिना किसी गलती के कार्रवाई को अंजाम दिया है।

### पाक सेना की गलती से धमाका

- पाकिस्तान के लाहौर में कई धमाके एयरपोर्ट के पास हुए हैं। ये धमाके लाहौर के वाल्टन रोड इलाके में हुए। वॉल्टन रोड लाहौर का एक हाई-प्रोफाइल इलाका है। पाक सेना ने इस पूरे इलाके को सील कर दिया है और इलाके में सायरन की आवाज सुनाई दे रही है। पाक के मिलिट्री सूत्रों ने बताया कि लाहौर में पाकिस्तानी फौज के अभ्यास के दौरान एयरपोर्ट के पास धमाका हुआ है।

### पाक पीएम ने की आपात बैठक

- भारत के एक्शन से पाकिस्तान में हड़कंप मचा है। भारत के पलटवार के बाद अचानक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अपने इस्लामाबाद के पीएम दफ्तर पहुंचे। पीएम शहबाज शरीफ ने इमरजेंसी बैठक भी बुलाई। वहीं, भारत के पलटवार के बाद पाकिस्तान का लाहौर एयरपोर्ट शुक्रवार सवेरे छह बजे तक बंद कर दिया गया है।

### आतंकी रऊफ अजहर खत्म

- ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। कंधार आईसी-814 हाईजैक के मास्टरमांइड रऊफ अजहर की एक हमले में मारे जाने की खबर है। बुधवार को रऊफ अजहर ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकियों के जनाजे की नमाज पढ़ाता नजर आया था। वह बहावलपुर में जैश के हेडक्वार्टर के बंकर में छिपा था।

### रावलपिंडी स्टेडियम तबाह

- भारत के ड्रोन हमले में पाकिस्तान का रावलपिंडी स्टेडियम तबाह हो गया है। इसी वजह से गुरुवार रात यहां होने वाला मुकाबला रद्द कर दिया गया है। पाकिस्तान में इस समय पाकिस्तान सुपर लीग-2025 का आयोजन हो रहा था।

### संसद में रोया पाक सांसद

- पाकिस्तान संसद में बहस के दौरान पाकिस्तान मुस्लिम लीग-एन का सांसद ताहिर इकबाल फूट-फूटकर रोने लगा। इकबाल ने कहा-या खुदा आज बचा लो। दुआ करते हैं कि अल्लाह हिफाजत करे।

# 'कराची बेकरी' में फहराया तिरंगा




**करांची।** हैदराबाद के 'कराची बेकरी' के स्टोर पर भारतीय झंडे 'तिरंगा' लगाने का काम चालू हो चुका है। 'कराची बेकरी' के अपने स्टोर पर भारतीय तिरंगा लगाने का कारण भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहा 'सिंदूर ऑपरेशन' है। 'कराची बेकरी' हैदराबाद का एक फेमस कुकीज ब्रांड है। ये अपने ओस्मानिया बिस्किट के लिए देशभर में पहचाना जाता है। हैदराबाद शहर में आम लोगों के लिए ये एक चाय कैफे की तरह पॉपुलर है। दोनों देशों के बीच जब भी टेंशन बढ़ती है, 'कराची बेकरी' का मैनेजमेंट शहर में अपनी 20 ब्रांच पर 'तिरंगा' लगाने का काम शुरू कर देता है।

**हैदराबाद का फेमस कुकीज ब्रांड**
**नामचीन 'ओस्मानिया बिस्किट'**
**'कराची बेकरी' के 20 स्टोर**

### 20 देशों में कारोबार

- 'कराची बेकरी' सबसे ज्यादा अपने 'ओस्मानिया बिस्किट' के लिए फेमस है। कंपनी 20 से ज्यादा देशों में एक्सपोर्ट करती है। इनमें अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। कंपनी हर दिन 10 टन से ज्यादा बिस्किट का प्रोडक्शन करती है। वहीं हैदराबाद में उसके हर स्टोर पर डेली का औसत फुटफॉल दो हजार तक है।

आस्ट्रेलिया-मुंबई राजभवन के बीच समझौता

# सबसे समृद्ध जिला बनेगा गड़चिरोली : राज्यपाल



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** जब तक युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल प्रदान नहीं किया जाता, तब तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता। गडचिरोली स्थित गोंडवाना विश्वविद्यालय द्वारा लॉयड स्टील और पश्चिम ऑस्ट्रेलिया के कर्टिन विश्वविद्यालय के साथ किया गया समझौता शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाएगा और भविष्य में गडचिरोली देश का सबसे समृद्ध जिला बनेगा। यह वक्तव्य राज्यपाल एवं कुलपति सी. पी. राधाकृष्णन ने दिया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल की प्रमुख उपस्थिति में गोंडवाना विश्वविद्यालय, लॉयड मेटल्स एंड एनर्जी और कर्टिन विश्वविद्यालय, पश्चिम ऑस्ट्रेलिया के बीच यह समझौता राजभवन, मुंबई में हुआ। राज्यपाल ने बताया कि कुछ माह पूर्व उन्होंने पूर्व मंत्री सुधीर मुनगंटीवार के साथ गडचिरोली का दौरा किया था। उन्होंने सुझाव दिया कि गोंडवाना विश्वविद्यालय को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार करने चाहिए और छात्रों को रोजगार उपलब्ध कराने पर ध्यान देना चाहिए।

## जिले में प्रचुर मात्रा में खनिज संपदा

गडचिरोली में प्रचुर मात्रा में खनिज संपदा है, विशेषकर उच्च गुणवत्ता का लौह अयस्क। ऐसे में धातु और खनिजों पर अनुसंधान और उपयोग के लिए विशेषज्ञों की आवश्यकता है। कर्टिन विश्वविद्यालय के साथ सहयोग से खनिज क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ेगी। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय द्वारा लॉयड स्टील और एनर्जी के सहयोग से तकनीकी संस्थान शुरू करने पर विश्वविद्यालय को बधाई दी।

## देश का स्टील हब बनेगा जिला : सीएम

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि खनिज और धातु आधारित उद्योगों की स्थापना के कारण आने वाले पांच वर्षों में गडचिरोली भारत में स्टील उत्पादन का एक बड़ा केंद्र बनेगा और जिले की पिछड़ेपन की पहचान इतिहास बन जाएगी। खनिज और धातु विज्ञान के क्षेत्र में दुनिया के दूसरे नंबर के विश्वविद्यालय कर्टिन के साथ हुए समझौते से यह दिन गोंडवाना विश्वविद्यालय के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा।

## एक सप्ताह में दूसरा एमओयू

यह एक सप्ताह में ऑस्ट्रेलिया के साथ हुआ दूसरा एमओयू है। इससे पूर्व मुंबई में हुए 'वेव्ज' शिखर सम्मेलन के दौरान पश्चिम ऑस्ट्रेलिया के विश्वविद्यालय के साथ नवी मुंबई में कैंपस स्थापित करने का समझौता हुआ था। दुनिया के 12 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों ने एज्युसिटी, नवी मुंबई में अपने कैंपस खोलने की स्वीकृति दी है, जिनमें यॉर्क, वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया और इलिनॉय विश्वविद्यालयों ने पहले ही संचालन शुरू कर दिया है।

## एक लाख छात्रों को मिलेगी अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब एज्युसिटी में प्रस्तावित सभी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के कैंपस शुरू हो जाएंगे, तब वहां 80,000 से 1 लाख छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री ने लॉयड स्टील के एमडी बी. प्रभाकरन की सराहना करते हुए कहा कि उनके साहस के कारण ही गडचिरोली में एकीकृत स्टील उद्योग स्थापित करना संभव हो पाया।

## दो प्रमुख समझौते किए गए

गोंडवाना विश्वविद्यालय और लॉयड मेटल्स के बीच "स्वायत्त विश्वविद्यालय तकनीकी संस्थान" की स्थापना हेतु एमओयू, जो गडचिरोली में धातु विज्ञान, खनन, कंप्यूटर साइंस आदि विषयों में इंजीनियरिंग शिक्षा देगा। गोंडवाना विश्वविद्यालय और कर्टिन विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया के बीच "ट्विनिंग डिग्री (द्वैध डिग्री) कार्यक्रम" के लिए समझौता। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सुधीर मुनगंटीवार, विधायक डॉ. परिणय फुके, कर्टिन विश्वविद्यालय के डिप्टी वाइस चांसलर मार्क ऑग्डन, उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव वेणुगोपाल रेड्डी, एवं विश्वविद्यालय की प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे।



पश्चिम रेलवे मुंबई सेंट्रल मंडल

# कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल ने कार्यस्थल पर सुरक्षित, सम्मानजनक और समावेशी कार्य संस्कृति को प्रोत्साहित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, सात मई को मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) कार्यालय, मुंबई सेंट्रल में "कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 (पीओएसएच)" पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में श्रीमती आरती सिंह परिहार, अपर मंडल रेल प्रबंधक (ओपी/एचआर) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, इस जागरूकता सत्र का उद्देश्य कर्मचारियों में पीओएसएच अधिनियम के प्रति समझ बढ़ाना तथा कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के प्रति पश्चिम रेलवे की 'शून्य सहिष्णुता' की नीति को दृढ़ता से दोहराना था। सत्र के दौरान विषय विशेषज्ञों द्वारा अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों, आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) की गठन प्रक्रिया एवं कार्य प्रणाली, शिकायत दर्ज करने की विधि तथा समस्या निवारण की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर कर्मचारियों में जागरूकता, संवेदनशीलता एवं सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया।



### ▶▶ सूचनात्मक पुस्तिका का विमोचन

■ इस पहल के अंतर्गत एक सूचनात्मक पुस्तिका (पम्फलेट) का भी विमोचन किया गया, जिसमें कर्मचारियों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों और उपलब्ध शिकायत निवारण तंत्र के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी गई है। सत्र के अंतिम चरण में प्रतिभागियों के साथ एक संवादात्मक परिचर्चा आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने पीओएसएच अधिनियम के व्यावहारिक पहलुओं से जुड़े प्रश्न पूछे और विषय विशेषज्ञों से समाधान प्राप्त किए। इसके पश्चात एक पेशेवर काउंसलर द्वारा मानसिक स्वास्थ्य एवं भावनात्मक सशक्तिकरण पर विशेष व्याख्यान दिया गया, जिसमें कार्यस्थल को मानसिक रूप से सुरक्षित और सहायक बनाने के उपायों पर चर्चा की गई। पश्चिम रेलवे लगातार अपने कर्मचारियों की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विविध जागरूकता कार्यक्रमों, सक्रिय आंतरिक शिकायत समिति तथा प्रभावी शिकायत निवारण प्रणाली के माध्यम से ठोस कदम उठा रही है। इस प्रकार की पहलें पश्चिम रेलवे की एक सुरक्षित, संवेदनशील और सशक्त कार्यस्थल संस्कृति की दिशा में निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

# नरेंद्र मेहता ने राधाबिनोद शर्मा के खिलाफ खोला मोर्चा

## ▶▶ सड़क पर ऑफिस खोलने की मांगी इजाजत

■ दुकान खरीदने की जरूरत नहीं सड़क पर कंटेनर रख करो कारोबार

**भायंदर।** मीरा भायंदर भाजपा विधायक नरेंद्र मेहता ने मीरा भायंदर मनपा आयुक्त राधाबिनोद शर्मा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मीरा भायंदर शहर में दर्जनों कंटेनर सड़क के किनारों पर नुक्कड़ की गली में गटर के ऊपर बने स्लैब पर रख दिए गए है। इसी को लेकर भाजपा आक्रामक हो गई है। विधायक नरेंद्र मेहता ने मनपा आयुक्त राधाबिनोद शर्मा पर आरोप लगाते हुए कहा कि शहर लावारिस हो गया है। शहर में कही भी कंटेनर रख कर उसमें अपना कारोबार किया जा सकता है या कार्यालय खोला जा सकता है क्योंकि आयुक्त बड़े दिल वाले है। मेहता ने कंटेनर को लेकर कहा कि दुकान खरीदने की क्या जरूरत है सड़क पर कही भी कंटेनर रख लो। गौरतलब है कि परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक के कार्यकर्ताओं ने शहर में दर्जनों कंटेनर लगा कर उसमें पार्टी कार्यालय खोला है जिसका विरोध पहले भी किया गया था। शहर में दर्जनों कंटेनर रख दिए गए हैं जो कि चर्चा का विषय बन गया है। भाजपा नेता राजेश सिंह सोमवंशी ने इस मामले में बाकायदा मनपा आयुक्त राधाबिनोद शर्मा से मुलाकात कर ज्ञापन देकर सभी कंटेनरों की जानकारी मांगी है। राजेश सिंह सोमवंशी के अनुसार जिस प्रकार कंटेनरों को इजाजत दी गई है उसी तरह उन्हें भी पार्टी कार्यालय खोलने की इजाजत मनपा प्रदान करे। शिवसेना जिला प्रमुख राजू भोइर ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने कंटेनर जनता की सेवा के लिए रखे है इसमें लोगों के आधार कार्ड पैन कार्ड राशन कार्ड संबंधित समस्याओं सहित अन्य समस्याओं का निराकरण किया जाता है कंटेनर को लेकर नाहक ही राजनीति की जा रही है।





## महाराष्ट्र में तूअर खरीदी की अवधि बढ़ाने की मांग : जयकुमार रावल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र के तूअर उत्पादक किसानों और जनप्रतिनिधियों की मांग को ध्यान में रखते हुए राज्य के पणन मंत्री जयकुमार रावल ने केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय से तूर खरीदी की अवधि 15 दिन बढ़ाने की मांग की है। इस संबंध में पणन विभाग के माध्यम से केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। राज्य में अब तक 1,37,458 किसानों ने तूअर विक्री के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराया है, जिनमें से 52,971 किसानों से 77,053 मीट्रिक टन तूर की खरीदी की जा चुकी है। केंद्र सरकार के निर्देशानुसार खरीदी की 90 दिन की अवधि 13 मई 2025 को समाप्त हो रही है। शेष पंजीकृत किसानों की तूअर भी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी जा सके, इसके लिए 13 मई से आगे 15 दिन की समयवृद्धि की मांग मंत्री रावल ने केंद्र से की है। 2024–25 सीजन में केंद्र सरकार ने 2,97,430 मीट्रिक टन तूअर की खरीदी को मंजूरी दी है, जो पीपीएस के तहत की जा रही है। इसके लिए नफेड और एनसीसीएफ जैसी केंद्रीय नोडल संस्थाओं के माध्यम से राज्य की 8 राज्यस्तरीय एजेंसियों के जरिए 764 खरीदी केंद्र राज्य में कार्यरत हैं। इन केंद्रों पर अब तक 52,971 किसानों से 77,053 मीट्रिक टन तूअर की खरीदी की गई है।

मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड
निविदा हेतु अनुरोध- MRVC/G/202/R2-Elev
(एक लिफाफा ई-प्रोक्योरमेंट निविदा प्रक्रिया)
मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेट लि., कॉर्पोरेट कार्यालय, दूसरी मंजिल, चर्चगेट स्टेशन भवन, मुंबई-400020 द्वारा, **"पश्चिम रेलवे और मध्य रेलवे के बारह स्टेशनों पर लिफ्ट के लिए खरीद - डिजाइन, विनिर्माण, आपूर्ति, एकाधिक लोडिंग / अनलोडिंग, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग और वारंटी अवधि के दौरान रखरखाव) - चरण-II"** हेतु ई--निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा के विवरण तथा निविदा दस्तावेज ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **https://www.eprocure.gov.in/eprocure/app** पर उपलब्ध हैं। वेबसाइट **https://www.eprocure.gov.in/eprocure/app** पर परिपूर्ण इ-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि **09.06.2025 दोपहर 12.30** बजे तक है। **शुद्धिपत्र, यदि कोई है, केवल वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जायेगा।**

# आज से बढ़ गया बेस्ट बसों का किराया

**मुंबई।** मुंबई की जीवनरेखा मानी जाने वाली बेस्ट बसों का किराया बढ़ गया है। बेस्ट का बढ़ा हुआ किराया आज रात 12 बजे से लागू होगा।किराया वृद्धि के प्रस्ताव को हाल ही में मुंबई महानगरपालिका प्रशासन ने मंजूरी दी थी। अब परिवहन प्राधिकरण से भी इसे हरी झंडी मिल गई है।

बढ़ा हुआ किराया गुरुवार की देर रात से लागू कर दिया गया है। बेस्ट को आर्थिक घाटे से उबारने के लिए कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में सह्याद्री अतिथि गृह में एक बैठक हुई थी।

कटिहार मंडल में इंजीनियरिंग मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग गेटों की इंटरलॉकिंग
**ई-निविदा सूचना सं. KIR-N-2025-K-06; दिनांक: 06-05-2025।** निम्नलिखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नामः**- कटिहार मंडल में हाई टीवीयू (>20,000) वाले पांच इंजीनियरिंग मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग गेटों की इंटरलॉकिंग। निविदा मूल्य: ₹3,50,88,767.00। धरोहर राशि: ₹3,25,500.00। **ई-निविदाएं** 28-05-2025 को 15:00 बजे **बंद होंगी** और 28-05-2025 को 15.30 बजे **खुलेंगी।** उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर 28-05-2025 को 15:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगी।
डीआरएम (एसएंडटी), कटिहार
पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बेलापूर विभाग में अनधिकृत निर्माण पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई महानगरपालिका द्वारा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त आयुक्त (2) डा. राहुल गेठे और उप आयुक्त (अतिक्रमण) भागवत डोईफोडे के मार्गदर्शन में अतिक्रमण विभाग ने बेलापूर विभाग में बेघर को हटाने की कार्रवाई की। नवी मुंबई मनपा कार्यक्षेत्र के दुर्गामाता नगर, सेक्टर-08, बेलापूर, नवी मुंबई स्थित भूखंड पर बनी अनधिकृत झोपड़ियों को स्वेच्छा से हटाना आवश्यक था। ए विभाग कार्यालय बेलापूर के माध्यम से तोड़क कार्रवाई का आयोजन कर उक्त भूखंड पर बनी 64 अनधिकृत झोपड़ियों को निष्कासित किया गया है। इस ताबड़तोड़ कार्रवाई के लिए बेलापूर विभाग के सहाय्यक आयुक्त तथा विभाग अधिकारी डॉ. अमोल पालवे, ए विभाग बेलापूर के अधिकारी/कर्मचारी तथा अतिक्रमण विभाग के पुलिस कर्मी तैनात थे। इस अभियान हेतु पोकलन-01, मज़दूर-22, वाहन आयशर-01, पिकअप-01, स्थानीय पुलिस तथा अतिक्रमण विभाग के पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। मनपा की ओर से साफ कर दिया गया है कि आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई और अधिक तीव्र की जाएगी।





# अंधेरी स्टेशन पश्चिम की गंदगी बच्चों की सांसों पर संकट

■ ईस्ट-वेस्ट पुल के नीचे गंध और गंदगी का अड्डा
■ स्कूल बच्चों से लेकर यात्रियों तक सब परेशान

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** शहर के सबसे व्यस्त और बड़े उपनगरीय स्टेशन अंधेरी (पश्चिम) के एम वी रोड से प्रवेश करते ही जैसे एक अलग ही 'स्वागत गंध' यात्रियों का इंतज़ार करती हैं लेकिन यह गंध अगरबत्ती की नहीं, बल्कि कचरे, पेशाब और सड़ते कचरे की बदबू हैं, जो नाक बंद करने पर भी दिमाग में चढ़ जाती हैं। ईस्ट-वेस्ट ब्रिज के नीचे बनी यह बदबूदार सुरंग पैदल चलने वालों, ऑटो से स्टेशन की ओर जाने वालों और खासकर स्कूल के मासूम बच्चों के लिए एक दंड यात्रा बन गई है। रोज सैकड़ों छात्र यहां से गुजरते हैं। कोई मास्क पहनकर, कोई नाक दबाकर और कुछ तो ऐसे जिन्हें शायद इस बदबू की आदत हो चली है। बिलकुल स्टेशन के पास, एक स्कूल और पुल के नीचे, बना हुआ हैं। बीएमसी का सफाई विभाग का कार्यालय, जी हां, वही विभाग जो शहर को स्वच्छ रखने का दावा करता है। लेकिन इसी ऑफिस के ठीक सामने बदबूदार गाड़ियों की कतार और खुले में सड़ता कचरा बिखरा रहता हैं। वहां से चलते ऑटो, बेस्ट बसे,बहते नाले और कूड़े से उठती दुर्गंध का ऐसा मिश्रण हैं कि खुद बीएमसी कर्मचारी शायद इस माहौल को "न्यू नार्मल" मान चुके हैं। सफाई कर्मियों की केबिनें गंदगी के बीच ऐसी खामोशी से टिकी हैं जैसे बदबू उनकी कोई पुरानी साथी हो। रहवासी सोसायटियां भी अब जैसे इस बदबू की "आदत" में ढल गई हैं। पूछने पर कोई कहता है "अब तो नाक को आदत हो गई है" यह आदत या लाचारी, दोनों ही प्रशासनिक विफलता की गंधदार परतें हैं।



भरत कुमार सोलंकी

## बदबू अब बर्दाश्त से बाहर

मुंबई महानगरपालिका, स्कूल प्रशासन और रेल मंत्रालय को मिलकर यह तय करना होगा कि यह "सड़ांध का स्टेशन" नहीं, स्मार्ट स्टेशन बने। वरना आने वाली पीढ़ी को सांस नहीं, संक्रमण विरासत में मिलेगा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
एसएलआर में पट्टे की लीसिंग हेतु ई-नीलामी
अधिसूचना क्रमांक: COM/R/Parcel Corres./25 दिनांक: 05.05.2025

| क्र. | गाडी संख्या | से | तक | लीसिंग के लिए उपलब्ध एसएलआर | ई-नीलामी दिनांक | ई-नीलामी समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 18241 | दुर्ग | अंबिकापुर | 1 (F-I) | 15.05.2025 | सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:50 बजे तक |
| 2 | 18529 | दुर्ग | विशाखपट्टणम | 1 (F-I) | | |
| 3 | 13287 | दुर्ग | आरा | 1 (F-I) | | |
| 4 | 18249 | दुर्ग | कोरबा | 1 (F-I) | | |
| 5 | 18251 | रायपुर | कोरबा | 2 (F-I & R-1) | | |
| 6 | 20847 | रायपुर | एमसीटीएम | 1 (F-I) | | |
| 7 | 15160 | दुर्ग | छपरा | 1 (R-1) | | |
| 8 | 18205 | दुर्ग | नवतनवा | 1 (F-I) | | |
| 9 | 18201 | दुर्ग | नवतनवा | 1 (F-I) | | |
| 10 | 12853 | दुर्ग | भोपाल | 1 (F-I) | | |
| 11 | 18213 | दुर्ग | अजमेर | 1 (F-I) | | |
| 12 | 18426 | दुर्ग | पुरी | 1 (F-I) | | |
| 13 | 08186 | दुर्ग | हटिया | 1 (F-I) | | |
| 14 | 18207 | दुर्ग | अजमेर | 1 (F-I) | | |

सभी ई-नीलामी अधिसूचना का विवरण हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया है।
मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर
PR/R/SR.DCM/FL/29
SECRailway
@secrail

लामडिंग मंडल में प्रस्तावित आरओबी के लिए मौजूदा ओएचई का सुधार
**निविदा सूचना सं.: TRD/LMG/05 of 2025-26, दिनांक: 06-05-2025।** निम्नलिखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.:** EL-TRD-NFR-LMG-OHE-MOD-25; **कार्य का नामः**- मौजूदा ओएचई व्यवस्था का संशोधन और सुरक्षात्मक स्क्रीन, अर्थिंग और बॉडिंग,सुरक्षा आइटम/बोर्ड आदि का प्रावधान जो लंका-धालपुखरी सेक्शन लामडिंग मंडल के बीच केएम 165 (एसटी-44) में 01 नग 12 मी. चौड़े स्टील गर्डर आरओबी का प्रस्तावित लॉचिंग के लिए उपयुक्त हैं। विज्ञापित मूल्य: ₹40,36,365.84; धरोहर राशि: ₹80,700.00। **ई-निविदा** 30-05-2025 को 15:00 बजे **बंद होगी।** उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
सीनि. डीईई/टीआरडी एवं जीएस/लामडिंग
पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पनवेल महानगरपालिका
शहर अभियंता विभाग
ई-निविदा सूचना
निविदा सूचना क्र.: पमपा/बांधकाम/6524/प्र.क्र.27/1635 /2025 दिनांक: 08/05/2025

आयुक्त, पनवेल महानगरपालिका खालीत नमूद कामासाठी सार्वजनिक बांधकाम विभाग, केंद्रीय सार्वजनिक बांधकाम विभाग, महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण, सिडको इत्यादी शासकीय / निम शासकीय (Central Government/State Government/Government under taking) विभागात खालील कामासाठी नोंदणीकृत पात्र अनुभवी ठेकेदारांकडून बी-2 शतमान पध्दतीनुसार ई-निविदा मागवित आहेत.

| अ.क्र. | निविदा क्र. | कामाचे नाव | निविदा रक्कम रु. (Without GST) |
|---|---|---|---|
| 1 | PMC/CE/15/2025-26 | पनवेल महानगरपालिका हद्दीतील खारघर, नवीन पनवेल, पनवेल, कळंबोली, कामोठे या विविध ठिकाणी रस्त्यालगत रेलिंग बसविणे. | 5,65,00,000/- |

या कामाच्या ई-निविदे बाबतची माहिती शासनाच्या http://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळवर दि. 13/05/2025 रोजी प्रसिद्ध करण्यात येईल. संबंधित निविदाधारकांनी याची नोंद घ्यावी.
सही/-
अतिरिक्त आयुक्त-।
पनवेल महानगरपालिका

# शहर को पर्यटन का केंद्र बनाया जाए : डा. शिंदे

## ▶▶ नवी मुंबई मनपा आयुक्त ने किया गवलीदेव पर्यटन स्थल विकास कार्य का निरीक्षण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नवी मुंबई।** सुनियोजित शहर के रूप में पहचाने जाने वाले आधुनिक नवी मुंबई शहर को पर्यटन की दृष्टि से भी आकर्षण का केंद्र बनाया जाए, इस उद्देश्य से घणसोली विभाग के एमआईडीसी क्षेत्र में स्थित पहाड़ी पर बसे गवलीदेव परिसर को एक प्राकृतिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस कार्य का नवी मुंबई मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे ने प्रत्यक्ष निरीक्षण करते हुए वहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य को संरक्षित रखते हुए उच्च गुणवत्ता वाला पर्यटन स्थल विकसित करने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस अवसर पर उनके साथ शहर अभियंता शिरीष आरदवाड, कार्यकारी अभियंता यशवंत कापसे, संबंधित अधिकारी, वास्तुविद और ठेकेदारों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। नवी मुंबई के पूर्व भाग में सह्याद्री की पर्वतमालाओं में स्थित घणसोली विभाग के अंतर्गत गवलीदेव यह पारंपरिक स्थल पंचक्रोशी क्षेत्र में प्रसिद्ध है। विशेष रूप से वर्षा ऋतु के दौरान इस स्थान पर नवी मुंबई सहित मुंबई महानगर क्षेत्र के उत्साही पर्यटक बड़ी संख्या में आते हैं। इस कारण पहले से लोकप्रिय इस पारंपरिक स्थल को यदि प्राकृतिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए तो नागरिकों को पर्यटन के लिए एक उत्तम स्थल उपलब्ध हो सकेगा, इस दृष्टिकोण से गवलीदेव परिसर का विकास किया जा रहा है।

### ▶▶ पांच करोड़ की निधि मंजूर

वन विभाग से 10,000 वर्ग मीटर क्षेत्र सौंदर्यीकरण हेतु हस्तांतरित किया जा रहा है। इस विकास कार्य हेतु जिला नियोजन समिति की पर्यटन विकास योजना के अंतर्गत रु. पांच करोड़ की निधि मंजूर की गई है।

### ▶▶ गैबियन वॉल का 25% काम पूरा

वर्तमान में गैबियन वॉल निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसमें अब तक 25% कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इस कार्य का निरीक्षण करते समय तथा नियोजित कार्य की योजना सहित विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के उपरांत आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे ने निर्देश दिए कि इस स्थल पर कृत्रिम पत्थरों का उपयोग न कर उपलब्ध प्राकृतिक पत्थरों का ही अधिकतम उपयोग किया जाए।



नवी मुंबई में ग्रीन बिल्डिंग' कार्यशाला

# शहर के हरित विकास को प्रोत्साहन

## ▶▶ आईजीबीसी द्वारा विकसित रेटिंग प्रणाली

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नवी मुंबई।** आज के समय में पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के महत्व को समझते हुए 'ग्रीन बिल्डिंग' अर्थात हरित इमारत की संकल्पना को प्रभावी रूप से लागू किया जाए और इसके माध्यम से सतत शहरी नियोजन को बढ़ावा मिले, इस दृष्टिकोण से नवी मुंबई मनपा मुख्यालय में मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में 'ग्रीन सिटी – ग्रीन बिल्डिंग' इस विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। आईजीबीसी इस मान्यता प्राप्त संस्था के माध्यम से और शहर अभियंता शिरीष आरदवाड के समन्वय में नवी मुंबई मनपा मुख्यालय के ज्ञानकेंद्र में आयोजित इस एक दिवसीय कार्यशाला में प्रशासन विभाग के उप आयुक्त शरद पवार, सहायक संचालक नगर रचना सोमनाथ केकाण, अतिरिक्त शहर अभियंता अरविंद शिंदे, प्रतिष्ठित वास्तुविद तथा आईजीबीसी के नवी मुंबई अध्यक्ष हितेन सेठी, और मनपा के सभी विभागों के अभियंता, वास्तुविद और निर्माण व्यवसायी उपस्थित थे। आईजीबीसी द्वारा विकसित की गई रेटिंग प्रणाली शहरी स्थिरता में सुधार के अवसरों का मूल्यांकन करती है, जिसमें पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन, नागरिक कल्याण, भूमि उपयोग नियोजन, शहरी परिवहन, आधारभूत सुविधाओं का प्रबंधन, शहरी नियोजन में नवाचार आदि विविध पहलुओं को शामिल किया गया है। इस दृष्टिकोण से कार्यशाला के माध्यम से ग्रीन बिल्डिंग की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए उसे अपनाने हेतु व्यापक जानकारी दी गई।



# '100 दिन' अभियान का पहला चरण पूरा : सीएम

**▸▸ सभी विभागों ने किए सराहनीय कार्य**
**▸▸ सीएम ने दिए 'विकसित महाराष्ट्र 2047' के विजन डॉक्यूमेंट की तैयारी के निर्देश**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** प्रशासन में जनाभिमुखता लाने हेतु शुरू किए गए '100 दिन' अभियान का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा हो गया है, इसकी घोषणा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने की। उन्होंने बताया कि सभी विभागों ने सराहनीय कार्य किया है। आगामी 150 दिनों के सुधारात्मक कार्यों का परिणाम 2 अक्टूबर को घोषित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने 'विकसित भारत 2047' की तर्ज पर 'विकसित महाराष्ट्र 2047' के विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री मंत्रालय में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे जहाँ पहले चरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, प्रभारी मुख्य सचिव राजेश कुमार और अन्य मंत्री उपस्थित थे।

### यह सिर्फ उपक्रम नहीं, एक पड़ाव था

मुख्यमंत्री ने कहा, "यह सिर्फ एक उपक्रम नहीं था, बल्कि शासन की दिशा तय करने वाला एक महत्त्वपूर्ण पड़ाव था। हमें जनाभिमुखता, कामकाज में सरलता और जवाबदेही को प्रशासन का आधार बनाना होगा।" राज्य के 12,500 कार्यालयों ने इसमें भाग लिया। 48 विभागों ने अपनी स्वयं की प्रश्नपत्रिका बनाकर आत्ममूल्यांकन किया और उपलब्धियों को पेश किया। प्रशासनिक संरचनात्मक सुधार समय की आवश्यकता है। यदि यह सुधार संस्थागत स्तर पर लागू किए जाएं तो प्रशासन में निरंतर सुधार संभव है।




### अगला चरण दो अक्टूबर तक चलेगा

अगला चरण 6 मई से 2 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। इस दौरान सरकारी सेवाओं में तकनीक का उपयोग कर 'विकसित महाराष्ट्र 2047' का रोडमैप तैयार किया जाएगा। इसमें कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्राम विकास, नगर विकास, पायाभूत सुविधा, वित्त, मानव संसाधन सहित 16 प्रमुख क्षेत्रों के सचिव लक्ष्यों पर काम करेंगे।

### शासन की छवि बेहतर करने तेज़ गति से काम करें: शिंदे

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि शासन और प्रशासन रथ के दो पहिए हैं और दोनों को तालमेल से काम करना चाहिए। "नागरिकों को मंत्रालय आने की ज़रूरत न पड़े, यह शासन की भूमिका है। ज़रूरी सेवाएं उन्हें स्थानीय स्तर पर ही मिलनी चाहिए,"।

# गूगल मैप पर बेस्ट बसें रियल-टाइम उपलब्ध




**मुंबई।** मुंबई का सफर अब और भी स्मार्ट और आसान होने वाला है। बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (बेस्ट) और गूगल के सहयोग से अब यात्रियों को गूगल मैप पर बेस्ट बसों की रियल-टाइम लोकेशन दिखाई देगी। इस सुविधा का उद्घाटन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, मुख्यमंत्री कार्यालय के सचिव डॉ. श्रीकर परदेशी तथा उपमुख्यमंत्री कार्यालय के प्रधान सचिव नवीन सोना उपस्थित थे। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि अब यात्री आसानी से यह जान सकेंगे कि किस समय कौन सी बस उपलब्ध होगी और वह कितनी देर में आएगी, जिससे समय की बचत होगी और यात्रा अधिक सुविधाजनक बनेगी।

### हरा रंग समय पर, लाल रंग देरी का संकेत

गूगल मैप्स इंडिया प्रमुख रोली अग्रवाल ने कहा, "बेस्ट के साथ इस सहयोग से हम मुंबई में यात्रियों को रियल-टाइम सार्वजनिक परिवहन की जानकारी देने में सक्षम हुए हैं। यह हमारे देशभर में सार्वजनिक परिवहन को सशक्त बनाने के प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# मासमा अध्यक्ष भंसाली ने की पुलिस आयुक्त से मुलाकात



**नवी मुंबई।** मासमा सदस्यों की कलंबोली में हो रही चोरी की गंभीर समस्याओं पर पुलिस प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने हेतु मासमा ने कैबिनेट मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा के सहयोग से नवी मुंबई पुलिस आयुक्त से मुलाकात की। जिसमें मास्समा की ओर से भूतपूर्व अध्यक्ष व फार्म के अध्यक्ष जितेंद्र शाह व निवर्तमान अध्यक्ष विक्रम दोशी ने मुलाकात की व सदस्यों के वेयरहाऊस में गत वर्ष एवं वर्तमान में हुई चोरियों में सदस्यों को माल नहीं मिलने की जानकारी प्रदान की। इसे मद्देनजर रखते हुए पुलिस आयुक्त ने सात मई को एमएमए कमेटी के कार्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों जिसमें डीसीपी प्रशांत मोहिते, एसीपी अशोक राजपूत, कलंबोली के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेंद्र कांबले एवं समस्त एसोसिएशन की एक संयुक्त बैठक बुलाकर उनसे जानकारी ली व कलंबोली की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। इस मीटिंग में मासमा की ओर से सर्वप्रथम किसी भी व्यापारी के यहां चोरी होने पर उसकी तुरंत एफआईआर/आवेदन लेने हेतु पुलिस प्रशासन से आग्रह किया गया। साथ ही एमएमए कमेटी व पुलिस प्रशासन से पुलिस गश्त बढ़ाने, सीसीटीवी कैमरे बिठाने, बीट चौकी कार्यान्वित करने, एंटी इलिगल पॉइंट पर चौकी का निवेदन भी किया गया। पुलिस प्रशासन ने आश्वस्त किया कि वे इन निवेदन पर गौर करेंगे। साथ ही इस बैठक में एमएमए कमेटी ने हुए 5.5 करोड़ की धोखाधड़ी में शीघ्र कार्रवाई की मांग कर रकम की रिकवरी जल्द से जल्द करने पर सभी प्रतिनिधियों ने जोर दिया।

**एफएसए का 36वां 'टेक्सट्रेड' फेयर**

# मुंबई में कपड़ा और एक्सेसरीज़ फेयर 12 से

**▸▸ एफएसए हर वर्ष कपड़ों के दो फेयर आयोजित करता**

**मुंबई।** द फैब्रिक सप्लायर्स एसोसिएशन (एफएसए) के तत्वावधान में 36वां 'टेक्सट्रेड' नामक कपड़े का बी2बी फ़ेयर 12 से 14 मई के दौरान मुंबई के ताज होटल में आयोजित किया जाएगा। एफएसए के 'फैब्रिक एंड एक्सेसरीज़ प फेयर' का उद्घाटन किरण हरिया करेंगे। वह ब्लाजों क्लोथिंग मैन्युफैक्चरिंग कंपनी प्रा. लि. के निदेशक हैं। इस फेयर के लिए होटल की तीन मंज़िलें बुक की गई हैं और इसमें 150 स्टॉल होंगे। यहां गारमेंट्स के लिए विंटर रेंज प्रदर्शित की जाएगी। इसमें जेंट्सवियर, लेडीजवियर, चिल्ड्रनवियर, निटवियर, पार्टीवियर, एथनिकवियर के कपड़ों के अलावा शर्टिंग, शूटिंग, डेनिम और एक्सेसरीज़ की विस्तृत रेंज प्रदर्शित की जाएगी। शादी-ब्याह से संबंधित कपड़ों की विस्तृत रेंज भी यहां देखने को मिलेगी। यहां देशी और विदेशी कपड़ों की विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की जाएगी, जिनमें सूती कपड़े, ब्लेंडेड कपड़े, पॉलिएस्टर, विस्कोस, नायलॉन कपड़े, फैंसी कपड़े, वैल्यू-एडेड कपड़े और डिजिटल प्रिंट की विशाल रेंज शामिल होगी। फैब्रिक सप्लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रकाश संघवी ने बताया कि एफएसए हर वर्ष कपड़ों के दो फेयर आयोजित करता है। यह एक बी2बी फ़ेयर है, इसलिए इसमें प्रवेश केवल गारमेंट निर्माताओं और ट्रेड विज़िटर्स को ही मिलेगा। प्रवेश निःशुल्क होगा लेकिन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। इस फ़ेयर में 5000 से अधिक ट्रेड विज़िटर्स के आने की संभावना है। फैब्रिक सप्लायर्स एसोसिएशन की स्थापना 22 वर्ष पूर्व हुई थी। एफएसए के 150 सदस्य हैं, जो कपड़े के अग्रणी थोक व्यापारी और सप्लायर हैं। इन्हें फैशन के जन्मदाता और क्रिएटिव सप्लायर माना जाता है। एफएसए का आर्बिट्रेशन सिस्टम भी मजबूत माना जाता है। एफएसए का वातानुकूलित कार्यालय मुंबई के लोअर परेल स्थित केवल इंडस्ट्रियल एस्टेट की तीसरी मंजिल पर गाला नंबर 338 में, 800 वर्ग फीट में स्थित है।


एफएसए अध्यक्ष प्रकाश संघवी

**▸▸ होटल ताज में किरण हरिया करेंगे उद्घाटन**



# वाशिम में 35 फीट गहरे कुएं में जा गिरे दो सांड

**वाशिम।** महाराष्ट्र के वाशिम जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां दो सांडों की भिड़ंत के दौरान एक सांड 35 फीट गहरे कुएं में जा गिरा। गनीमत रही कि कुएं में पानी बहुत कम था, जिससे सांड को कोई गंभीर चोट नहीं आई। गांववालों ने पूरी रात सांड की देखरेख की और सुबह क्रेन की मदद से बेहद साहसिक तरीके से उसका रेस्क्यू किया गया। यह घटना कारंजा तहसील के शिवनगर गांव की है। इस गांव में मंदिर के सामने दो सांडों के बीच लड़ाई हो रही थी। ग्रामीणों ने उन्हें अलग करने की कोशिश की, लेकिन दोनों सांड आक्रामक होकर लड़ते रहे। अचानक इसी दौरान एक सांड असंतुलित होकर पास ही स्थित 35 फीट गहरे कुएं में गिर गया। सांड के कुएं में गिरते ही लोग उसे बचाने की जुगत में लग गए। वो तो अच्छा था कि कुएं में पानी कम था, जिससे सांड को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। रात होने की वजह से तुरंत कोई रेस्क्यू नहीं हो पाया, लेकिन गांववालों ने सूझबूझ दिखाते हुए सांड के लिए रोशनी और खाने की व्यवस्था की। अगली सुबह करीब आठ बजे गांववालों ने एक क्रेन मंगाई। क्रेन के हुक से गांव का एक युवक खुद कुएं में उतरा। सांड कुएं के एक कोने में खड़ा था। युवक ने साहस दिखाते हुए सांड के चारों ओर एक मजबूत पट्टा बांधा। इस दौरान सांड ने युवक पर हमला करने की कोशिश भी की, लेकिन युवक ने बड़ी सतर्कता से पट्टा बांधकर उसे क्रेन से जोड़ दिया।इसके बाद सांड को धीरे-धीरे सावधानी से ऊपर खींचा गया। कुछ ही मिनटों बाद सांड को सुरक्षित कुएं से बाहर निकाल लिया गया। ऊपर आते ही सांड भाग निकला और सुरक्षित जगह चला गया।



- गांववालों ने क्रेन मंगाकर किया रेस्क्यू
- दूसरे दिन कुएं से निकाले गए दोनों सांड

# पालघर में बाप ने की बेटे की हत्या

**▸▸ फिर खुद लगा ली फांसी**
**▸▸ बेस्ट में परिचालक के पद पर था कार्यरत**

पालघर। पालघर जिले के आदिवासी बहुल जव्हार तालुका में एक शख्स ने अपने नाबालिग बेटे की हत्या कर खुद भी फांसी लगा ली। सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी हुई है। पुलिस उप-निरीक्षक अनिल दिघोले ने बताया कि शरद भोये ने अपने बेटे की हत्या के बाद आत्महत्या कर ली। शरद बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति एवं परिवहन उपक्रम (बेस्ट) में परिचालक के पद पर कार्यरत था। उसे कुछ समय पहले निलंबित कर दिया गया था। वहीं निलंबित होने के बाद वह काफी अवसाद में था। शरद का बेटा भावेश बुधलार दोपहर को स्कूल से घर आया। इसके बाद शरद ने तार से अपने बेटे का गला घोंट दिया और फिर जमीन पर पटक कर मौत के घाट उतार दिया। वहीं बेटे की हत्या के बाद शरद ने दूसरे कमरे में जाकर फांसी लगा ली। इस घटना में दोनों की मौत हो गई।

# नागपुर में युवक ने की प्रेमिका की हत्या

- घटना सीसीटीवी में पूरी घटना कैद
- प्रेमिका के चरित्र पर उसे था शक

**नागपुर।** नागपुर में चरित्र संदेह के चलते 24 वर्षीय युवक ने अपनी 34 वर्षीय प्रेमिका की लोहे के रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी। यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना गिट्टीखदान थाना क्षेत्र की है, जहां हेमलता वैद्य अपनी आठ वर्षीय बेटी के साथ रहती थी। हेमलता विवाहित थी, लेकिन कोरोना महामारी के दौरान उनके पति का निधन हो गया था। इसके बाद वह एक बिल्डर के पास काम कर रही थी। हेमलता का प्रेमी अक्षय दाते(24) उसके चरित्र पर संदेह करता था। बिल्डर के यहां काम करने के कारण हेमलता अक्सर ग्राहकों से फोन पर बातचीत करती थी, जिससे अक्षय को शक होता था। इसी संदेह के चलते अक्षय ने हेमलता की हत्या की योजना बनाई और लोहे की रॉड से उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि अक्षय लोहे की रॉड से तब तक हमला करता रहा जब तक कि हेमलता की मौत नहीं हुई।



### फरार युवक गिरफ्तार

वारदात को अंजाम देने के बाद अक्षय मौके से भाग गया था, लेकिन नागपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे अमरावती जिले के तिवसा से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब इस मामले की गहन जांच कर रही है, ताकि हत्या के पीछे के पूरे सच का पता लगाया जा सके और आरोपी को कानून के तहत कड़ी सजा दिलाई जा सके।

# नालासोपारा पूर्व में सड़कें खस्ताहाल



- गटर के खुले ढक्कन दे रहें हादसो को दावत
- कई फुटपाथ से गटर के ढक्कन गायब

**नालासोपारा।** वसई विरार शहर महानगर पालिका अधिकारियों की लापरवाही के चलते राहगीरों के लिए फुटपाथ पर चलना किसी खतरे से कम नहीं है। नालासोपारा पूर्व क्षेत्र में ज्यादातर सड़कों के फुटपाथ पर गटर का ढक्कन नहीं होने से आए दिन राहगीर हादसे का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों के मुताबिक गटर का ढक्कन कई महीनों से खुला हुआ है, जिसकी वजह से क्षेत्र में आए दिन हादसे होते रहते हैं। बारिश मानसून के पहले राहगीरों की सुरक्षा के लिए टूटे हुए गटर का ढक्कन जल्द लगाना चाहिए। नालासोपारा पूर्व क्षेत्र में कई फुटपाथ से गटर का ढक्कन गायब है। नालासोपारा पूर्व के संतोष भुवन, विलालपाड़ा, नागिनदास पाडा, प्रगतिनगर, आचोले रोड के आई जीवदानी वड़ापाव के सामने, अग्रवाल नगरी फायर ब्रिगेड, संयुक्त नगर, तालाठी रोड के चांदनी ज्वेलर्स, अजय शापिंग सेंटर आदि स्थानों पर फुटपाथ पर लगे ढक्कन टूटकर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। राहगीरों के दर्द को स्थानीय जनप्रतिनिधि और मनपा अधिकारी कब समझेंगे। राज नीतिक पार्टियों को सिर्फ जनता का वोट चाहिए, उन्हें जनता के तकलीफों से कोई सरोकार नहीं है। नालासोपारा पूर्व के ज्यादातर फुटपाथ टूटे फूटे दयनीय अवस्था में हैं। नागरिकों ने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रशासन की उदासीनता से आम जनता को रोजमर्रा की बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। बार- बार शिकायतों के बावजूद मनपा अधिकारी इस शिकायत पर ध्यान नहीं देते हैं। व्याप्त भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के कारण ही यह ढक्कन टूटे हुए है।इन टूटे हुए ढक्कनों पर वसई विरार शहर महा नगर पालिका अधिकारियों का ध्यान नहीं जा रहा है।



# मुर्गियां ले जा रहा ट्रक दुर्घटनाग्रस्त




**ठाणे।** नासिक-मुंबई हाईवे पर साकेत ब्रिज के पास गुरुवार की सुबह छह बजे मुंबई की ओर जा रहे एक आयशर कंपनी के ट्रक की टक्कर हो गई। ट्रक बी चिकन ट्रेडिंग कंपनी से संबंधित है। इस ट्रक में 1,600 मुर्गियां लेकर ड्राइवर अब्दुल बारिक अलीफाटा से वसंत विहार जा रहा था। इस बीच, साकेत ब्रिज के पास ट्रक चालक ने नियंत्रण खो दिया और सड़क के किनारे खड़े एक ट्रक को टक्कर मार दी,जहां निर्माण कार्य चल रहा था। टक्कर में आयशर ट्रक के चालक अब्दुल बारिक (40) की मौत हो गई। वसंत विहार ठाणे, फैजुल अली (30) वसंत विहार एवं राजेश गौड़ (27) वसंत विहार ठाणे, एक दुर्घटना के बाद वह एक ट्रक में फंस गया था। तीनों में से अब्दुल और फैजल को इलाज के लिए एम्बुलेंस द्वारा ठाणे के जिला सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजेश गौड़ (27) वसंत विहार को इलाज के लिए नजदीकी छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में भर्ती कराया गया।



# पालघर सांसद डा. हेमंत सवरा ने किया दौरा

**▸▸ बेमौसम बारिश से तटीय इलाकों में पहुंचा नुकसान**
**▸▸ बड़े पैमाने पर नावें, जाल, मछली पकड़ने के उपकरण क्षतिग्रस्त**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**नालासोपारा।** बेमौसम बारिश से तटीय इलाकों में मछुआरों के साथ-साथ जिले के अन्य हिस्सों में घरों और खेती को बड़ा नुकसान पहुंचा है,जिसे लेकर पालघर सांसद डॉ. हेमंत सवरा ने निरीक्षण किया और विशेष आर्थिक पैकेज की मांग भी की है। सांसद कार्यालय के अनुसार,पालघर जिले में बेमौसम बारिश के कारण तटीय इलाकों में मछुआरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नावें, जाल, मछली पकड़ने के उपकरण बड़े पैमाने पर क्षतिग्रस्त हो गए हैं और कई परिवारों के घरों की छतें उड़ गई हैं। इस पृष्ठभूमि में पालघर के सांसद डॉ. हेमंत सवरा ने घटनास्थल का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। सांसदों ने मछुआरों से बातचीत की और उनकी समस्या जानी तथा क्षतिग्रस्त नावों और उपकरणों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशासन को तत्काल पंचनामा तैयार कर मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। सांसद डॉ.सवरा ने कहा कि "मछुआरा समुदाय आर्थिक रूप से बहुत मेहनती है। ऐसी आपदा के समय सरकार का उनके साथ मजबूती से खड़ा होना जरूरी है। वर्तमान सरकारी नियमों के तहत क्षतिग्रस्त नावों और अन्य पीड़ितों को दी जाने वाली सहायता बहुत अपर्याप्त है। इसलिए, इन पीड़ितों को उचित मुआवजा मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए मैंने व्यक्तिगत रूप से मुख्यमंत्री और मत्स्य मंत्री से मांग की है कि चक्रवात तौकते के दौरान जिस तरह से विशेष वित्तीय सहायता की घोषणा की गई थी, उसी तरह एक विशेष वित्तीय पैकेज की घोषणा की जाए। मैं आगे भी इस पर नजर रखूंगा ताकि सहायता का रास्ता जल्दी खुल सके।" साथ ही जिले के अन्य तालुकाओं में भी मकानों और कृषि को हुए नुकसान की भी गंभीर बात कही है। उन्होंने यह भी कहा कि वे इन स्थानों पर भी तत्काल पंचनामा कर सरकारी आर्थिक सहायता दिलाने का प्रयास कर रहे हैं। इस दौरे के दौरान मछुआरा संगठनों के पदाधिकारी, स्थानीय ग्रामीण और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

# विरार से गांजा तस्कर गिरफ्तार



**नालासोपारा।** क्राइम ब्रांच सेल 3, विरार टीम ने विरार पूर्व, चंदनसार,कातकरी पाड़ा में जाल बिछाकर आकाश अजीत जाधव (30) नामक शख्स के पास से तीन लीख रुपए से अधिक मूल्य के 10 किलो सौ ग्राम गांजा जब्त किया हैं। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ विरार पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज किया गया हैं। उक्त कार्रवाई क्राइम ब्रांच सेल 3 के पुलिस निरीक्षक शाहूराज रनवरे व सहायक पुलिस निरीक्षक सुहास कांबले की पुलिस टीम ने किया हैं।

# नासिक मनपा का नया संचालन केंद्र

**▸▸ दिव्यांग कल्याण योजनाओं का क्रियान्वयन 13 से**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नासिक।** नासिक महानगरपालिका के समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग कल्याण की विभिन्न योजनाएं चलाई जाती हैं। इन योजनाओं का क्रियान्वयन मनपा मुख्यालय राजीव गांधी भवन से किया जाता है। मनपा आयुक्त तथा प्रशासक, नासिक मनपा द्वारा दो मई को दिए गए अनुमोदन आदेश के अनुसार, 13 मई से दिव्यांग कल्याण योजनाओं का क्रियान्वयन "अटल दिव्यांग स्वाभिमान भवन," श्री वल्लभ नगर, छान होटल के पीछे, मुंबई नाका से किया जाएगा। अतः नासिक मनपा क्षेत्र के सभी दिव्यांगजन, दिव्यांगों के कल्याण के लिए कार्यरत संस्थाएं तथा उनके पदाधिकारियों से अनुरोध किया जाता है कि वे यह ध्यान रखें कि नासिक मनपा से संबंधित दिव्यांग कल्याणकारी योजनाओं का संपूर्ण कार्य अब उपरोक्त "अटल दिव्यांग स्वाभिमान भवन," श्री वल्लभ नगर, छान होटल के पीछे, मुंबई नाका से किया जाएगा।



12वीं (HSC) परीक्षा में सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई।

- आप सभी विद्यार्थियों की सफलता को यादगार बनाने के लिए जागरूक टाइम्स ने आप विद्यार्थियों की सफलता को लोगों तक पुहंचाने का संकल्प लिया है।
- समाचार पत्र के अगले अंक में प्रकाशानार्थ आप अपनी पासपोर्ट साइज फोटो एवं अपेक्षित विवरण jagruktimes@gmail.com मेल अथवा 9930850102 पर व्हाट्सएप्प करें।

धन्यवाद।

# आर्सेनिक प्रदूषण का मौके पर पता लगाएगा मोबाइल सेंसर

## ▶▶ आईआईटी की टीम ने साफ और सुलभ पानी को कम लागत में किया विकसित

**जोधपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर में सुरक्षित और सुलभ पेयजल सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के डा. महेश कुमार और उनकी टीम ने जल स्रोतों में आर्सेनिक प्रदूषण का मौके पर ही पता लगाने के लिए कम लागत में किया विकसित। सबसे गंभीर वैश्विक पर्यावरणीय और स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक भूजल में आर्सेनिक विषाक्तता जानलेवा बीमारियों का कारण बनती है। इसके लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर के शोधकर्ताओं की एक टीम ने पीने के पानी में आर्सेनिक प्रदूषण का मौके पर ही पता लगाने के लिए एक कम लागत वाला नया मोबाइल सेंसर विकसित किया है। सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक को कम करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है।



### हर साल 43,000 मौत आर्सेनिक विषाक्तता से जुड़ी

नए डिजाइन किए गए इस उपकरण को जटिल प्रयोगशाला बुनियादी ढांचे या कुशल कर्मियों की आवश्यकता नहीं है और इसे सीधे क्षेत्र में संचालित किया जा सकता है। आईओपी पब्लिशिंग के जर्नल नैनोटेक्नोलॉजी में प्रकाशित लेख के अनुसार नया डिवाइस को पानी की गुणवत्ता की रियल टाइम निगरानी में सहायक है। भारत के विभिन्न भागों और विश्वस्तर पर व्याप्त आर्सेनिक संदूषण, त्वचा के घावों, कैंसर और हृदय संबंधी समस्याओं सहित गंभीर स्वास्थ्य प्रभावों का कारण बनता है। यहाँ तक कि बहुत कम जोखिम विभिन्न स्तरों पर भी।

### वैज्ञानिक सटीकता और जमीनी स्तर पर उपयोगिता

महेश कुमार ने बताया कि हमारा उद्देश्य एक ऐसा समाधान तैयार करना था जो वैज्ञानिक सटीकता और जमीनी स्तर पर उपयोगिता को जोड़ता हो। सेंसर को सर्किट बोर्ड और एक आरडुईनो मॉड्यूल के साथ एकीकृत करके, हमने वास्तविक समय में पता लगाने के लिए एक कॉम्पैक्ट और पोर्टेबल टूल बनाया है। हम इस नवाचार की कल्पना करते हैं जिससे समुदायों को सुरक्षित पानी तक पहुँच प्राप्त करने और आर्सेनिक के संपर्क से उत्पन्न होने वाली जीवन के लिए खतरा पैदा करने वाली स्थितियों को रोकने में मदद मिलेगी।

# गलती से दूसरे अकाउंट में गए पैसे, लौटाने से इंकार

**जोधपुर।** जोधपुर पुलिस की साइबर सेल ने गलती से दूसरे अकाउंट में भेजी गई पूरी राशि रिफंड करवाई है। साइबर सेल ने तत्परता दिखाते हुए पहले राशि को होल्ड करवाया और फिर उसके बाद बैंक से राशि रिफंड करवाई। जोधपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने बताया कि बालेसर के रहने वाले परिवादी ढल्लाराम ने गलती से दूसरे के खाते में 26,000 रुपए भेज दिए। इस संबंध में परिवादी ने फोन करके उस व्यक्ति से संपर्क किया, जिसके खाते में रुपए ट्रांसफर हुए थे। लेकिन उस व्यक्ति ने रुपए वापिस लौटाने से मना कर दिया। परिवादी ने 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर सेल ने 26 हजार रुपए होल्ड करवा दिए। बालेसर पुलिस थाना ने संबंधित बैंक से संपर्क कर परिवादी को पूर्ण राशि रिफंड करवाई। जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उप अधीक्षक साइबर सेल रतनसिंह के सुपरविजन में कॉन्स्टेबल पुखराज व दयालसिंह ने कार्रवाई करके राशि रिफंड करवाई है। साइबर क्राइम की 1930 पर करें शिकायत साइबर सेल ने सलाह दी है कि किसी को भी ऑनलाइन यूपीआई पेमेंट करने से पहले सामने वाले को एक रूपया ट्रांसफर कर चैक कर लें कि राशि सही व्यक्ति को खाते में पहुंची या नहीं। इसके बाद ही बाकी राशि ट्रांसफर करें। साइबर क्राइम या फ्रॉड की घटना होने पर 1930 पर कॉल या cybercrime.gov.in पर लॉगिन कर तुरंत शिकायत दर्ज करावें।




- साइबर सेल ने राशि होल्ड करवाकर वापस दिलवाई

# जैसलमेर में पारा 38 डिग्री पार

- आंधी-बारिश का येलो अलर्ट
- 30-50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलेगी हवा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले में पिछले दिनों मौसम में हुए बदलाव के बाद तापमान में उतार चढ़ाव का दौर जारी है। पिछले तीन दिनों से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। वहीं न्यूनतम तापमान में उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को जिले में आंधी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

कृषि मौसम वैज्ञानिक अतुल गालव के अनुसार शुक्रवार को आंधी, मेघगर्जन, वज्रपात व 40 से 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से झोंकेदार हवा चलने की संभावना है। इस साल अप्रैल महीने में हीटवेव से बढ़ी गर्मी ने अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। यहां तक की पारा 46 डिग्री के पार चला गया था। देश में भी सर्वाधिक गर्म शहर जैसलमेर रहा था।

लेकिन मई की शुरुआत में ही आंधी बारिश ने मौसम की गर्मी उतार दी। जिससे तापमान लुढ़ककर 33 डिग्री पर आ गया था। अब धीरे धीरे तापमान में बढ़ोतरी हो रही है।



### ▶▶ बुधवार को दो डिग्री बढ़ा तापमान

बुधवार को सुबह से ही मौसम साफ रहा। साथ ही हल्के बादल भी छाए रहे। इसके साथ ही हवा भी चली। दोपहर में तेज धूप खिली रही। हालांकि पारा सामान्य से कम होने के कारण भीषण गर्मी से राहत मिली हुई है। बुधवार को दिन के पारे में दो डिग्री की बढ़ोतरी हुई। वहीं रात का पारा एक डिग्री गिर गया। अधिकतम तापमान 38.3 डिग्री व न्यूनतम तापमान 24.3 डिग्री दर्ज किया गया। दिन व रात के पारे में 14 डिग्री का अंतर रहा।

### ▶▶ 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी हवा

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार गुरुवार से फिर से मौसम में बदलाव होने के साथ ही तापमान में गिरावट होगी। जिले में गुरुवार से आंधी बारिश की गतिविधियां शुरू होने की संभावना है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को जिले में आंधी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। कृषि मौसम वैज्ञानिक अतुल गालव के अनुसार गुरुवार को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आंधी, मेघगर्जन, वज्रपात व 30 से 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाचलने की संभावना थी। वहीं शुक्रवार को आंधी, मेघगर्जन, वज्रपात व 40 से 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है।

# बाड़मेर : सुरक्षा कारणों से स्कूलों में अवकाश

**बाड़मेर।** पाकिस्तान पर हुई एयर स्ट्राइक के बाद बाड़मेर में सुरक्षा कारणों के चलते 12वीं क्लास तक की सभी सरकारी और प्राइवेट, स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों में आठ मई से छुट्टी घोषित कर दी गई है। आगामी आदेशों तक स्टूडेंट्स की छुट्टी रहेगी। दरअसल, गृह विभाग ने आपदा प्रबंधन के लिए राज्य के सभी जिला कलेक्टर को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सभी अस्पतालों में हर प्रकार की दवाइयां और डाक्टर उपलब्ध रखने को कहा है। ब्लड बैंक में खून भी पर्याप्त मात्रा में रखनी है। पंपों पर तेल-डीजल का भी पर्याप्त स्टॉक रखने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि आठ मई से होने वाली गृह, समान परीक्षा को भी आगामी आदेश तक स्थगित किया गया है। जिला कलक्टर ने जिले के समस्त संस्था प्रधानों को निर्देशित किया है कि इन आदेशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें। समस्त संस्था प्रधान, कार्मिक स्कूल समय अनुसार उपस्थित रहेंगे। यदि किसी संस्था प्रधान की ओर से इन आदेशों की अवहेलना की जाती हैं, तो उसके विरूद्ध आपद प्रबंधन अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। कलेक्टर ने बाड़मेर जिले में रात 12 से सुबह चार बजे तक पूर्णतया ब्लैक आउट रखा जाना है।

### ▶▶ संस्था प्रधान, कार्मिकों को आना होगा



### सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डाली तो सख्त कार्रवाई

सोशल मीडिया पर देश के विरुद्ध भड़काऊ पोस्ट करने और कंटेंट पर तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री का भी इंतजाम करके रखना है। जो गांव बॉर्डर पर हैं, उन गांवों के लिए आपात योजना तैयार रखने को कहा गया है। अस्पताल, पावर प्लांट, तेल व गैस डिपो और पाइपलाइन, धार्मिक स्थल आदि की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा गया है। जिला कलक्टर एवं जिला आपदा एवं आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्ष टीना डाबी ने आपदा अधिनियम 2005 के अध्याय चार की धारा 30 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग किया गया। बाड़मेर जिले में राष्ट्रीय सुरक्षा एवं आपातकालीन की स्थिति के मद्देनजर स्कूली बच्चों के सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में बाड़मेर जिले के कक्षा 12वीं तक की स्कूलों की छुट्टियां की गई है। इसमें समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय स्कूल, शिक्षण संस्थान, सीबीएसई स्कूल, आंगनवाडियों, मदरसों के विद्यार्थियों का आठ मई से आगामी आदेश तक अवकाश घोषित किया है।

## जोधपुर जिले के सभी स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी

**जोधपुर।** मौजूदा हालात को देखते हुए जोधपुर कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने बुधवार देर रात दो अलग-अलग आदेश जारी कर आठ मई (गुरुवार) से आगामी आदेश तक जोधपुर जिले की सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूल, कॉलेज, आंगनवाड़ी, कोचिंग इंस्टीट्यूट में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स के लिए अवकाश घोषित। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि सभी शैक्षिक व गैर-शैक्षिक कर्मचारी स्कूल-कॉलेजों व निजी कोचिंग संस्थान में उपस्थित रहकर विभागीय कार्यों का निर्वहन करेंगे। इसके साथ ही आठ मई से आगामी दिनों में होने वाली सभी तरह की परीक्षाएं भी स्थगित कर दी गई है। कलेक्टर अग्रवाल ने अपने इन आदेश में सभी शिक्षण संस्थानों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इन आदेशों की पालना सुनिश्चित करें, अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## जैसलमेर में अगले आदेश तक सभी स्कूलें बंद

- रात 12 से सुबह चार बजे तक रहा ब्लैक आउट
- बॉर्डर पर हाई अलर्ट

**जैसलमेर।** जैसलमेर में ऑपरेशन सिंदूर के बाद से प्रशासन अलर्ट मोड पर काम कर रहा है। मॉक ड्रिल हो या फिर ब्लैक आउट का अभ्यास हो, प्रशासन सभी तरफ से जनता और प्रशासन को विपरीत हालातों के लिए तैयार कर रहा है। अब अगले आदेश के आने तक सभी स्कूल बंद रहेंगे। वहीं बुधवार रात कलेक्टर ने 12 बजे से सुबह चार बजे तक घरों की लाइट आदि बंद रखने के आदेश जारी किए। इससे पहले रात 8.30 बजे से 8.45 बजे तक ब्लैक आउट हुआ था। लेकिन रात करीब 12 बजे सभी को आदेश दिए गए कि वे सभी अपने अपने घरों की लाइट आदि चार घंटे के लिए बंद रखें और ब्लैक आउट का सहयोग करें। इस दौरान सभी स्ट्रीट लाइट आदि भी बंद किए गए। बॉर्डर पर हाई अलर्ट गौरतलब है कि पाकिस्तान पर हुई एयर स्ट्राइक के बाद राजस्थान में हाई अलर्ट जारी किया गया है। सुरक्षा कारणों से किशनगढ़ और जोधपुर एयरपोर्ट से 10 मई तक सभी फ्लाइट्स ऑपरेशन बंद किए गए हैं। मौजूदा हालात को देखते हुए उत्तर-पश्चिम रेलवे ने अपने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द की हैं। वहीं जैसलमेर के सभी सरकारी-प्राइवेट स्कूलों और आंगनबाड़ी में आगामी आदेशों तक छुट्टियां रहेंगी। कलेक्टर को दिशा-निर्देश जारी गृह विभाग ने आपदा प्रबंधन के लिए राज्य के सभी जिला कलेक्टर को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सभी अस्पतालों में हर प्रकार की दवाइयां और डाक्टर उपलब्ध रखने को कहा है। ब्लड बैंक में खून की पर्याप्त मात्रा रखी जाए। सोशल मीडिया पर देश के विरुद्ध भड़काऊ पोस्ट करने और कंटेंट पर तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाए। पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री की व्यवस्था रखी जाए। जो गांव बॉर्डर पर हैं, उन गांवों के लिए आपात योजना तैयार रखने को कहा है। अस्पताल, पावर प्लांट, तेल व गैस डिपो और पाइपलाइन, धार्मिक स्थल आदि की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की जाए।

## मुंबई मेटल मार्केट

| मेटल | आज का | पूर्व बंद |
|---|---|---|
| कॉपर वायर बार | 865 | 872 |
| एल्युमिनियम इन्गॉट | 234 | 235 |
| जिंक स्लैब | 250 | 251 |
| लीड इन्गॉट | 182 | 182 |
| टिन स्लैब | 2756 | 2763 |
| निकल | 1350 | 1352 |
| सभी दरें रूपए प्रति किलो में है। | | |
| कॉपर केबल स्क्रेप | 835 | 837 |
| कॉपर हैवी स्क्रेप | 825 | 826 |
| कॉपर आर्मेचर | 814 | 816 |
| कॉपर यूटेंसिल्स | 745 | 747 |
| कॉपर सीट | - | - |
| ब्रास यूटेंसिल्स | 543 | 548 |
| ब्रास सीट कटिंग्स | 582 | 587 |
| एल्युमिनियम | 198 | 195 |

लंदन मेटल मार्केट
तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)

| धातु | आज का भाव | स्टॉक (टन में) वृध्दि+/कमी- |
|---|---|---|
| कॉपर | 9,450 | +300 |
| टिन | 32,021 | +0 |
| लीड | 1,939 | -1550 |
| जिंक | 2,587 | -750 |
| एल्युमिनियम | 2,407 | -2000 |
| निकल | 15,599 | -1470 |

# व्यापार जगत

# रिटेल महंगाई 3% से नीचे आने का अनुमान

### ▶▶ अप्रैल में सब्जियां 34%, दालें 15% सस्ती

**मुंबई।** ऊंची ब्याज दरों से राहत के बाद महंगाई से भी राहत मिलने लगी है। बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) की एक रिसर्च रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि अप्रैल की रिटेल महंगाई दर 3% से नीचे रह सकती है। ऑफिशियल डेटा अगले हफ्ते मंगलवार (13 मई) को जारी होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि हाल के हफ्तों में खाने की चीजों, विशेष रूप से सब्जियों के दाम 34% तक और दालों के भाव 15% तक घटे हैं। हालांकि खाने के तेल के दाम 30% तक बढ़े हैं।



### लोन और सस्ते होने की उम्मीद बढ़ी

रिपोर्ट में कहा गया है कि महंगाई घटने से रिजर्व बैंक के लिए नीतिगत दरें और घटाने की गुंजाइश बनेगी। जून की बैठक में रेपो रेट में पहले (0.25%) से ज्यादा कटौती हो सकती है। टमाटर, प्याज, आलू उत्पादक राज्यों में गर्मी कम होने से उत्पादन बढ़ेगा, भाव और घट सकते हैं।

### मार्च में महंगाई छह साल के निचले स्तर पर

मार्च में रिटेल महंगाई घटकर 3.34% रही। इससे पहले अगस्त 2019 में महंगाई 3.28% पर थी। यह पांच साल सात महीने के निचले स्तर पर आ गई है। मार्च से एक महीने पहले यानी, फरवरी में महंगाई 3.61% पर थी। महंगाई के बास्केट में लगभग 50% योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महंगाई महीने-दर-महीने आधार पर 3.75% से घटकर 2.67% हो गई है। वहीं ग्रामीण महंगाई 3.79% से घटकर 3.25% और शहरी महंगाई 3.32% से बढ़कर 3.43% हो गई है।

# पेट्रोल-डीजल की ताजा कीमतें जारी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है लेकिन क्या घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर इसका असर पड़ा है? इसका जवाब तेल कंपनियों ने अपनी वेबसाइट पर अपडेट कर दिया है। आठ मई के लिए पेट्रोल और डीजल के भाव को जारी कर दिया गया है। तेल कंपनियों की वेबसाइट पर अपडेट की गई कीमतों के मुताबिक, पेट्रोल और डीजल की कीमतें वही हैं और आज भी कोई बदलाव नहीं किया है। हालांकि कुछ दिन पहले सरकार ने एक्साइज ड्यूटी को बढ़ा दिया था लेकिन इसका असर पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर नहीं दिखा था। बता दें कि देश की ऑयल मार्केटिंग कंपनियां पेट्रोल और डीजल की कीमतों को जारी करती हैं। हालांकि, आखिरी बार मार्च 2024 को पेट्रोल और डीजल की कीमतों को संशोधित किया गया था। इस दौरान पेट्रोल और डीजल की कीमतों को दो-दो रुपए प्रति लीटर की दर से संशोधित किया गया था लेकिन इसके बाद से कोई राहत नहीं दी। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया जैसी कंपनी अपनी वेबसाइट पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों को जारी करती हैं।



दिल्ली समेत दूसरे शहरों का हाल

| शहर | पेट्रोल | डीजल |
|---|---|---|
| दिल्ली | 94.72 | 87.62 |
| मुंबई | 103.44 | 89.97 |
| कोलकाता | 103.94 | 90.76 |
| चेन्नई | 100.85 | 92.44 |
| बेंगलुरु | 102.86 | 91.02 |
| लखनऊ | 94.65 | 87.76 |
| नोएडा | 94.87 | 88.01 |
| गुरुग्राम | 95.19 | 88.05 |
| चंपडीगढ़ | 94.24 | 82.40 |
| पटना | 105.18 | 92.04 |

## आप का राशिफल 9 मई

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-1-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक-2-4-6

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): अपने संघर्ष में स्वयं के आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। शुभांक-2-5-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-6-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। शुभांक-4-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-1-5-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा। शुभांक-2-5-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-3-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-7-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शुभांक-3-5-7

# सोना 1,402 घटकर 96,024 पर आया

**नई दिल्ली।** इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,402 घटकर 96,024 रुपए पर आ गया है। कल सोने की कीमत 97,426 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत आज 1,174 रुपए गिरकर 94,600 रुपए प्रति किलो पर आ गई है।



- इस साल सोने का दाम 26%, चांदी 10% महंगी

बुधवार को चांदी का भाव 95,774 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

### चार महानगरों में सोने की कीमत

- **दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 91,450 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 99,750 रुपए है।
- **मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 91,300 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 99,600 रुपए है।
- **कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 91,300 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 99,600 रुपए है।
- **चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 91,300 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 99,600 रुपए है।

# पाकिस्तान के साथ टेंशन से सहमा शेयर बाजार, सेंसेक्स 400 अंक से ज्यादा गिरा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान और भारत के बीच टेंशन से गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार भी सहम गया। सुबह जहां यह हरे निशान पर खुला था, वहीं शाम को यह लाल निशान पर बंद हुआ। सेंसेक्स 411.97 अंकों की गिरावट के साथ 80,334.81 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 50 में भी गिरावट आई। यह 140.61 अंक लुढ़कर 24,273.80 पर बंद हुआ। इससे पहले सेंसेक्स गुरुवार सुबह 165.56 अंकों की तेजी के साथ 80,912.34 अंक पर खुला था। दिन के कारोबार के दौरान यह 80,927.99 अंक पर पहुंच गया था। लेकिन बाद में बिकवाली के कारण इसमें गिरावट आ गई। बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 5.69 लाख करोड़ रुपए घटकर 418.50 लाख करोड़ रुपए हो गया। फाइनेंशियल सेक्टर में सबसे ज्यादा गिरावट आई। यह सेक्टर 1% से ज्यादा गिर गया। एचडीएफसी बैंक के शेयर में भी गिरावट आई। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में एयर डिफेंस रडार और सिस्टम को निशाना बनाया। इससे बाजार में और गिरावट आई। छोटे और मझोले आकार की कंपनियों के शेयरों में भी गिरावट आई।



### पाक शेयर बाजार में 6% की गिरावट

आठ मई पाकिस्तानी शेयर बाजार में 6,948 (6.32%) की गिरावट है। ये 103,060 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। शुरुआती कारोबार में इसमें करीब 1.5% की तेजी थी। सात मई को भारत की ओर से स्ट्राइक के बाद कराची-100 इंडेक्स 3,556 अंक (3.13%) गिरकर 110,013 के स्तर पर बंद हुआ।

# कामयाब रहा ब्लैक आउट का अभ्यास

*जागरूक टाइम्स संवाददाता*

*भीनमाल। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति को देखते हुए बुधवार रात 9.30 से 9.45 बजे तक जिला कलक्टर प्रदीप के गावड़े व एसपी ज्ञानचंद्र यादव के निर्देश तथा भीनमाल एसडीएम मोहित कासनियां के सुपरवीजन में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में ब्लैक आउट का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे शहर की लाइटें बंद रही। लोगों ने सकारात्मक सहयोग करते हुए घरों में लाइट बंद रखी। वाहन चालकों ने वाहन एक तरफ खड़े कर लाइटें बंद कर दी। पुलिस उप अधीक्षक अन्नराजसिंह राजपुरोहित, तहसीलदार नीरजा कुमारी, नायब तहसीलदार मीठाराम जोशी, थानाधिकारी रामेश्वरलाल भाटी व अधिशाषी अधिकारी तेजराज भंडारी आदि मुस्तैद रहे।*



**जसवंतपुरा।** उपखंड प्रशासन व पुलिस प्रशासन की ओर से बुधवार रात को मॉक ड्रिल (ब्लैकआउट अभ्यास) का सफल आयोजन किया गया। यह मॉक ड्रिल रात 9.30 से 9.45 बजे तक चला। इस दौरान पूरा कस्बा पूर्ण अंधेरे में रहा। अभ्यास से पूर्व प्रशासन ने गांव समेत आस-पास में मुनादी (भोंपू) और अन्य माध्यमों से सूचित किया था। प्रशासन द्वारा मॉक ड्रिल के उद्देश्यों और दिशा-निर्देशों की पूर्व जानकारी लोगों को दी गई थी। जिससे सभी को प्रक्रिया की स्पष्ट समझ मिल सके। ड्रिल के दौरान देखा गया कि आमजन ने प्रशासन के निर्देशों का पूरा पालन किया। कस्बे के हर घर, दुकान, गली, चौराहे और खेतों में अंधेरा छा गया। कहीं भी कोई रोशनी नजर नहीं आई। यह स्थिति पूरी तरह एक वास्तविक आपातकाल की तस्वीर पेश कर रही थी। जैसे कोई युद्धकालीन स्थिति हो। प्रशासन की मंशा थी कि सीमावर्ती क्षेत्र के लोग ऐसी परिस्थितियों में किस तरह संयम और सावधानी बरतें, उसका पूर्वाभ्यास कराया जाए। उपखंड अधिकारी और थानाधिकारी स्वयं जायजा लेते रहे। उन्होंने लोगों के सहयोग की सराहना की और कहा कि कस्बे के नागरिकों ने अनुशासन और जिम्मेदारी का बेहतरीन परिचय दिया है। ग्रामीणों ने भी कहा कि इस तरह के अभ्यास समय-समय पर होते रहने चाहिए ताकि वे किसी भी आपात स्थिति के लिए मानसिक रूप से तैयार रहें। प्रशासन ने मॉक ड्रिल की समीक्षा के बाद कहा कि भविष्य में और भी योजनाबद्ध तरीके से ऐसे अभ्यास होंगे और इसे और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा। ताकि ग्रामीण क्षेत्र भी पूर्ण रूप से शामिल हो सकें। यह मॉक ड्रिल न केवल सफल रही, बल्कि यह भी साबित हुआ कि सीमावर्ती क्षेत्र के लोग जागरूक, देशभक्त और सतर्क हैं, जो हर स्थिति में प्रशासन और देश के साथ खड़े रहने को तैयार हैं।

# गौचर भूमि पर कब्रिस्तान आवंटन के प्रस्ताव से रोष

## ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज जताया विरोध

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत जाखल के डेडवा गांव में गौचर भूमि पर कब्रिस्तान के लिए भूमि आवंटन के प्रस्ताव का ग्रामीणों ने विरोध किया है। ग्रामीणों और वार्डपंचों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर के प्रतिनिधि को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया कि 9 नवंबर 2021 को ग्राम पंचायत द्वारा जो प्रस्ताव पारित किया गया, वह बिना कोरम के और पंचायत नियमों के विरुद्ध पारित किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि प्रस्ताव में कई वार्डपंचों के फर्जी हस्ताक्षर हैं और आमसभा में आवश्यक संख्या में मतदाता उपस्थित नहीं थे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि इस विवादित प्रस्ताव को रद्द नहीं किया गया तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। साथ ही, उन्होंने प्रशासन को आगाह किया है कि इस तरह के निर्णयों से सामाजिक सौहार्द पर विपरीत असर पड़ सकता है।



ग्रामवासियों की मांग है कि प्रस्ताव की निष्पक्ष जांच करवाई जाए और गोचर भूमि की रक्षा सुनिश्चित की जाए। इस दौरान मोहनलाल विश्नोई, सुजानाराम, मदनलाल, भैराराम, नेनाराम सहित कई लोग मौजूद रहे।

# सावीधर में प्याऊ का शुभारंभ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** राउमावि सावीधर में पंखुदेवी मिश्रीमल जानूजी राजपुरोहित की स्मृति में नवनिर्मित प्याऊ का उदघाटन गजीपुरा महंत प्रेमभारती, हनुमान मंदिर सावीधर महंत राजगिरी व दंडी स्वामी आश्रम खांडादेवल के तीर्थानंद के सानिध्य में हुआ। दानदाता मिश्रीमल राजपुरोहित ने बताया कि छात्रों व आमजन के शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है। भाजपा नेता छगनलाल पुरोहित देलवाड़ा, जेपाराम, बहादुरसिंह, चूनाराम जाट, गणपतलाल, ओटाराम, जैसाराम, भंवरलाल, गोविंद पुरोहित, मोहनलाल, नटवरलाल, जवाराम, मंगलाराम, भीमराज, करमीराम व लीलाराम आदि मौजूद थे।

# गिव-अप अभियान के तहत 240 को थमाए नोटिस

## 31 मई तक अपात्र लाभार्थी हटा सकेंगे अपना नाम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत चयनित सक्षम व्यक्तियों से नाम पृथक करवाने के लिए 31 मई तक 'गिव-अप अभियान' चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में अब तक 240 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी किए गए हैं। जिला रसद अधिकारी एवं जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी आलोक झरवाल ने बताया कि जिले में अब तक 4, 862 परिवारों एवं 16, 384 सदस्यों ने अपने नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटवाने के लिए आवेदन किए हैं। 1,346 परिवारों ने अपने नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटवाने के लिए ऑनलाइन विभागीय वेबसाइट से आवेदन किए।

### नाम नहीं हटाया तो होगी कार्रवाई

जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी झरवाल ने बताया कि जो व्यक्ति 31 मई तक अपना नाम योजना से नहीं हटाएंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे व्यक्तियों से उनके द्वारा प्राप्त खाद्यान्न की बाजार दर से वसूली की जाएगी व आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधानों के तहत उनके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# खाद्य व्यापार संघ ने की स्वच्छता पर चर्चा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** खाद्य व्यापार संघ की बैठक गुरुवार को स्थानीय कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में स्थानीय खाद्य व्यापारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर शुक्रवार को प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिसका उद्देश्य स्थानीय खाद्य व्यवसायियों को स्वच्छता और साफ-सफाई के प्रति जागरूक करना है। यह शिविर सवेरे दस बजे मोदी मेवा मार्ट, केदार नाडी, रावण चौक के सामने, गायत्री मंदिर रोड, भीनमाल में आयोजित किया जाएगा।



# शिविर में की मरीजों की जांच

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** रायपुर में तारा संस्था व एसबीआइ फाउंडेशन के सयुंक्त तत्वावधान में सबरी एकलव्य विकास संस्था द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें नेत्र विशेषज्ञ पदमा शर्मा ने मरीजों को बारीकी से जांच करके उपयोगी जानकारी दी गई। शिविर प्रभारी नटवरसिंह ने बताया कि उपचार के लिए वाहन के माध्यम से मरीजों को उदयपुर लेकर गए तथा ऑपरेशन के बाद वापस निवास स्थान पर छोड़ा गया। संस्थापक रतन राणा ने बताया कि ग्रामीणों की मांग अनुसार ग्राम पंचायत भवन में शिविर रखा गया। प्रशासक छगनलाल कोली ने बताया की तारा संस्था की टीम जनसेवा का कार्य कर रही है जो सहारानीय है। कल्पेश कटारा ने चयनित मरीजों को चश्मे व दवाई वितरित की। नरपतसिंह, भरत कुमार, कांतिलाल का सहयोग रहा।

# उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 28 तक करें आवेदन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 में राजस्थान राज्य के मूल निवासियों के लिए विभाग द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं में ऑनलाइन पेपरलेस छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरने के लिए समय निर्धारित किया है। शिक्षण संस्थाओं के छात्रवृत्ति पोर्टल पर पंजीयन/नवीनीकरण, कोर्स मैपिंग, मान्यता एवं पाठयक्रमवार फीस स्ट्रक्चरर आदि अद्यतन करने के लिए 28 मई अंतिम तिथि है। यह जानकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक राजेन्द्र कुमार पुरोहित ने दी।

# शतरंज प्रतियोगिता 20 से, पोस्टर का किया विमोचन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** एकलव्य फाउंडेशन के तत्वाधान जालोर में 20 मई से दो दिवसीय एकलव्य ओपन शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन जिला कलेक्टर प्रदीप गावंडे ने किया। प्रतियोगिता में अंडर -13, अंडर -17, बेस्ट जालोर, सुपर फीमेल और ओपन कैटेगरी में खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में 75 से अधिक खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसमें 92 हजार 400 रुपए के नकद पुरस्कार के साथ ओरिजिनल सिल्वर मेडल, ट्रॉफी, मोमेंटो तथा सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के लिए रहने एवं भोजन की व्यवस्था एकलव्य फाउंडेशन करेगा। फाउंडेशन के अध्यक्ष पीबी सेन, उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार, सचिव भरत कुमार एवं सहसचिव श्रवण कुमार उपस्थित रहे।

# शिक्षक संघ की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

## भीनमाल में होने वाले अधिवेशन को 48 जिला प्रतिनिधियों का चयन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील उपशाखा सांचौर की महत्वपूर्ण बैठक शिक्षक भवन में अध्यक्ष रामलाल विश्नोई की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शिक्षकों के हितों की रक्षा और लंबित मांगों को लेकर संघर्ष का आह्वान किया गया। ब्लॉक मंत्री किशनलाल ढाका ने बताया कि बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर गंभीर मंथन किया गया तथा आगामी 11 मई को भीनमाल में होने वाले जिला महासमिति अधिवेशन एवं चुनाव के लिए 48 जिला प्रतिनिधियों का चयन किया गया। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशनलाल सारण ने वेतन विसंगति निवारण के लिए रणनीति साझा करते हुए बताया कि इस मुद्दे पर शीघ्र ही संगठन राज्य सरकार से वार्ता करेगा। उन्होंने निशुल्क पाठ्य पुस्तकों के ब्लॉक स्तर पर वितरण के लिए निदेशक को पत्र लिखने का निर्णय भी साझा किया। बैठक में उच्च माध्यमिक में 'मोन्नत विद्यालयों में पदों की स्वीकृति की मांग भी उठाई गई। वक्ताओं ने कहा कि अधिकांश वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में व्याख्याता नहीं हैं, जिससे पठन-पाठन बाधित हो रहा है। समय पर पद स्वीकृत होने से दूरदराज के छात्रों की पढ़ाई की गुणवत्ता प्रभावित नहीं होगी और अधिशेष शिक्षक भी कम होंगे। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रभाराम चौधरी ने शिक्षकों को संगठित रहने का संदेश देते हुए पुरानी पेंशन योजना की बहाली हेतु आंदोलन के लिए तैयार रहने को कहा। उन्होंने तृतीय श्रेणी शिक्षकों की शीघ्र पदोन्नति की मांग भी रखी। साथ ही 20 मई को देशव्यापी हड़ताल के तहत सांचौर एडीएम कार्यालय के समक्ष प्रस्तावित विशाल धरने को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। ब्लॉक अध्यक्ष रामलाल कुराडा ने शिक्षकों की स्थाईकरण और वेतन नियमितकरण की मांग को प्रमुखता से उठाते हुए जिला शिक्षा अधिकारी से मिलने का निर्णय लिया।

### यह भी रहे मौजूद

बैठक में प्रभाराम चौधरी, पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल कड़वासरा, रमेश सियाक, रामचंद्र जाखड़, भागीरथ जाणी, कोषाध्यक्ष प्रकाशचंद्र जीनगर, पूनमाराम मांजू, भंवरलाल पुरोहित, भैराराम साहू, पूनमाराम चौधरी, जगदीशचंद्र धायल, भाकराराम, प्रवीण जाणी, रमेशकुमार, रघुनाथराम, राजूराम मांजू, बाबूलाल जाणी, भरतकुमार, पूनमाराम सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।



# समर कैंप का शुभारंभ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** राजयोग केंद्र में गुरुवार को बीके गीता, गुमानसिंह राव व श्याम खेतावत की मौजूदगी में समर कैंप का आगाज हुआ। बीके राधा ने कैंप का लक्ष्य, दिनचर्या व गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। बीके बाबू ने राजयोग की जानकारी दी। बीके गीता ने बालकों को अनुशासन, बचपन का महत्व बताया। गुमानसिंह राव ने जीवन मे अनुशासन और शिक्षा के प्रभाव पर प्रेरणादायी जानकारी दी। इस दौरान बालकों ने म्यूजिक चेयर टारगेट गेम व चेंज गेम खेलकर आनंद लिया।

# ऑपरेशन मदमर्दन : पुलिस ने बरामद किया सवा 2 किलो से अधिक डोडा चूरा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** पुलिस ने ऑपरेशन मदमर्दन के तहत एक युवक के कब्जे से 2 किलो 366 ग्राम डोडा चूरा बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त कर लिया। पुलिस अधीक्षक जालोर ज्ञानचंद यादव के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सांचौर आवडदान रतनू एवं सहायक पुलिस अधीक्षक कांबले शरण गोपीनाथ के सुपरविजन में गठित टीम द्वारा यह कार्यवाही की गई। थानाधिकारी देवेन्द्रसिंह एवं उनकी टीम को मुखबिर से बुधवार को सूचना मिली कि सरहद सांकड़ क्षेत्र में एक युवक मादक पदार्थ के साथ मौजूद है। त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने मौके पर दबिश दी और सांकड़ निवासी आरोपी देवीलाल पुत्र रामेश्वरलाल गायणा को से 2 किलो 366 ग्राम डोडा चूरा तथा परिवहन में प्रयुक्त मेजर जीप जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया।



ज्ञातव्य है कि जालोर जिला पुलिस की ओर से मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम को व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। बोर्डर क्षेत्र पर विशेष निगरानी कर तस्करी की रोकथाम के साथ तस्करों पर लगाम लगाने में हर संभव प्रयास किए जा रहे है। इसी के तहत विभिन्न थानों की पुलिस की ओर से समय समय पर कार्रवाई करते हुए कई बार सफलता हासिल की गई है। पुलिस आमजन से समाजिक आयोजनों को भी नशे से मुक्त रखने प्रयासरत है।

# संयुक्त निदेशक डॉ सक्सेना ने दिए मौसमी बीमारियों की पुख्ता रोकथाम के निर्देश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** चिकित्सा विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ नरेंद्र सक्सेना गुरुवार को जालोर दौरे पर रहे। उन्होंने चिकित्सा संस्थाओं का निरीक्षण कर जिला मुख्यालय पर स्वास्थ्य भवन में जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर योजनाओं, कार्यक्रमों व गतिविधियों की समीक्षा की और निर्देश दिए। डॉ सक्सेना ने लू-तापघात से बचाव के लिए सभी संस्थाओं में बिजली, पीने का पानी, कूलर, पंखे, एसी तथा दवाइयों की मात्रा प्रयाप्त रखने एवं बैड भी रिजर्व रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थाओं में पर्याप्त बैड की उपलब्धता और मौसमी बीमारियों की पुख्ता रोकथाम के निर्देश दिए। उन्होंने सभी बीसीएमओ को बदलते मौसम को देखते हुए मौसमी बीमारियां, लू-तापघात आदि के लिए संस्थाओं में की गई व्यवस्थाओं की विजिट करने और दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने लू-तापघात की रिपोर्टिंग प्रतिदिन समय पर भिजवाने में लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में कोई भी संस्थान बिना चिकित्सक के नहीं रहे, इसकी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी बीसीएमओ व जिला स्तरीय अधिकारियों को मुख्यमंत्री आदर्श ग्राम पंचायत योजना के बारे में जानकारी देते इसके तहत 6 इंडीकेटर्स को इम्प्रूव करने पर फोकस रहने के बारे में बताया। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भैराराम जाणी, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भजनाराम विश्नोई, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार बाजिया, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ असीम परिहार सहित सभी बीसीएमओ मौजूद रहे।





# एक शाम राजेश्वर भगवान के नाम भजन संध्या आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जीवाणा।** खेतलावास में ग्रामीणों की ओर से शुक्रवार को एक शाम राजेश्वर भगवान के नाम भजन संध्या आयोजित की जाएगी। जिसमें संतों का सानिध्य रहेगा। कलाकार दुर्गा जसराज एंड पार्टी अपनी प्रस्तुति देंगे। शनिवार सवेरे महाप्रसादी का आयोजन होगा। जिसमें खेतलावास समेत आस-पास के ग्रामीण भाग लेंगे। जवानाराम चौधरी के अनुसार आयोजन को लेकर मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया हैं।

www.jagruktimes.co.in
epaper.jagruktimes.co.in
@jagruktimes @jagruktv

## सुविचार

"जीवन में आशावादी होना ही सफलता की सही पहचान है।"

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

# समझ ले दुश्मन

ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने एक तीर से कई शिकार किए हैं। अभूतपूर्व सैन्य कार्रवाई से पाकिस्तान को सख्त संदेश दिया गया है कि पहलगाम या ऐसे किसी अन्य आतंकी हमले के जिम्मेदार जिहादियों को उनके किए की सजा देने की भारत के पास दृढ़ इच्छा शक्ति और पर्याप्त क्षमता है। जिस उन्नत प्रौद्योगिकी, सटीक हथियारों और पूरी दक्षता के साथ भारत ने पाकिस्तान के भीतर जवाबी हमला किया, उससे कोई संदेह नहीं रह गया कि आतंकवाद अगर अपने पंख पसारेगा तो भारत की ओर से उन्हें कतरने में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। सीधे शब्दों में कहें तो भारत ने पाकिस्तान के समक्ष स्पष्ट किया कि वह किसी भी दुस्साहस से पहले सोच ले कि इसकी उसे कितनी कीमत चुकानी पड़ेगी और वह कब तक अपनी दुर्गति कराता रहेगा। इससे पहले 2016 में उरी और 2019 में पुलवामा आतंकी हमले के बाद भारत ने जवाबी हमले से यही दर्शाया था कि अब वह सॉफ्ट स्टेट नहीं रहा कि हमलों के बाद भी हाथ पर हाथ धरा बैठा रहे। अब एक साथ नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने से पाकिस्तान को और भी कड़ा संदेश गया है कि आतंक से जूझने की राह में भारत कोई भी जोखिम उठाने को तैयार है। एक प्रकार से भारत ने पाकिस्तान को ललकारा है कि अपनी लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए वह अपनी सीमा में रहे तो बेहतर अन्यथा उसे सबक सिखाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान की कुतर्कों भरी और जिहादी विचारधारा को देखते हुए क्या वह सबक सीखेगा और दशकों से कश्मीर और इस्लाम के नाम पर चला रहे अपने छद्म युद्ध से परहेज करेगा? इसका उत्तर तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन पाकिस्तान के मूल चरित्र को देखते हुए यह संभव नहीं लगता। इस मोर्चे पर तब तक कोई संभावना नहीं जगने वाली, जब तक पाकिस्तान के भीतर फौजी प्रतिष्ठान का देश पर नियंत्रण समाप्त न हो जाए। संभवतः भारत के साथ पूर्ण युद्ध और शर्मनाक हार से ही ऐसा मूलभूत परिवर्तन होगा। फिलहाल तो भारत की कार्रवाई से रावलपिंडी में बैठे जनरलों का मिजाज बिगड़ेगा। उनकी स्थिति कमजोर होगी, लेकिन वे यह भलीभांति जान गए होंगे कि अगर पुराने ढर्रे पर चले तो आगे हालात और खराब हो सकते हैं। जिहादियों को बहादुर और हिंदुओं को कमजोर बताने वाले उनके प्रचार की हवा मोदी युग में पूरी तरह निकल गई है। ऑपरेशन सिंदूर का दूसरा बड़ा संदेश अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए है, जो पाकिस्तान पर दबाव डालने के साथ उसके व्यवहार में कुछ परिवर्तन ला सकता है।

### ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने दिया

# अति शक्तिशाली प्रतीकात्मक संदेश



नौशाबा परवीन

प्रतीकों के माध्यम से दिया गया भारतीय संदेश सटीक स्ट्राइक जितना ही शक्तिशाली था, जिसका पाकिस्तान के पास कोई उत्तर नहीं है। पहलगाम में पाक-समर्थित आतंकियों ने धर्म, लिंग व स्थानीय बनाम पर्यटक के आधार पर अपने निशानों का चयन किया और पतियों की उनकी पत्नियों के सामने निर्मम हत्या की। उनका उद्देश्य स्पष्ट था- भारत में सांप्रदायिक हिंसा फैल जाए और पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर की दो राष्ट्र थ्योरी के समर्थन में की गई बेतुकी बकवास सही साबित हो जाए। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के ज़रिये भारत ने आतंकियों व उसके आका पाकिस्तान को इससे भी अधिक बड़ा व शक्तिशाली संदेश दिया, जिसकी उन्होंने कल्पना भी न की होगी। ऑपरेशन को इतनी अच्छी तरह से गोपनीय रखा गया कि जब मिसाइलों ने उनके घरों में धमाका किया तो वास्तव में हर कोई सो रहा था। जैश के सरगना मसूद अज़हर ने स्वीकार किया है कि स्ट्राइक में उसके कुछ करीबी साथी उसके बहावलपुर मरकज़ में मारे गए हैं। लेकिन इन स्ट्राइक्स का महत्व आतंकियों के शवों की गिनती से कहीं अधिक बढ़कर है।

इमेज

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बहुत अंदर तक हमला करके भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि आतंकियों के लिए दुनिया का कोई कोना सुरक्षित नहीं है। इस ऑपरेशन का नाम सिंदूर अकारण नहीं चुना गया था- भारत अपनी महिलाओं की उजड़ी हुई मांगों का बदला ले रहा है। भारतीय विवाह संस्कृति में सिंदूर सुहाग का प्रतीक है। पाकिस्तान के सेना-इंटेलिजेंस-आतंकी गठजोड़ ने इस प्रतीक को एकदम से समझ लिया होगा। भारत सरकार ने जैसे ही अधिकारिक तौरपर स्ट्राइक्स की पुष्टि की भारतीय सेना ने तुरंत ही अंग्रेज़ी के ब्लॉक लेटर्स में ऑपरेशन सिंदूर लिखा, जिसमें सिंदूर का दूसरा 'ओ' सिंदूरी डिब्बी से लिखा हुआ था। बहरहाल, इससे भी अधिक शक्तिशाली प्रतीक तो अभी आना शेष था। भारत की अधिकारिक ब्रीफिंग में सैन्य पक्ष को सशस्त्र बलों की दो महिला अधिकारियों ने रखा। एक, कर्नल सोफिया कुरैशी, जो मुस्लिम हैं और दूसरी विंग कमांडर व्योमिका सिंह, जो हिंदू हैं। यह था सांप्रदायिकता के बीज बोन वाले पहलगाम आतंकियों को भारत का जवाब भारत के लिए मुस्लिम व हिंदू मिलकर लड़ते हैं। दो राष्ट्र की थ्योरी एकदम बोगस व बेकार है। यह आईडिया ऑफ़ इंडिया है। यही वजह है कि आतंकियों के नापाक मंसूबे सफल नहीं हुए; भारत में सांप्रदायिक सौहार्द बना रहा और आगे भी बना रहेगा। वडोदरा की कर्नल सोफिया कुरैशी अपने परिवार में तीसरी पीढ़ी की सेना अधिकारी हैं। वह डेकोरेटिड ऑफिसर (साहसिक कार्यों के लिए सम्मानित) हैं और उनकी पोस्टिंग्स में शामिल हैं छह वर्ष तक संयुक्त राष्ट्र के पीसकीपिंग ऑपरेशंस में रहना। लखनऊ की विंग कमांडर व्योमिका सिंह भी डेकोरेटिड ऑफिसर हैं। वह भारतीय वायु सेना में हेलीकाप्टर पायलट हैं। सशस्त्र बलों में वह अपने परिवार की पहली सदस्य हैं। उन्होंने उत्तर पूर्व व जम्मू कश्मीर के कठिन क्षेत्रों में उड़ानें भरी हैं। इन दोनों महिला अधिकारियों ने मिलकर ऐसा संदेश भेजा है, जिसका पाकिस्तान के पास कोई जवाब नहीं है। इन दो महिला अधिकारियों का साथ खड़ा होना युगों-युगों के लिए तस्वीर है, जिसने दुनिया को बताया कि आईडिया ऑफ़ इंडिया कितना शानदार, मज़बूत व स्थायी है। इस प्रेस ब्रीफिंग से पाकिस्तान




उतना ही हक्का बक्का रह गया जितना कि भारतीय सेना की सटीक स्ट्राइक्स से। भारतीय महिला अधिकारियों का विश्वास से भरा विनम्र स्वभाव पाकिस्तान में बहुत से लोगों के लिए आश्चर्यजनक होगा, शायद आक्रामक भी लगा हो। दरअसल, धार्मिक कट्टरवाद ने पाकिस्तान में महिलाओं को ही नहीं पुरुषों को भी स्वायत्तता से वंचित कर दिया है और इससे पाकिस्तान की सेना में भी झगड़ालूपन आ गया है। काल्पनिक अतीत से चिपके रहने के कारण उसमें खोखलापन भी आ गया है। पिछड़ी सोच वाले पाकिस्तानी प्रगतिशील भारतीयों के मुकाबले में अतिरिक्त पिछड़ते जा रहे हैं। पाकिस्तानियों की राष्ट्रीय पहचान डर, एंगजायटी व नफरत का शिकार होती जा रही है, इसलिए उनकी हर चीज़ खत्म होती जा रही है। इसके विपरीत भारत में संविधान व क़ानून के शासन ने न सिर्फ़ सांप्रदायिकता को नियंत्रण में रखा है बल्कि वह मानवता विकसित की है, जिसका प्रतिनिधित्व कर्नल कुरैशी व विंग कमांडर सिंह करती हैं। यह समावेश ही हम भारतीयों का सबसे अच्छा हिस्सा है, जो जिन्ना (और अब आसिम मुनीर) की दो राष्ट्र थ्योरी को नकारता है। भारत इसी की रक्षा के लिए लड़ रहा है। भारत का समावेशी भाईचारा केवल दक्षिण एशिया में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में विशेष है। भारत की इस ताक़त के सामने अगर पाकिस्तान जवाबन कुछ ओछापन करने का दुस्साहस करता है तो उसके पास कोई अच्छा विकल्प नहीं है। भारत में कोई आतंकी टारगेट तो है नहीं, तो वह निशाना किस चीज़ को बनायेगा? नागरिकों को या सैन्य टारगेट्स को? दोनों ही सूरतों में भारत का जवाब तुरंत व निर्णायक होगा। हालांकि पाकिस्तान व पाक-अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी इंफ्रास्ट्रक्चर को भारी नुकसान पहुंचा है, लेकिन यह पूरी कहानी नहीं है। इस बात को ध्यान में रखना ज़रूरी है। ऑपरेशन सिंदूर को अकेले में नहीं देखना चाहिए बल्कि भारत द्वारा उठाए गए कदमों की कड़ी के रूप में देखना चाहिए, जिसमें सिंधु जल समझौते को स्थगित करना भी शामिल है। इन सबका पाकिस्तान की कृषि व फ़ूड सुरक्षा पर दीर्घकालीन प्रभाव पड़ेगा। मुरीदके व बहावलपुर आतंकी कैंपों का नष्ट किया जाना पाकिस्तान के सैन्य-इंटेलिजेंस-आतंक नेटवर्क के लिए बहुत बड़ा धक्का है। दशकों से यह दोनों कैंप भारत के विरुद्ध पाकिस्तानी आतंक का केंद्र थे। इनके ध्वस्त होने पर महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ेगा। नापाक हरकतें करने की क्षमताएं फिलहाल के लिए लगभग समाप्त हो गईं हैं। इसके बावजूद इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि पाकिस्तान पर जो ज़बरदस्त मार पड़ी है उसके कारण रावलपिंडी में जनरलों व डीप स्टेट पर जवाबी कार्यवाही करने के लिए गहरा दबाव होगा। अपने घरेलू दर्शकों के लिए उन्हें प्रतिक्रिया करनी होगी और जल्द करनी होगी। सारी निगाहें सेना प्रमुख आसिम मुनीर पर हैं। लेकिन जैसा कि ऊपर कहा गया, पाकिस्तान के पास जवाबी कार्यवाही के विकल्प सीमित हैं। सिविलियन टारगेट्स या मिलिट्री टारगेट्स निश्चित रूप से भारत की तरफ से ज़बरदस्त प्रतिक्रिया को आमंत्रित करेंगे। जम्मू कश्मीर या भारत के अन्य हिस्सों में क्रॉस-बॉर्डर आतंक पर भी पाकिस्तान उतर सकता है। लेकिन इससे यह साबित हो जाएगा कि पाकिस्तान वास्तव में आतंक का केंद्र है। इसलिए पाकिस्तान फिलहाल के लिए इस विकल्प को नहीं चुनेगा। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि स्टेट पॉलिसी के तौरपर पाकिस्तान आतंक को छोड़ देगा। पाकिस्तानी व्यवस्था को तो इस स्ट्रेटेजी की लत है, जिसे वह भारत ही नहीं बल्कि अफ़ग़ानिस्तान के खिलाफ भी इस्तेमाल करता है। ऑपरेशन सिंदूर बहुत ही नपा-तुला एक्शन था, जिसमें इस बात का पूर्णतः ख्याल रखा गया कि नागरिक या सैन्य ठिकानों को हिट न किया जाए। भारत ने इस बात पर बल दिया है कि पहलगाम जैसे हमलों को रोकने के लिए आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। इसका अर्थ है कि भारत टकराव को बढ़ाना नहीं चाहता है। अब यह पाकिस्तान पर निर्भर है कि वह ऑपरेशन सिंदूर के शक्तिशाली प्रतीकात्मक संदेश को समझे और बात को हाथ से न निकलने दे।

## पंचांग

शुक्रवार, 9 मई 2025

- विक्रम संवत् - 2082
- शक संवत् - 1947
- ऋतु - ग्रीष्म
- माह - वैशाख
- पक्ष - शुक्ल
- तिथि - द्वादशी 14.57 तक
- वार - शुक्रवार
- नक्षत्र - हस्त 24.09 तक
- योग - वज्र 26.58 तक
- करण - कौलव 28.14 तक
- सूर्योदय - 06.08 (मुंबई)
- सूर्यास्त - 07.01 (मुंबई)
- सूर्योदय - 06.00 (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 07.14 (भीनमाल)
- चंद्र राशि - कन्या
- अभिजित् मुहूर्त - 12.09 से 13.00
- राहु काल - 10.57 से 12.35
- व्रत, त्यौहार - प्रदोष, रवियोग 24.09 प्रारंभ
- दिशा शूल - पश्चिम

● शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## वास्तु टिप्स

### चाहे कितना भी करीबी क्यों न हो, कुछ बातें कभी न करें साझा

चाणक्य नीति में जीवन में सफलता और समृद्धि पाने के लिए कई अमूल्य बातें बताई गई हैं जो वर्तमान समय में भी बेहद कारगर हैं। कई बार हम लोगों से बातचीत में इतने डूब जाते हैं कि यह भूल जाते हैं कि कौन-सी बातें हमें साझा करनी चाहिए और कौन-सी नहीं। हम अपनी निजी बातें भी दूसरों से कह बैठते हैं, जो नहीं कहनी चाहिए। बाद में यही बातें हमारे लिए मुसीबत बन जाती हैं, और पछतावे के अलावा कुछ नहीं बचता। आचार्य चाणक्य कहते हैं कि इंसान को अपने जीवन की कुछ बातें कभी भी किसी और से साझा नहीं करनी चाहिए, चाहे वह कितना भी करीबी क्यों न हो। कई लोग अपने घर की बातें दोस्तों, रिश्तेदारों या जान-पहचान वालों से साझा करते हैं। लेकिन यही बातें आगे चलकर पछतावे की वजह बनती हैं। घर की बातें बाहर बताने से घर के सदस्यों में आपसी मनमुटाव और विश्वास की कमी हो सकती है। पति-पत्नी के संबंधों की बातें भी कभी किसी को नहीं बतानी चाहिए। लोग अक्सर आपकी कमाई जानना चाहते हैं। अपनी आमदनी गुप्त रखना ही बुद्धिमानी है। अपनी पुरानी गलतियों को लोगों से साझा न करें। इसी तरह, अपनी भविष्य की योजनाएं भी किसी को न बताएं। अगर योजना सफल नहीं हुई, तो लोग मज़ाक बनाएंगे या जानबूझकर उसमें बाधा डाल सकते हैं। दुनिया में सहानुभूति बहुत सीमित होती है, इसलिए अपनी बेइज्जती की बातें केवल खुद तक रखें। हमारे मन में कई भावनाएं आती हैं, जैसे- ग़ुस्सा, निराशा, ईर्ष्या, या भय। लेकिन हर बात को व्यक्त करना ठीक नहीं। जो बातें आपके हित में हैं, वही कहें। जो दान या पुण्य कार्य किया जाए, उसे गुप्त रखना चाहिए। अगर आपने दान कर दिया और उसका बखान किया, तो उसका फल नहीं मिलेगा। गुप्त दान ही सबसे श्रेष्ठ माना गया है। दुख और राज की बातें दूसरों को बताने से वे आपकी कमजोरी का फायदा उठा सकते हैं। समाज में आपकी छवि खराब हो सकती है।



## गीता सार

**आत्मौपम्येन सर्वत्र समं पश्यति योऽर्जुन।**
**सुखं वा यदि वा दुःखं स योगी परमो मतः॥**

**भावार्थ :**

हे अर्जुन! योग में स्थित जो मनुष्य अपने ही समान सभी प्राणीयों को देखता है, सभी प्राणियों के सुख और दुःख को भी एक समान रूप से देखता है, उसी को परम पूर्ण-योगी समझना चाहिए।

## तारीख विशेष

### करमशी जेठाभाई सोमैया

करमशी जेठाभाई सोमैया भारतीय शिक्षाविद थे। शिक्षा के क्षेत्र में उनका विशेष योगदान है। उन्होंने महाराष्ट्र में कई शैक्षिक संस्थानों की स्थापना की। वर्ष 2000 में समाज के लिए उनकी सेवा के लिए उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। कई कॉलेजों का नाम उनके नाम पर रखा गया है। करमशी जेठाभाई सोमैया एक उद्योगपति और सोमैया समूह के संस्थापक भी थे। करमशी जेठाभाई सोमैया जन्म 16 मई, 1902 को मालुंजा के श्रीरामपुर तालुका, ज़िला अहमदनगर, महाराष्ट्र में हुआ। अपनी हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद करमशी जेठाभाई सोमैया अपने गृहनगर वापस आ गए और पिता के व्यवसाय में सहयोग देने लगे। उनके पिता किराना व्यवसाय की देखरेख में लगे हुए थे, जो कि गांव से गांव तक किराने का सामान और बुकिंग के ऑर्डर लेकर जाते थे। सन 1939 में करमशी जेठाभाई सोमैया ने अपने स्वयं के चीनी व्यवसाय के शुभारंभ के लिए सकरवाड़ी और लक्ष्मीवाड़ी में दो चीनी कारखाने शुरू किए। उन्हें जल्द ही भारत के शुगर किंग के रूप में जाना जाने लगा। करमशी जेठाभाई सोमैया अहमदनगर जिले में श्रीरामपुर के शोभचंद रामनारायण खटोड़ की एक अग्रणी चीनी ट्रेडिंग फर्म में भागीदार बने। डेक्कन नहरों का संचालन भारत सरकार द्वारा किया गया था। प्रबंधन और मास कम्यूनिकेशन व एक बड़े परिसर में 23000 से अधिक छात्रों और 1500 शिक्षण संकाय के साथ यह उस अग्रणी माना जाता था। सन 1974 में करमशी जेठाभाई सोमैया ने जनजातीय क्षेत्र दहानु, ठाणे ज़िले से 110 किलोमीटर दूर आदिवासी क्षेत्र में गिरिवनवासी प्रगति मंडल की स्थापना की। करमशी जेठाभाई सोमैया ने प्रवासी आदिवासी आबादी के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक आवासीय विद्यालय की स्थापना भी की। उन्होंने स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक निवासी चिकित्सक की सुविधा के साथ 40-बेड वाला अस्पताल भी बनवाया था। करमशी जेठाभाई सोमैया जी को उनके समाज सेवा के क्षेत्र में किये गए कार्यों हेतु साल 2000 में भारत सरकार ने 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया। करमशी जेठाभाई सोमैया का निधन 9 मई, 1999 को हुआ।

### आज भी लुभाती

# विचार संपन्न गीतों की परंपरा

शाहिद ए.चौधरी

संगीत में गीत है। इसलिए जो संगीत के संग गाया जा सके वही गीत है। ख़ुशी में या ग़म में उमड़े जज़्बात को जब इंसान ने पानी की कल-कल, हवा की सन-सन व परिंदों की गुंजन के संग गुनगुनाया तो गीत ने जन्म लिया। इस तरह हर अवसर जन्म, संस्कार, प्रेम, विरह, विवाह, मृत्यु के लिए गीतों की रचना हो गई। भावुकता, संक्षिप्तता और गेयता गीत के आवश्यक तत्व हो गए। कजरी, सोहर, चैती, लंगुरिया, पूर्वी, झूमर, खेमटा आदि लोकगीत आम जनता की आवाज़ बन गए। इनमें कुछ गालियां, कुछ अश्लीलता भी समा गई। तब नैतिकतावादियों ने अंगड़ाई ली और कहा कि गीत दो ही प्रकार के होंगे- वैदिक व लौकिक। नई कविता के दौर में जब विचारों को छंद में कैद करना कठिन हो गया तो गीत का ही विरोध आरंभ हो गया कि गीत में नया क्या है? पुरानी सोच को घिसे-पिटे शब्दों में दोहराते रहना। मुख्य विचार तो मुखड़े में आ गया और फिर बेतुकी तुकबंदी से उसे ही दोहराते रहना। इस अनावश्यक आलोचना का ठोस व तार्किक जवाब आज के गीतकार दे रहे हैं।

इमेज

यह सही है कि गीत का मुख्य विषय आज भी प्रेम, विरह आदि ही है। मसलन, मनोज कुमार 'मनोज' के गीत 'झूठा प्यार नहीं करते' के इस बंद को देखिये- "अरी भाविका! एक बार तो, आकर यह बोला होता/प्रेम नहीं करते हैं तुमसे, राज़ अगर खोला होता/गहन पीर से बच जाते हम, जीवन लांछित क्यों होता? आलिंगन की एक छुवन को, मेरा तन-मन क्यों रोता? ज्ञात अगर हो जाता पहले, आंखें चार नहीं करते/हम वैरागी मन-वाले हैं, हम व्यापार नहीं करते।" यह गीत निस्संदेह अच्छा है और अपनी सरलता, तरलता की वजह से श्रोता के दिल पर तुरंत राज करने लगता है, लेकिन इसके केंद्र में भी परंपरागत विचार ही है कि इश्क़ पर ज़ोर नहीं है यानी यह किया नहीं जाता, हो जाता है और यह वैरागी मन-वाले को भी हो सकता है। प्रेम होने के बाद दर्द का एहसास होता है और तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। इस समूची पृष्ठभूमि में एक शेर याद आ गया- "तब हमने एहतियात की राहें तलाश कीं/जब कुर्बतों का ज़हर रगों में उतर गया।" बहरहाल, आधुनिक गीत में जो स्वर बदले हैं, वह गीत के महत्व को इस लिहाज़ से बढ़ाते हैं कि गीतों के माध्यम से जीवन की समस्याओं व अनुभवों, महत्वपूर्ण राजनीतिक प्रश्नों, विचारपरक मुद्दों आदि को भी 'छंद की क़ैद' में रहते हुए प्रभावी व कर्णप्रिय अंदाज़ में उठाया जा रहा है, जिससे श्रोता न केवल आनंदित हों रहे हैं बल्कि कुछ सोचने के लिए भी प्रेरित हों रहे हैं। इस संदर्भ में अनगिनत मिसालें दी जा सकती हैं कि एक किताब तैयार हो जाए, लेकिन जगह का अभाव इसकी अनुमति नहीं देता। इसलिए चंद उदाहरणों पर ही संतोष कीजिए। क्या पाप है, क्या पुण्य? क्या नैतिक है, क्या अनैतिक? यह कशमकश जीवन का अटूट हिस्सा है। जो लोग सरकारी दफ्तरों में काम करते हैं उन्हें यह दुविधा अधिक कचोटती है, विशेषकर जब वह अपने सहकर्मी को रिश्वत लेके ऐश करते हुए देखते हैं और उनका ज़मीर उन्हें पाप की कमाई करने से रोकता है या जब पत्नी का दबाव होता है कि उसे भी बॉस की श्रीमती की तरह कांजीवरम साड़ी चाहिए। कौशल कुमार ने अपनी सरकारी सेवा के दौरान इस दुविधा को करीब से अनुभव किया है, तभी दैनिक सत्य की तरह उनका गीत तेरी मेरी उसकी कहानी सुनाता हुआ प्रतीत होता है- "हम दुविधा के साथ चलें या दुविधा पीछे चले हमारे/समाधान की राह खोजने प्रश्नों के अनथक हरकारे/जो विवेक के दास नहीं हैं भोग रहे सारी सुविधाएं/जिन्हें उचित अनुचित का डर है मार रही उनको दुविधाएं/ठुकराए जो गए प्रलोभन वही प्रबल प्रतिशोध ले रहे/जब तक बात समझ में आए समय गया कर दूर इशारे।" लोकतंत्र में सरकार से ही उम्मीद की जाती है कि वह दीमक की तरह समाज को खोखला कर रहे भ्रष्टाचार पर विराम लगाए। लेकिन राजशाही हो या लोकतंत्र या फिर बदलती सरकारें, पिसता तो आम आदमी ही है। सुंदर प्रतीकों का प्रयोग करते हुए 'वातावरण घिनौना है' गीत में डा. हरिओम पंवार ने सियासत पर गहरा व्यंग्य किया है-"किस मौसम को गाली दें, किस मौसम को पूजें/राजनीति का सारा वातावरण घिनौना है/भोली जनता हर मौसम के लिए खिलौना है/उस मौसम ने जन्म दिया था पतझर को, तूफ़ानों को/इस मौसम ने कफ़न दिया है, अनब्याहे अरमानों को/हरिजन पहले भी मरते थे, अब भी उपसंहार नहीं/उन पर कोई दवा नहीं थी, इन पर भी उपचार नहीं।" दलितों व वंचितों के अरमान कब ब्याहेंगे? दवा कब मिलेगी? उपचार कब होगा? इस क़िस्म के प्रश्नों का जवाब डा. रामगोपाल भारतीय इस तरह देते हैं- "शिक्षा से अपने हाथों में सुख की नई लकीर लिखो/झाड़ू फेंको, क़लम उठाओ, ख़ुद अपनी तक़दीर लिखो/इस दुनिया में जन्म से कोई छोटा-बड़ा नहीं होता/और बुद्धि के बिना ज्ञान का मंदिर खड़ा नहीं होता/वाल्मीकि की कथा लिखो तुम, एकलव्य की पीर लिखो/झाड़ू फेंको, क़लम उठाओ, ख़ुद अपनी तक़दीर लिखो।" आधुनिक गीत की स्वागतयोग्य बात उसकी शैली व शब्द चयन पाठकों को मंत्रमुग्ध करने में सक्षम है। 'एक चिंगारी सृजन की' गीत में आशुतोष की निम्न पंक्तियों को पढ़ते हुए दिल से बेसाख्ता वाह निकलती है- "शाल बादल का लपेटे प्राण ने/गीत मौसम का किया जब अनसुना/जंग लगता देखकर हर सांस पर/व्योम ने स्वेटर कुहासे का बुना/स्वाभिमानी वृक्ष के पत्ते/कर रहे स्वीकार मुद्राएं नमन की/चिर-प्रतीक्षित धूप की संभावना/मन में सिहरन की डाली-सी घोलती/प्याज़ की परतें सरीखी त्रासदी/भेद जीवन के भला कब खोलती।" इस संदर्भ में दूसरी मिसाल यशपाल कौत्सायन के गीतों से दी जा सकती है। उनकी इन पंक्तियों को पढ़िये और उनके शिल्प की दाद देते रहिये- "एक अनचाहे असंगत प्रश्न के पर्याय हम/एक अर्पित चिर उपेक्षित ग्रंथ के अध्याय हम/बेतुके संवाद से अक्सर विवादों में रहे/एक प्रतिमा में रहे अभिशप्त हम, निरुपाय हम/आस्था के भग्नमंदिर के सुमंगल गान हम/वेदना के एक बोझिल गीत के उन्मान हम।" इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि सफलतापूर्वक नित नए प्रयोग करते हुए आधुनिक गीतकार गीत विधा को समृद्ध कर रहे हैं।

## बोले तो...



सभी आतंकवादी हमलों, नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे के खिलाफ हमलों की निंदा करता हूं। मेरा विश्वास है कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुरूप बातचीत और कूटनीतिक समाधान ही मतभेदों को सुलझाने और स्थायी शांति और स्थिरता प्राप्त करने का एक मात्र तरीका है।

- फिलेमोन यांग



देश बदल रहा है। आज का भारत आत्मविश्वास से भरा हुआ है, जो कि हर चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह सक्षम है। दुनिया ने देखा कि हमने पाकिस्तान की मांद में घुसकर सबक सिखाया। हम किसी को छेड़ते नहीं है पर जो हमें छेड़ता है हम उसको छोड़ते भी नहीं है।

- योगी आदित्यनाथ



इस तथ्य से बचा नहीं जा सकता कि मैं अपने करियर के अंतिम चरण में हूं। मैं सिर्फ दो महीने खेलता हूं। इस आईपीएल के खत्म होने के बाद छह से आठ महीने और कड़ी मेहनत करनी होगी और देखना होगा कि मेरा शरीर इस लीग के दबाव को झेल सकता है या नहीं। अभी कुछ तय नहीं करना है।

- एम. एस. धोनी

## कुछ अलग | अजब गजब

# 'दूध' और 'दही' खाया तो खूब होगा, लेकिन इसकी उत्पत्ति भाषा भी जान लीजिए

कुछ शब्द ऐसे होते हैं, जो आते तो दूसरी भाषा से हैं लेकिन हमारी ज़िंदगी में यूं रच-बस जाते हैं कि हम अंतर ही नहीं कर पाते। वहीं कुछ शब्द हमारे अपने ही होते हैं लेकिन हम उन्हें दूसरी भाषा का समझ बैठते हैं। दरअसल कई शब्दों को हम अपनी रोज़ाना की बातचीत में शामिल करते हैं लेकिन ये नहीं जानते हैं कि इसकी उत्पत्ति कहां से हुई। दूध और दही ऐसी चीजें हैं, जो रोज़ाना खाई जाती हैं। हालांकि कम ही लोगों को पता होगा कि ये किस भाषा के शब्द हैं और ये कैसे बोलचाल की भाषा में शामिल हुए। इस सवाल को पूछते ही लोग अपना सिर खुजाने लगेंगे और उन्हें एक बार में कुछ समझ ही नहीं आएगा। अगर आपको भी नहीं पता तो जान लीजिए किस भाषा से



उत्पन्न हैं इनके नाम। वैसे हर रोज़ इस्तेमाल होने वाले दूध और दही शब्द हिंदी के नहीं हैं। हां यह भी कहना गलत होगा कि विदेशी भाषा से आए हैं। जा हां, ये शब्द संस्कृत भाषा से हिंदी में आए हैं। "दूध" शब्द हिंदी का नहीं है। संस्कृत भाषा में इसे "दुग्ध" कहा जाता है। यहां से ही से इस शब्द को हिंदी में शामिल कर लिया गया। "दुग्ध" संस्कृत में है और वो तद्भव होकर दूध बन गया।

ठीक इसी प्रकार "दही" भी संस्कृत भाषा की ही देन है। संस्कृत में दही के लिए "दधि" शब्द है, जिसका अर्थ होता है "खट्टा दूध"। "दधि" शब्द की उत्पत्ति संस्कृत में ही हुई है और इसे हिंदी में धीरे-धीरे दही के रूप में लिया गया। हमारी रोज़ाना की ज़िंदगी में इस्तेमाल होने वाले ऐसे ही बहुत से शब्द हैं, जिनकी उत्पत्ति के बारे में हमें पता नहीं होता। मसलन जिस चाय को हम रोज़ पीते हैं, वो भी हिंदी का शब्द नहीं है। ये न तो संस्कृत और न ही उर्दू-फारसी का ही शब्द है, बल्कि ये तो चीनी भाषा से आया हुआ शब्द है, जो वैसा का वैसा ही हिंदी में भी इस्तेमाल होता है।

## पाठक पाती

### बदले भारत का नया संदेश

पहलगाम मामले के बाद भारत की कूटनीतिक प्रतिक्रिया स्पष्ट करती है कि यह न तो 1965 का भारत है और न ही 1971 का। 1965 में भारत ने पाकिस्तान को धूल चटाई और 1971 में निर्णायक निर्णायक जीत हासिल कर बांग्लादेश की स्थापना में अहम् भूमिका निभाई। तब देश, काल और परिस्थितियों के अनुसार विदेश नीति रक्षात्मक और सीमित प्रभाव वाली थी। आज हालात पूरी तरह बदले हुए हैं। भारत वैश्विक स्तर पर निर्णायक भूमिका निभा रहा है। पड़ोसी पहले,एशिया-प्रशांत क्षेत्र के देशों और विशेष रूप से आसियान देशों के साथ आर्थिक, सामरिक और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावे के साथ ही ग्लोबल साउथ की नीति को आगे बढ़ाया है। पुलवामा हमले के बाद बालाकोट एयर स्ट्राइक और गलवान संघर्ष के बाद चीन के विरुद्ध आर्थिक प्रतिबंध तथा वैश्विक मंचों पर आतंकवाद के खिलाफ ठोस कदम भारत की सशक्त नीति का उदाहरण हैं। साथ ही भारत की मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी योजनाओं से देश ने रक्षा, तकनीक और ऊर्जा के क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता की राह आसान की हैं। बदले हालात में भारत के तेवर दुश्मनों को सख्त संदेश और वैश्विक महाशक्तियों से कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहने का मतलब समझा जाना चाहिए। उभरते आत्मनिर्भर भारत को दुनियां आज सम्मान और संकल्प की दृष्टि से देख रही है।

-अमृतलाल मारू 'रवि', इंदौर

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

**नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि.** के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# अवाम की आवाज, अभी जी नहीं भरा, सिखाएं और सबक

## दसकों तक याद रखें पाकिस्तान, ऐसी और करें कार्रवाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही/जालोर/पाली।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वालों को तो भले ही हम नहीं लौटा सकते। लेकिन, इस कायरता पूर्ण हरकत करने वाले दोषियों व उनके आकाओं व शरपरस्त पाकिस्तान को जरुर सबब सिखा कर यह बता दिया कि भारत बदला लेने में सक्षम है। हमें कोई छेड़ेगा तो उसे छोड़ेंगे भी नहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदुर के तहत चलाए गए ऑपरेशन में दर्जनों आतंकी मारे गए व कई ठिकाने जमींदोज कर दिए गए। इस कार्रवाई से देशभर में खुशी का माहौल है। इस कार्रवाई में सत्ता पक्ष का समूचे विपक्ष ने भी समर्थन करते हुए स्वागत किया है। उधर इस कार्रवाई के बाद भी देश के लोगों के मन में पाकिस्तान को और सबक सिखाने की चाह है। ऐसे में सभी का मानना है कि पाकिस्तान को ऐसा जवाब दिया जाए कि दसकों तक खुरापात का नाम नहीं लें। इधर एलओसी पर पाकिस्तान की ओर से की जा रही फायरिंग को लेकर हमारे सुरक्षा बल मुंहतोड़ जवाब देने में जुटे है तो देश के भीतर युद्धकाल की स्थिति बनने पर सायरन की आवाज, इसके बजने के बाद अपनाई जाने वाली गतिविधियों से लोगों को मॉक ड्रिल के जरिए प्रोत्साहित किया जाने लगा है। कुल मिलाकर देश का हर वाशिंदा इस बार अलग ही मुड में है वहीं देश का नेतृत्व आरपार की लड़ाई के मुड में। बहरहाल इन तमाम हालातों के बीच चुनिंदा लोगों ने जागरूक टाइम्स से बातचीत में कुछ इस तरह अपने दिल की बात रखी।







हमारी रक्षा सेनाओं की ओर से पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर किए गए लक्षित हमलों का स्वागत करता हूं। पाकिस्तानी डीप स्टेट को ऐसी सख्त सीख दी जानी चाहिए कि फिर कभी दूसरा पहलगाम न हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर देश की जनता को पूर्ण विश्वास है कि हमारा देश मोदीके हाथों में सुरक्षित है राजस्थान की जनता की तरफ से में सेनाओं को सैल्यूट करता हूं जय हिन्द।

**ओटाराम देवासी, राज्यमंत्री**


यह नया भारत है, घर में घुसकर मारता है। करोगे तो माकूल जवाब मिलेगा... ऑपरेशन सिंदूर भारतीयों की शहादत का जवाब। यह आतंक के खिलाफ भारत की निर्णायक नीति का उदघोष है। सरकार का स्पष्ट संदेश है, भारत पर हमला करोगे तो माकूल जवाब मिलेग। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेना राष्ट्रीय गौरव का एक नया अध्याय लिख रही हैं।

**लुम्बाराम चौधरी**
**सांसद, जालोर-सिरोही**


पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत सटीक हमले कर आतंकवाद को करारा जवाब दिया। आतंकवाद के खिलाफ भारत की यह जवाबी कार्रवाई हर भारतीय के दिल को सुकून देती है। समय पर करार जवाब नहीं देने पर आए दिन छोटी मोटी वारदात को अंजाम देते है।

**समाराम गरासिया**
**विधायक, पिण्डवाड़ा-आबू**


ऑपरेशन सिंदूर न्याय का प्रतीक है। जनता इस कार्रवाई से अभिभूत और संतुष्ट है। जवानों ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर पहलगाम के शहीदों का बदला लिया।

**मोतीराम कोली,**
**विधायक रेवदर**


आतंकवाद मानवता पर कलंक है। ऑपरेशन सिंदूर की साहसिक कार्रवाई गर्व करने वाली है। निर्दोष भारतीय नागरिकों पर कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले के खिलाफ सेना ने प्रचंड जवाब दिया है। 140 करोड़ भारतीय आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं। पहलगाम के शहीदों की आत्मा की शांति के लिए यह कार्रवाई जरूरी है।

**अर्जुनराम पुरोहित**
**जिला प्रमुख सिरोही**


ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम के निर्दोष नागरिकों की शहादत का पहला जवाब है। ये सिर्फ सैन्य कार्रवाई नहीं, न्याय की शुरुआत है। पूरा राष्ट्र अपने सैनिकों के साथ खड़ा है। ऑपरेशन के बाद कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिकासिंह का प्रेस को संबोधित करना ब्रीफिंग से कहीं अधिक है, यह भारत की नारी शक्ति का एक साहसिक बयान है। भारत ने अब चेतावनी नहीं, कार्रवाई शुरू की है।

**रक्षा भंडारी, भाजपा जिलाध्यक्ष सिरोही।**


पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेना ने आतंकवादी हमले के खिलाफ सेना ने प्रचंड जवाब दिया है। भारत में सिंदूर की अहमियत की है। आतंकियों ने हमारी माता-बहनों के सिंदूर को उजाड़ा था। भारत ने शब्दों के बजाय कड़ी कार्रवाई कर आतंकवाद को जवाब दिया है।

**नारायण पुरोहित, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सिरोही**




पहलगाम आतंकी हमले के 14 दिन में सेना की ओर से कार्रवाई करना एतिहासिक बात है। ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व और सेना के शौर्य का प्रतीक है। इस ऑपरेशन के लिए आमजन सेना को सलाम करती है।

**जगसीराम कोली, पूर्व विधायक रेवदर**


ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम में हमारे निर्दोष भाइयों की हत्या के प्रति भारत की प्रतिक्रिया है। मोदी सरकार भारत और उसके लोगों पर किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। भारत की आत्मा पर हमला करने वालो को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट है।

**रोहित खत्री, भाजपा जिला प्रवक्ता सिरोही**

### जालोर


पहलगाम में हुए आतंकी हमले में लोगों को नाम और धर्म पूछकर मारा गया। पत्नियों के सामने उनके पति और परिवार के मुखिया को गोली मारी गई और मोदी को बताने की बात कही गई। ऐसे में उन नापाक लोगों को ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से मोदी ने बता दिया और सेना ने घर में घुसकर आतंकियों को मार गिराया। अधिकांश देशों ने भारत की कार्यवाही का समर्थन किया। भारत का हर व्यक्ति सेना पर गर्व महसूस कर रहा है। हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी साथ में है और भारत की सुरक्षा के लिए तैयार है। विशेषकर हमें हमारे मुस्लिम भाइयों पर भी गर्व है, जिन्होंने खुलकर पहलगाम हमले की निंदा की और पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्यवाही की बात कही। पूरा देश साथ में है। आतंक और आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता। वे मानवता के दुश्मन होते है।

**जोगेश्वर गर्ग**
**मुख्य सचेतक, राजस्थान विधानसभा**


आतंक और आतंकियों को पनाह देने वाले पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना द्वारा की गई कार्यवाही को लेकर पूरे देश को गर्व है। आतंक को पनाह देने वाले पाकिस्तान पर अब सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है। हम सभी सरकार और सेना के साथ है। आतंकियों का समूल सफाया बहुत जरूरी है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने मानवता को शर्मसार किया है

**पुखराज पाराशर**
**पूर्व अध्यक्ष, जन अभियोग निराकरण समिति राजस्थान**


आतंक के खिलाफ भारतीय सेना की यह बहुत बड़ी कार्रवाई है। इस कार्रवाई का नाम ऑपरेशन सिंदूर रखने के लिए मोदी जी का बहुत-बहुत आभार। आतंकवादियों के घर में घुसकर भारतीय सेना ने उनका खात्मा किया और अपने पति और परिजनों को खोने वाली बहनों और बच्चों को न्याय दिलाया। वर्तमान में भारत एक सशक्त देश है और आतंक और आतंकवादियों के खिलाफ मोदी जी का रवैया सख्त है। पूरा देश सरकार और सेना के साथ खड़ा है। भारतीय सेना की कार्रवाई पर हमें गर्व है।

**देवजी एम पटेल**
**पूर्व सांसद, जालोर-सिरोही**


भारतीय सेना की ओर से आतंकियों के खिलाफ पाकिस्तान में घुस कर की गई कार्रवाई पर हमें गर्व है। पहलगाम में निर्दोष लोगों पर हमला करने की पाकिस्तान की कायराना हरकत की पूरी दुनिया ने निंदा की है एवं भारत ने इसका करारा जवाब देकर बता दिया कि अब किसी को छोड़ा नहीं जाएगा। पूरा देश हमारी सेना के साथ खड़ा है। हम सभी सरकार के फैसले का समर्थन करते हैं।

**जीवाराम चौधरी**
**विधायक साचौर**


पहलगाम हमले में निर्दोष पर्यटकों की हत्या करना सबसे घिनौना कार्य है। भारतीय सेना द्वारा आतंकवाद को कुचलने के लिए कार्यवाही का हम सब को गर्व है। सरकार व सेना द्वारा उठाए जाने वाले कदमों का हम समर्थन करते हैं। भारतीय सेना को कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में आतंकि व उसके आका दुबारा हिम्मत नहीं जुटा सके।

**डॉ समरजीतसिंह**
**विधायक-भीनमाल**


पाकिस्तान आतंकियों की फैक्ट्री बन गया है। पहलगाम में हुए हमले में निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर बहनों का सुहाग उजाड़ने का भारतीय सेना ने जमकर बदला लेकर बता दिया कि ना आतंकियों को बख्शा जाएगा एवं ना ही उनके शरपस्त को। कार्रवाई जरुरी थी। हम सभी को भारतीय सेना पर गर्व है। आगे भी सेना ईंट का जवाब पत्थर से देगी ऐसा विश्वास है।

**जसराज राजपुरोहित**
**भाजपा जिलाध्यक्ष, जालोर**


पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना द्वारा की कई कार्रवाई पर हमको नाज है। आंतकवाद के खात्मे के लिए भारतीय सेना ने जिस कुशलता से कार्रवाई की है उससे हर भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा उठा है। देश का हर नागरिक सेना के हर जवान के साथ खड़ा है। सरकार के देश हित के हर फैसले के लिए हम सरकार के साथ खड़े हैं।

**सुखराम विश्नोई**
**पूर्व मंत्री राजस्थान सरकार**


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना की ओर से ऑपरेशन सिंदूर के तहत दिखाया गया पराक्रम व शॉर्य सैल्यूट योग्य है। आतंकियों के घर में घुस कर उन्हें नेस्तनाबूद कर भारत ने विश्वभर में अपने दृढ़ निश्चय का परिचय दिया है। पाकिस्तान को अभी और भी करारा जवाब दिए जाने की जरुरत है, देश का हर वर्ग ऐसी ही चाह रखत है।

**नारायणसिंह देवल**
**पूर्व विधायक, रानीवाड़ा।**


पहलगाम की निंदनीय हरकत को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को हमारी सेना ने करारा जवाब दिया है। आतंकवादियों को ऑपरेशन सिंदूर के तहत मौत के घाट उतार दिया है। आज पूरा देश सेना के साथ है। सत्ता पक्ष और विपक्ष समेत सभी राजनीतिक पार्टियों को देश की सेना पर गर्व है। अपने पतियों को खोने वाली बहनों को न्याय मिला है।

**सरोज चौधरी**
**कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष, जालोर**


हमें देश की सेना पर गर्व है। हमारी सेना मजबूत और सक्षम है। पहले भी हमारी सेना ने पाकिस्तान को कई बार युद्ध में परास्त किया हुआ है। हम सभी सरकार और सेना के साथ है। अब वक्त आ गया है कि आतंक को पनाह देने वाले पाकिस्तान को करारा जवाब दिया जाए। ताकि भविष्य में पहलगाम जैसी निंदनीय घटना को अंजाम देने के बारे में सौ बार सोचें।

**योगेंद्रसिंह कुम्पावत**
**जिला प्रवक्ता, कांग्रेस जालोर**

### पाली


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना का शौर्य देखा हैं। पाकिस्तान के आंतकी ठिकानों पर सेना ने एयर स्ट्राइक कर साफ संदेश दिया है कि जो भारत की तरफ आंख उठाएगा उसे मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा। भारत ने दुनिया को साफ संदेश दिया है कि पाकिस्तान आतंक की फैक्ट्री हैं। आतंक को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**जोराराम कुमावत**
**कैबिनेट मंत्री, राजस्थान सरकार**


आतंकियों को समय रहते करारा जवाब देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ कर दिया है कि आतंकियों व उसके शरपरस्त पाकिस्तान को बख्शा नहीं जाएगा। इस करारे जवाब का देश को इंताजार था, इससे देश का मनोबल बढ़ा है। भारतीय सेना के शौर्य को सैल्यूट।

**पुष्पेंद्रसिंह राणावत**
**विधायक बाली**


पहलगाम में हुए आतंकी हमले से देशभर में रोष व्याप्त है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने जबरदस्त कार्रवाई कर पाकिस्तान स्थित आतंकियों के नो स्थानों को ध्वस्त कर करीब सौ आतंकियों को मिट्टी में मिला दिया। पहलगाम में पर्यटकों की हत्या कर बहनों का सुहाग उजाड़ने की घटना का बदला ले लिया गया। हमें हमारी सेना पर गर्व है। आगे भी आतंकियों व उसके शरपरस्त को ऐसी ही कार्रवाई कर जवाब दिया जाएगा।

**सुनील भंडारी**
**भाजपा जिलाध्यक्ष, पाली**


ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने पहलगाम की घटना का पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। हमें हमारी सेना पर बहुत गर्व है। भारत के खिलाफ किसी भी आतंकी घटना या इसके प्रयास का ऐसा ही करारा जवाब दिया जाएगा, उसका यही अंजाम होगा। हमारी सेना ने यह साबित कर दिखाया है। कांग्रेस राष्ट्रहित में खुलकर भारत सरकार के साथ है।

**हरीशंकर मेवाड़ा**
**कांग्रेस नेता-सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र**


आतंकवाद के गढ़ पाकिस्तान को भारतीय सेनाओं ने कड़ा जवाब दिया है। सेना ने कुशलता का ऐसा परिचय दिया कि पाकिस्तान को भनक तक नहीं लगी। कई आतंकियों को धूल चटाकर बता दिया गया कि आतंकियों के दिन अब लद गए है। सभी सेना व सरकार के साथ खड़े है।

**अभिमन्यु सिंह**
**वरिष्ठ कांग्रेस नेता, फालना/बाली**



पहलगाम में हुए आतंकी हमले का भारतीय सेना ने मुहतोड़ जवाब दिया है जो हमारे लिए गर्व की बात है। विपक्ष सरकार के साथ खड़ा है।

**यशपालसिंह राजपुरोहित**
**कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बाली**



# जवाई बांध का प्रशासनिक अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**एयर स्ट्राइक के बाद संभावित हालातों के चलते जांची सुरक्षा व्यवस्था**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** भारत द्वारा पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक के बाद सामरिक हालात और संभावित खतरे को देखते हुए गुरुवार सुबह प्रशासनिक अधिकारियों ने जवाई बांध का निरीक्षण किया। सुबह करीब साढ़े 9 बजे सुमेरपुर उपखंड अधिकारी कालूराम कुहार, शिवगंज उपखंड अधिकारी नीरज मिश्रा और पुलिस उपाधीक्षक जितेन्द्र सिंह राठौड़ ने बांध की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जवाई नहर खंड के अधिशाषी अभियंता राज भंवरायत ने अधिकारियों को बांध की संरचनाओं की स्थिति और सुरक्षा इंतजामों की जानकारी दी। अफसरों ने संभावित खतरे और आपातकालीन हालात से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। सभी विभागों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण में जवाई नहर उपखंड सुमेरपुर के सहायक अभियंता अक्षय कुमार कुमावत, सुमेरपुर ब्लॉक विकास अधिकारी प्रमोद दवे, शिवगंज बीडीओ मूलेन्द्र, सुमेरपुर इओ नरपतसिंह राजपुरोहित, शिवगंज इओ विनिता प्रजापत, सुमेरपुर तहसीलदार दिनेश आचार्य, शिवगंज तहसीलदार श्यामसिंह, कनिष्ठ अभियंता अशोक पूनिया सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# हमारे प्रधानमंत्री ने कौटिल्य के दर्शन को व्यवहार में उतारा है : उप राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कौटिल्य (प्राचीन भारत के महान राजनीतिज्ञ, अर्थशास्त्री और रणनीतिकार) के दर्शन को व्यवहार में उतारा है। धनखड़ ने कहा कि कौटिल्य की विचार प्रक्रिया शासन के प्रत्येक पहलू के लिए एक प्रकार का ग्रंथ है जिसमें शासन कला, सुरक्षा, राजा की भूमिका जो अब निर्वाचित व्यक्ति है, सबका वर्णन है। बहुधुवीय विश्व में बदलते गठजोड़ रातों-रात बदल जाने वाली अवधारणा, गठबंधन के मामले में भी यही देखा जा सकता है। कौटिल्य ने तभी यह कल्पना कर ली थी कि यह हमेशा परिवर्तनकारी रहेगा। उपराष्टपति ने कौटिल्य को उद्धृत करते हुए कहा कि पड़ोसी देश शत्रु होता है और शत्रु का शत्रु मित्र होता है।

उन्होंने कहा कि यह भारत से बेहतर कौन जानता है? हम हमेशा वैश्विक शांति, विश्व बंधुत्व और विश्व कल्याण में विश्वास करते रहे हैं। धनखड़ ने गुरूवार को नई दिल्ली में इंडिया फाउंडेशन के कौटिल्य फेलो के साथ संवाद करते हुए कहा कि हमारे प्रधानमंत्री एक महान दूरदर्शी नेता हैं जो वृहद स्तर पर काम करने में विश्वास करते हैं। उनका विश्वास व्यापक सकारात्मक बदलाव लाने में हैं जो एक दशक के उनके शासन के उपरान्त बिल्कुल स्पष्ट दिख रहा है।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर टीबी रोगियों में पौष्टिक आहार किट वितरित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता







**सिरोही।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी सिरोही जिला शाखा द्वारा निक्षय मित्र योजना के तहत राजकीय चिकित्सालय सिरोही के क्षय विभाग में पंजीकृत टीबी रोगियों में से जरूरतमंद रोगियों को पौष्टिक आहार किट वितरण कार्यक्रम जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। इस मौके पर जिला कलेक्टर ने उपस्थित टीबी रोगियों को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सकों के परामर्श के अनुसार निर्धारित समय पर तय मात्रा में पूर्णतया दवाईया लेने के साथ आवश्कतानुसार पौष्टिक आहार ग्रहण करने पर इस बीमारी से पूर्णतया स्वस्थ हो सकते हैं। रेडक्रॉस सोसायटी सिरोही जिला चैयरमेन प्रकाश प्रजापति के बताया कि सरकार की तरफ ने निशुल्क प्रदान की जाने वाली दवाई के साथ स्वास्थ्य में बेहतर सुधार हेतु पौष्टिक आहार की आवश्यकता होती है। जिनमें से अधिकतर जरूरतमंद रोगी आर्थिक स्थिति के कारण पौष्टिक आहार ग्रहण नहीं कर पाते हैं।

इस हेतु जरूरतमंद रोगियों को आहार किट के रूप में प्रति रोगी 1 किलो मूंगफली दाने, 1 किलो दाल, 1 किलो तेल, 1 किलो भूनगडे, 1 किलो चावल एवं 5 किलो आटा का निशुल्क किट 20 टीबी रोगियों को समाजसेवी मीठालाल भंडारी के सौजन्य से प्रदान किए गए है एवं आगे भी रेडक्रॉस द्वारा जरूरतमंद टीबी रोगियों को पोषक किट निशुल्क वितरण किए जाएंगे। क्षय रोग जिला अधिकारी डा. विवेक जोशी इस रोग होने के कारण, बचाव एवं उपायों के बारे में बताया। सभागार में नर्सिंग छात्राओं द्वारा विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष में प्रेरणादायी रंगोली बनाई। रेडक्रॉस द्वारा रंगोली बनाने वाली छात्राओं को जिला कलेक्टर के हाथों स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करवाया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. दिनेश खराड़ी, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एसपी शर्मा, रेडक्रोस सदस्य एवं सभापति महेंद्र मेवाड़ा, कोषाध्यक्ष समाजसेवी रघुभाई माली, सदस्य रतन बाफना, कल्पेश जैन, मीठालाल माली, प्रकाश सिन्हा, भीखसिंह भाटी, नारायण सिंह देवड़ा, नारायण सिंह सिंदल, क्षय विभाग के चिकित्सा अधिकारी डॉ बजरंगलाल रेवड़, डॉ. शुभा, संजय कुमार, नर्सिंगकर्मी भूपेंद्र विश्नोई, सत्यपाल सिंह, दिलीप कुमार, रजत गुर्जर, विशाल, दीपसिंह सहित क्षय रोगी, रेडक्रॉस सोसायटी सदस्य उपस्थित थे।

# नई झाडोली में पानी की किल्लत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिंडवाड़ा।** गांव झाड़ोली के सिवेरा रोड हनुमान वास में पेयजल की भयंकर किल्लत हो रही है। मात्र 40 मिनट पानी देने से घरों के नलों मे पानी निचले इलाके में पहुच ही नहीं पाता है क्योंकि 10 मिनट तक तो हवा ही आती है और दबाव भी नहीं होने से पीने के पानी की भी किल्लत हो रही है। लोग पानी के लिए दूरदराज के हैंडपम्प पर दौड़ते हुए नजर आते हैं। लोगों ने पानी के समय को बढ़ोतरी की मांग की मगर जलदाय विभाग ने उसको अनदेखा कर दिया है। जबकि सरकार द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है कि पानी की समस्या का तुरंत निपटारा होगा। लोगों ने मांग की है कि क्षेत्र की समस्या का निपटारा शीघ्र करे अन्यथा मजबूर होकर आंदोलन किया जाएगा। इस क्षेत्र में बोरिंग से सीधी सप्लाई की जाती है मगर मोटर के बगैर पानी नलों में आता ही नहीं है मात्र हवा नसीब होती है।



# पिंडवाड़ा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न





■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिंडवाड़ा।** निकटवर्ती कोजरा ग्राम पंचायत के मेघवाल समाज की धर्मशाला (बाबा रामदेव) में आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पिंडवाड़ा की बैठक कांग्रेस के विधानसभा प्रत्याशी एवं प्रधान लीलाराम गरासिया के आतिथ्य एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अचलसिंह बलिया की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर आगामी जिला परिषद सदस्य के वार्ड संख्या 18 वार्ड के उपचुनाव पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में कांग्रेस पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि हमें एकजुट होकर चुनाव लड़ना है। इसके लिए जो भी उम्मीदवार अपना आवेदन देना चाहता है, वो अपना आवेदन 9 मई तक जमा करवा दें। जिस पर कांग्रेस पार्टी विचार विमर्श कर योग्य एवं उपयुक्त उम्मीदवार का चयन कर चुनाव मैदान में उतारेगी। जिसके लिए कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपना उत्साह दिखाया है। इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा चलाए जा रहे संविधान बचाओ अभियान पर भी चर्चा कर लोगों को संविधान के प्रति जागरूक किया गया। हमारे संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है। इसके लिए हमें इस अभियान को गांव-गांव, ढाणी-ढाणी ले जाने की जरूरत है। इसके लिए बूथ स्तर पर भी लोगों को सजग व जागरूक करने का कर्तव्य हम सभी कांग्रेसजनों का है। इस अवसर पर सभी कांग्रेसजनों ने लोकसभा के प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा जाति जनगणना का दबाव केंद्र सरकार पर लंबे समय से बनाया जा रहा था। लगातार दबाव की राजनीति के चलते आखिर उसमें सफल हुए और केंद्र की भाजपा सरकार को जातिगत जनगणना करने की घोषणा करनी पड़ी। इसके लिए कांग्रेस के सभी राष्ट्रीय नेताओं एवं कांग्रेस पार्टी का आभार प्रकट किया गया क्योंकि इस जनगणना के साथ ही दबी कुचली जाति के लोगों के लिए विकास के रास्ते खुलेंगे। बैठक में पूर्व विधायक गंगाबेंन गरासिया, ब्लॉक कांग्रेस मुख्य संगठन मंत्री पुष्पेंद्र सिंह देवड़ा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष महेशदान, रामाराम चौधरी, जिला कांग्रेस महासचिव अमृत लोहार, नरेश रावल, प्रेमाराम देवासी, जगदीश रायका, रमेश कुमार चौधरी मंडवाड़ा, पूर्व नगर अध्यक्ष दर्जिंग पुरोहित, केसाराम मेघवाल कोजरा, सुरेश कुमार रावल मंडल अध्यक्ष पुखराज रावल मौजूद रहे।

# सायरन की आवाज से लोग घरों से निकले

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



- 15 मिनट तक ब्लैकआऊट
- घरों की लाइट्स और दरवाजे बंद किए

**सिरोही।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर सिरोही में बुधवार रात 11:15 से 11:30 बजे तक ब्लैकआउट ड्रिल का आयोजन किया गया। शहर में सायरन की आवाज के साथ ड्रिल की शुरुआत हुई। नगर परिषद ने पहले से ही स्ट्रीट लाइट्स बंद कर दी थी। सायरन बजते ही लोगों ने अपने घरों की लाइट्स और दरवाजे बंद कर लिए। शहर के अहिंसा सर्कल, अनादरा सर्कल, मुख्य बैंक, केंद्रीय बस स्टैंड, सरजावा गेट और कलेक्ट्रेट समेत सभी प्रमुख चौराहों पर सायरन की आवाज गूंजती रही। पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट था। शहर कोतवाल दलपत सिंह अपनी टीम के साथ हर चौराहे पर गश्त करते दिखे। सड़क पर चल रहे वाहनों ने लाइट बंद कर अपने वाहन किनारे खड़े कर दिए। सरजावाव दरवाजे के पास एक बैंक कर्मचारियों ने भी सायरन बजा दिया। इस सायरन की आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। बैंक कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने अधिकारियों के आदेश पर सायरन बजाया। कुछ दुकानदार अपनी दुकानों के साइन बोर्ड की लाइट्स जलती छोड़कर चले गए। सारनेश्वरजी लाइब्रेरी और एक पेट्रोल पंप पर भी लाइट्स जलती रहीं। कुछ युवक मोटरसाइकिल लेकर सड़कों पर घूमते भी दिखे।

# सामूहिक औदिच्य गोरवाल ब्राह्मण समाज का यज्ञोपवित एवं विवाह संस्कार संपन्न





■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** श्री आम्बेश्वर भक्त मंडल द्वारा श्री समस्त औदिच्य गोरवाल ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में गुरुवार को शहर के समीप आम्बेश्वर मंदिर में 33वां सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार एवं सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न स्थानों एवं जिले के बाहर से बड़ी संख्या में समाज बंधु शामिल हुए। इस आयोजन में 19 बटुकों को सामूहिक यज्ञोपवित संस्कार व दो जोड़ों का विवाह करवाया गया। वैदिक मंत्रोच्चार व अनुष्ठान संपन्न होने के साथ 19 बटुकों को यज्ञोपवित संस्कार के तहत जनेऊ धारण कराया गया। काशी प्रस्थान की परंपरा निभाने के तहत इन सभी बटुकों ने गुरू के आदेश पर वहीं शिक्षा ग्रहण करने का संकल्प लिया। आयोजन समिति के मोहनलाल एस. ओझा ने बताया कि श्री आंबेश्वर भक्त मंडल द्वारा पिछले 32 वर्षों से औदिच्य गोरवाल ब्राह्मण समाज का सामूहिक यज्ञोपवित एवं सामूहिक विवाह संस्कार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में सिरोही जिले में रहने वाले समाजबंधु एवं अन्य राज्यों में निवास कर रहे समाज बंधु प्रतिवर्ष इस आयोजन में शामिल होने बड़ी संख्या में आते हैं। उन्होंने बताया कि वेदपाठी आचार्य आनंद मुरलीधर ओझा गोल के मार्गदर्शन में 19 बटुकों ने यज्ञोपवित धारण किया। भिक्षाटन कर बटुकों ने गुरु को अर्पण किया। यज्ञोपवित संस्कार से पूर्व बटुकों का मुंडन करवाया गया। बाद में विधि-विधान से भगवान गणेश सहित देवताओं का पूजन, यज्ञवेदी एवं बटुकों को अधोवस्त्र के साथ माला पहनाकर बैठाया गया। इसके बाद विनियोग मंत्र ब्रह्मचर्य के पालन की शिक्षा के साथ विभिन्न धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। बटुकों ने भिक्षा लेकर गुरू को अर्पण की। इसके बाद गुरू ने उनके कानों में गुरू मंत्र दिया। इस आयोजन में सभी समाजबंधुओं का उत्साह देखते ही बनता था। भारी गर्मी के बीच में भी समाज के सभी आयूवर्ग के लोग आर्शीवाद देने के लिए आए हुए थे। श्री आम्बेश्वर भक्त मंडल के बालकृष्ण भवानीशंकर दवे, मोहनलाल जयशंकर त्रिवेदी, गोरधनलाल जयशंकर त्रिवेदी, बैकुंठ एल. त्रिवेदी, एवं बालूभाई एल. दवे व अन्य लोग व्यवस्था बनाने में सहयोग कर रहे थे।

# सिरोही में सियाळे जैसी सर्दी, प्रदेश में सबसे ठंडा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** सिरोही जिले समेत पूरे राजस्थान में बुधवार को भी पश्चिमी विक्षोभ का असर जारी रहा। जिला मुख्यालय पर शाम को 15 मिनट तक बारिश हुई, जिससे मौसम में ठंडक घुल गई। इधर लगातार चार दिनों से बदले मौसम के बीच सिरोही का तापमान भी लगातार गिरता जा रहा है। बुधवार को न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री तक पहुंच गया, जो पूरे प्रदेश में हिल स्टेशन माउंट आबू के बाद सबसे कम है। न्यूनतम तापमान भी 16.9 डिग्री रहने से रात में सर्दी का एहसास हुआ। बुधवार शाम को 5.30 बजे बारिश शुरू हुई, जो 15 मिनट बरसी। इस दौरान शहर की सड़कों पर पानी बहने लगा। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार राज्य में आगामी 10 मई तक आंधी-बारिश का दौर जारी रहने की संभावना जताते हुए सिरोही समेत 30 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। माउंट आबू में बुधवार को अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

▶▶ दिन का पारा 27.2, रात का 16.9 डिग्री, शाम को बारिश



# रायपुर में नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर संपन्न



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** ग्राम पंचायत रायपुर में तारा संस्था व एसबीआई फाउंडेशन के सयुंक्त तत्वावधान में सबरी एकलव्य विकास संस्था द्वारा निःशुल्ज नेत्र परीक्षण शिविर हुआ। जिसमें नेत्र विशेषज्ञ पदमा शर्मा ने मरीजों की बारीकी से जांच करके उपयोगी जानकारी दी गई। शिविर प्रभारी नटवरसिंह ने बताया कि उपचार के लिए वाहन द्वारा मरीजों को लेकर जाने व उपचार के बाद उनको निवास स्थान पर छोड़ा जाएगा। संस्थापक रतन राणा ने बताया कि ग्रामीणों की मांग अनुसार ग्राम पंचायत भवन में शिविर रखा। रायपुर ग्राम पंचायत के इर्द गिर्द 10 गांव आते हैं। जिनको लाभ मिला है। वहीं सरपंच/प्रशासक छगनलाल कोली ने बताया कि तारा संस्था की टीम द्वारा जो जनसेवा का कार्य किया जा रहा है, वह सहारानीय है। स्वास्थ्य कर्मी कल्पेश कटारा ने चयनित मरीजों को चश्मे व दवाई वितरण की गई। इस मौके पर नरपत सिंह, भरत कुमार, कांतिलाल के साथ अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में निःशुल्क शिविर का आयोजन हुआ।

# माउंट आबू में वेस्टर्न रेलवे का एडवेंचर कैंप

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**माउंट आबू।** माउंट आबू स्थित स्टेट एडवेंचर एवं ट्रेनिंग सेंटर में वेस्टर्न रेलवे का सात दिवसीय एडवेंचर शिविर संपन्न हुआ। सीओ स्काउट जितेंद्र भाटी के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में 123 स्काउट सदस्यों ने हिस्सा लिया। शिविर में प्रतिभागियों को विभिन्न एडवेंचर गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। इनमें रॉक क्लाइंबिंग, रैपलिंग, हॉर्स राइडिंग, गन शूटिंग और जिप-लाइन शामिल थे। छात्रों को नक्की झील, टॉड रॉक और सनसेट पॉइंट पर ट्रैकिंग का अनुभव भी मिला। कार्यक्रम के अंतिम दिन छात्रों ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया। संगीत और सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए। रात में कैंप फायर का आयोजन किया गया। सीओ जितेंद्र भाटी ने कहा कि एडवेंचर प्रोग्राम युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को जीवन की चुनौतियों से निपटने के गुर सिखाए। साथ ही शिविर में सीखी गई गतिविधियों को जीवन में उतारने की सलाह दी। कार्यक्रम में विक्रम झाझडिया, भरत लाल रैबारी, प्रकाश राणा, भरत सुरेजा सहित अन्य स्काउट गाइड उपस्थित रहे।



▶▶ 123 छात्रों ने सीखी रॉक क्लाइंबिंग
▶▶ रैपलिंग और जिपलाइन जैसी एडवेंचर एक्टिविटीज

# 20 हेक्टेयर में बोए तरबूज-खरबूज की बंपर पैदावार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** मंडार सहित रेवदर क्षेत्र में इस बार किसान आलू की फसल लेने के बाद गुजरात की तर्ज पर तरबूज और खरबूजे की खेती कर रहे हैं। क्षेत्र में सबसे ज्यादा बिकने वाला तरबूज व खरबूजा इस बार सबसे ज्यादा बोया गया। फसल अब बाजार में पहुंचने लगी है। रेवदर ब्लॉक के किसान सोफीन, विक्रम माली व मुकेश माली ने बताया कि बूंद-बूंद सिंचाई से तरबूज व खरबूजे की फसल तैयार की जा रही है। समय पर यह फसल बाजार में भेजनी पड़ती है। वर्तमान में 10 रुपए किलो के दाम से तरबूज व खरबूज की बिक्री हो रही है। खाद बीज विक्रेता रेवाराम माली, दिनेश प्रजापत व भरत प्रजापत ने बताया कि खरबूजे के बीज का दाम 27 हजार रुपए किलो के भाव से आता है। तरबूज के बीज के दाम प्रति किलो 32 हजार रुपया है। एक बीघा भूमि में 250 ग्राम बीज लगाए जाते हैं। बूंद-बूंद सिंचाई से पैदावार दो माह के तैयार हो जाती है। मंडार कृषि अधिकारी पूराराम चौहान ने बताया कि अगले साल की तुलना में इस बार रेवदर ब्लॉक में सबसे ज्यादा तरबूज व खरबूजे की बुआई हो रही है। गत वर्ष 70 हेक्टेयर में बुवाई की थी। इस बार 90 हेक्टेयर यानि 20 हेक्टेयर में ज्यादा बुवाई हुई है।



# पेंशनरों को आयकर रिटर्न और आरजीएचएस की दी जानकारी




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** पेंशनर्स भवन सिरोही में बुधवार को मासिक बैठक डा. रमाकांत शर्मा की अध्यक्षता, पद्मा घड़िया, गणपतलाल ओझा, मुन्नालाल वर्मा के विशिष्ट आतिथ्य व जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में भंवरलाल सोनी, डॉ. रमाकांत शर्मा, पद्मा घड़िया, गणपतसिंह देवड़ा, रमेशसिंह परमार व नाथूसिंह चौहान ने आर्थिक योगदान दिया और लेखराज भट्ट, शंकरसिंह राठौड़ व दयाराम कुम्हार को नवीन सदस्यता प्रदान की गई। बैठक में वरिष्ठ सदस्य गणपतसिंह देवड़ा ने आने वाले योग दिवस, गुलाबसिंह राठौड़ ने देशभक्ति गीत, अतुल भाटिया ने आयकर रिटर्न व आरजीएचएस योजना की जानकारी दी व इशहाक आलम ने पहलगाम आतंकी हमले पर कविता प्रस्तुत की। जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने सभी को वर्तमान परिस्थितियों में देश की एकता व अखंडता के लिए सरकार व पुलिस व जिला प्रशासन की ओर से जारी निर्देश की पालना करने, किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने व सतर्क रहने व परस्पर सहयोग करने का अनुरोध किया। पहलगाम आतंकी हमले में दिवंगत लोगों के अलावा पेंशनर्स समाज के आशा देवी, शांतिदेवी व सुशीला भाटी को मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में वीरेंद्र सिंह सोलंकी, जगदीश सिंह गुर्जर, मगनसिंह परमार, नटवरलाल खंडेलवाल, गीता मिस्त्री, अर्जुनसिंह बारड, प्रदीपसिंह सिंदल, बलवंत सिंह सिंदल, कालूसिंह, महेश प्रजापत, करणसिंह राठौड़, गजेंद्रसिंह राठौड़ समेत 60 पेंशनर्स मौजूद थे।

रक्षा मंत्रालय का आदेश

# मॉक ड्रिल को उपखंड अधिकारी ने ली बैठक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



▶▶ मनोज गुप्ता ने मॉक ड्रिल पालन के दिए निर्देश

**रेवदर।** उपखंड मुख्यालय के पंचायत सभागार भवन में बुधवार 11 बजे उपखंड अधिकारी सुबोध सिंह चारण की अध्यक्षता में रक्षा मंत्रालय की गाइडलाइन अनुसार मॉक ड्रिल को लेकर ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उपाधीक्षक पुलिस वृत्त रेवदर मनोज गुप्ता ने रक्षा मंत्रालय से प्राप्त निर्देशानुसार अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से व्यवस्थित व मॉक ड्रिल का व्यवस्थित ढंग से पालन के लिए सभी अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि मोक ड्रिल का सुनिश्चित समय में किस तरह पालन होनी चाहिए। उन्होंने गाइडलाइन अनुसार उपखण्ड क्षेत्र में हूटर व सायरन के लिए बैंकों के अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही इसके लिए कर्मचारी की नियुक्ति करने के साथ नागरिकों की सुरक्षा एवं रक्षा मंत्रालय की गाइडलाइन अनुसार निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए। बैठक में उपखंड अधिकारी ने उप खंड क्षेत्र के नागरिकों से कानून व शांति व्यवस्था में बनाए रखने, सोशल मीडिया या किसी भी अफवाहें संबंधित खबरों को फॉरवर्ड नहीं करने की अपील की।

# शहीद स्मारक पर युवाओं ने मनाई खुशी, फोड़े पटाखे

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नागाणी।** भारतीय सेना ने पहलगाम हमले का बदला ऑपरेशन सिंदूर के नाम से भारतीय सेना के जवानों ने पाकिस्तान पर हमला कर बदला लिया। पूरे देश में सेना पर गर्व महसूस हो रहा है और इस खुशी में गांवों में भी देखने को मिल रही है। नागाणी गांव के ग्रामीणों ने शहीद रमेश कुमार चौधरी स्मारक पर पहुंचकर तिरंगा लहराते हुए सेना के हौंसले बुलंद करने के लिए नारेबाजी की ओर पटाखे फोड़े कर खुशी मनाई। इस मौके पर मोटाराम चौधरी, कसनाराम, नाथूराम, अशोक प्रजापत व डासु भाई आदि मौजूद रहे।

▶▶ नारेबाजी की, पटाखे फोड़कर मनाई खुशी





● आदर्श डूंगरी गांव में रामेश्वर महादेव मंदिर में वार्षिकोत्सव मनाते हुए।

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरूपगंज।** समीपवर्ती आदर्श डूंगरी गांव में गुरुवार को रामेश्वर महादेव मंदिर में वार्षिकोत्सव मनाया गया। समाजसेवी रतनराज रावल ने बताया कि आदर्श डूंगरी गांव के रामेश्वर महादेव मंदिर में वार्षिकोत्सव के तहत सुबह मंगल आरती के बाद पूजा अर्चना के साथ अभिषेक कर मंदिर के शिखर पर ध्वजा चढ़ाई गई। महाआरती के बाद महाप्रसादी वितरण की गई। इस दौरान महिलाओं ने मंगल गीत गए एवं भजन कीर्तन किया गया।

# मंडार थाने में जब्त अवैध शराब नष्ट

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** जिला पुलिस के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक प्रभूदयाल धानिया एवं रेवदर उप अधीक्षक मनोजकुमार गुप्ता के सुपरविजन में मंडार थाने में जमा मालखाना सामान के अधिकाधिक निस्तारण के संबध में प्राप्त निर्देशो की पालना थानाधिकारी रविन्द्रपालसिह राजपुरोहित मय टीम ने थाने में दर्ज आबकारी अधिनियम के 45 प्रकरणो में जब्त अंग्रेजी शराब, बीयर व देशी शराब के करीबन 470 कर्टन के नष्टीकरण के न्यायालय से आदेश प्राप्त किए गए। प्रकरणों में जब्त अंग्रेजी शराब, बीयर व देशी शराब के करीबन 470 कार्टुन शराब को बुधवार देर शाम को जिला आबकारी अधिकारी सिरोही अजेय जैन,आबकारी निरीक्षक वृत रेवदर के राकेश खत्री की उपस्थिति में नष्टीकरण करवा निस्तारण करवाया गया। इस मौके पर मालखाना प्रभारी कांतिलाल मय जाब्ता व आबकारी विभाग के कार्मिक उपस्थित रहे।



# पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ रहे तारानगर दौरे पर

## विनायक होटल एवं मैरीज पैलेस का किया उद्घाटन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तारानगर में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिँह राठौड़, चूरू विधायक हरलाल सहारण व पदम् भूषण देवेंद्र झाझडिया ने गुरुवार को तारानगर चूरू बाईपास पर स्थित विनायक होटल एवं मैरीज पैलेस का रीबन काटकर



उद्घाटन किया। होटल संचालक रवि स्वामी व महिपालराम स्वामी ने बताया कि होटल में शुद्ध शाकाहारी भोजन मिलेगा, होटल में शराब पीना एवं पीकर आना सख्त मना है। ठहरने की सम्पूर्ण व्यवस्था रहेगी। पूर्व पालिका अध्यक्ष जसवंत स्वामी ने आगंतुक लोगों का आभार व्यक्त किया। इस मोके पर जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, पूर्व विस प्रत्याशी एवं भाजपा नेता राकेश जांगिड़, महावीर पूनियाँ, अमरसिँह चारण, जमरदीन तेली, नगर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, शिव भगवान जोशी, लीलाधर बगोरिया, सुरजाराम गहलोत, दलीप पूनियाँ, अजीत सिँह, विशाल शर्मा, कपिल स्वामी, मोहम्मद तैयब, त्रिलोक रेगर, राकेश टाक सहित कस्बे के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# नामांकन वृद्धि हेतु घर-घर संपर्क कर रहे हैं लसेडी विद्यालय के शिक्षक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** नामांकन वृद्धि के लिए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लसेड़ी के शिक्षकों द्वारा प्रवेशोत्सव अभियान के प्रथम चरण में प्रधानाचार्य सुमन जी पूंनिया की अगुवाई में घर-घर संपर्क कर विद्यालय में प्रवेश दिलाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। हाउस होल्ड सर्वे 2025 के तहत शिक्षकों का अलग अलग दल बनाकर गांव तथा ढाणियों में प्रवेश हेतु अभिभावकों



से संपर्क किया गया तथा राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे पोषाहार योजना, निशुल्क पाठ्य पुस्तक योजना, निशुल्क साइकिल योजना , निशुल्क पोशाक योजना, ट्रांसपोर्ट बाउचर योजना , विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं एवं अन्य प्रदत सुविधाओं की जानकारी देकर सरकारी विद्यालय में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया गया। संस्था प्रधान सुमन पूनियां ने शिक्षा के महत्व को अभिभावकों को साझा करते हुए उन्हें विद्यालय में उपलब्ध भौतिक संसाधनों व डीजिटल शिक्षा , अनुशासन , संस्कार व सरकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु समझाया गया और अपने बच्चों को सरकारी विद्यालय में प्रवेश दिलाकर नामांकन वृद्धि में सहयोग करने की अपील की गई।

# अनूठी पहल : दहेज में 1 रुपया और कलश

## समाज के लिए बनी मिसाल, नई पीढ़ी की नई सोच

**बस्सी।** जहां एक और दहेज के नाम पर बहुओं और बेटियों को परेशान



किया जा रहा है। वहीं बस्सी के भोन्यावाला ग्राम में एक शादी कौतूहल का विषय बनी। जयपुर के सांगानेर निवासी राजेन्द्र और अमित कुमार ने 1 रुपया और नारियल ले कर समाज के लिए एक मिशाल कायम की। दहेज में दूल्हा पक्ष को नेग के रूप में एक रूपया दिया गया। जिसे सहर्ष स्वीकार किया। दूल्हा पक्ष ने दहेज को एक सामाजिक बुराई बताते हुए बड़ी ही विनम्रता के साथ दहेज में मात्र कन्या और कलश स्वीकार कर समाज के समक्ष एक अनूठी मिसाल पेश की। बैरवा समाज की परंपराओं के अनुसार राजेंद्र और ममता, अमित और लाली की शादी हुई। वहीं ग्रामवासियों ने दहेज को एक सामाजिक बुराई बताया।

## भाकरां में तेज मेघ गर्जना के साथ आधे घंटे हल्की बारिश हुई

**सादुलपुर।** उपखण्ड क्षेत्र में तहसील के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में एक मई से मौसम परिवर्तनशील है कभी हल्की बारिश बुंदाबांदी आंधी तूफान हर रोज निरंतर जारी है तहसील के हरियाणा निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में गुरुवार को अल सुबह मौसम साफ रहा अचानक दोपहर बाद तेज मेघ गर्जना के साथ बारिश का दौर शुरू हुआ इस दौरान आधे घंटे तक हल्की बारिश गांव भाकरां सुधिवास खैरु बड़ी राधा बड़ी आदि ग्रामीण क्षेत्र में हुई बारिश के दौरान विद्युत आपूर्ति तप हो गई जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा इस दौरान उमस बढ़ गई एवं शाम को ठंडी हवा चलने के बाद बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया तब जाकर लोगों को गर्मी से राहत मिली।

## भाजपा अलवर दक्षिण मे मंडल कार्यकारिणी का गठन

**अलवर ।** भाजपा अलवर दक्षिण जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता की सहमति से रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष -भगवान सैनी (रामगढ़) एवम मंडल अध्यक्ष -योगेंद्र शर्मा (गोविंदगढ़ )ने अपनी मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमे महामंत्री 2,उपाध्यक्ष व मंत्री 6-6 तथा 1 कोषाध्यक्ष सहित कार्यकारिणी सदस्यों की नियुक्ति की गई।

# 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' खाद्य पदार्थो के 302 नमूने जांच के लिए भेजे गए

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि जिले में मिलावटीखोरी पर लगाम लगाने हेतु चलाए जा रहे 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत 1 मई से 8 मई तक खाद्य पदार्थों के 302 नमूने जांच हेतु लिए गए जिनमें से 39 नमूने अवमानक स्तर के पाये गए।

उन्होंने बताया कि अलवर शहर में अशोका टाकीज के सामने स्थित मैसर्स संतोष कुमार गुप्ता, यूआईटी के सामने स्थित मैसर्स राजस्थानी पवित्र भोजनालय, भगतसिंह सर्किल स्थित मैसर्स बाबा दा ढाबा, मैसर्स जयदुर्गा पवित्र भोजनालय व मैसर्स न्यू हिंदुस्तानी पवित्र भोजनालय, मुगस्का स्थित मैसर्स अल्कारिम रेस्टोरेंट, 200 फीट रोड स्थित राज पवित्र भोजनालय, समीन टावर स्थित मैसर्स बूराक रेस्टोरेंट एण्ड कैफे, 60 फीट रोड मैसर्स जैन स्वीट्स होम, मैसर्स जायका दिल्ली-9 फैमिली रेस्टोरेंट, जुबली बास स्कीम नं. 2 स्थित मैसर्स साउथ स्ट्रीट, मैसर्स चोपशॉप, लाजपत नगर स्थित मैसर्स श्री श्याम फास्ट फूड, राठी मार्केट एमआईए स्थित मैसर्स छोटे लाल मिष्ठान भंडार, जेल सर्किल स्थित मैसर्स कपूर मिष्ठान भंडार तथा दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेस-वे पिनान राजगढ स्थित मैसर्स सावोर सागा वेंचर व मैसर्स बांसुरी वाला, पिनान स्थित मैसर्स रामप्रसाद एण्ड कम्पनी एवं रामगढ में मैसर्स इरफान डेयरी में पनीर के नमूनों को जांच रिपोर्ट में असुरक्षित व अवमानक पाया गया। ढिगावडा स्थित मैसर्स श्री माताजी जोधपुर मिष्ठान भंडार, बख्तल की चौकी स्थित मैसर्स प्रजापति मिष्ठान भंडार, एमआईए स्थित मैसर्स श्री रामदेव जोधपुर मिष्ठान भंडार व मैसर्स पूरण मिष्ठान भंडार, प्रतापगढ चौराहा थानागाजी में मैसर्स श्रीकरनी जोधपुर मिष्ठान भंडार एवं शीतल में मैसर्स शिव भोले मिष्ठान भंडार में कलाकंद के नमूनों को जांच रिपोर्ट में असुरक्षित व अवमानक पाए गए।

इसी प्रकार अलवर शहर के रेलवे स्टेशन स्थित मैसर्स महादेव ढाबा से आयोडीन युक्त नमक, बख्तल की चौकी स्थित मैसर्स चौहान इंटरप्राइजेज से खुले सरसो के तेल, मैसर्स अमित रसगुल्ला भंडार से रसगुल्ला व मैसर्स नवीन किराना एण्ड जनरल स्टोर से वरिया ब्रांड घी, केसरोली मोड स्थित मैसर्स अरजू जनरल स्टोर से रेड चिल्ली पाउडर, एमआईए स्थित मैसर्स गुप्ता मिष्ठान भंडार से खुले दही, मन्नाका रोड स्थित मैसर्स साबूर डेयरी से क्रीम (एमएफ), फौजी कॉलोनी स्थित मैसर्स मुस्कान डेयरी से घी, मैसर्स बाबा भर्तृहरि मेघा मार्ट से कृष्णा ब्रांड का तिल ऑयल, अम्बेडकर नगर स्थित मैसर्स क्लालिटी बाजार से रेड चिल्ली पाउडर, आर्य नगर स्थित मैसर्स दिनेश एण्ड कम्पनी से घी (मिल्क फूड), 60 फीट रोड स्थित मैसर्स पंकज स्वीट्स से खोया एवं वीर चौक तांगा स्टेण्ड स्थित मैसर्स श्री जय हाउस से दही के नमूनों को जांच रिपोर्ट में असुरक्षित व अवमानक पाया गया। उन्होंने बताया कि उक्त खाद्य पदार्थों जो जांच रिपोर्ट में असुरक्षित एवं अवमानक पाए गए हैं उनकी फर्म/व्यक्ति के विरूद्ध सक्षम न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा जिसमें सजा एवं जुर्माने का प्रावधान है।

## सरिस्का में अतिक्रमण रुकवाने पहुंची टीम को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, 3 वनकर्मी घायल

**अलवर।** अलवर के सरिस्का के तालवृक्ष रेंज में अतिक्रमण हटाने गई वन विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। देवरा नाका के गुडा गांव में वनकर्मियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया, जिसमें 3 कर्मचारी घायल हो गए। वनकर्मियों को भागकर अपनी जान बचानी पड़ी।



डीएफओ अभिमन्यु साहरण ने बताया कि गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे टीम गुडा गांव में पहुंची थी, जहां जंगल की जमीन पर ग्रामीण अवैध रूप से मंदिर का निर्माण कर रहे थे। समझाइश के दौरान ही महिला-पुरुषों ने अचानक पथराव शुरू कर दिया। हमले में वनकर्मी रामवीर गुर्जर के सिर में गंभीर चोट आई, जिनके 6 टांके लगे हैं। होमगार्ड अशोक शर्मा के हाथ में और ड्राइवर दिलखुश योगी के कंधे पर चोट आई है। डीएफओ अभिमन्यु साहरण ने बताया कि यह मामला कई दिनों से चल रहा था। ग्रामीण जंगल की जमीन पर मंदिर बनाने पर अड़े थे। वन विभाग की बार-बार की समझाइश के बावजूद गुरुवार को लेंटर डालने का काम शुरू कर दिया गया। मामला अब बानसूर थाने पहुंच गया है

## राज्य स्तरीय लघु नाट्य लेखन प्रतियोगिता पहली बार अजमेर में

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अजमेर।** साहित्य एवं रंगमंच की अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने हेतु आप-हम व सपना संस्था द्वारा शब्द से मंच राज्य स्तरीय लघु नाट्य लेखन प्रतियोगिता का आयोजन अजमेर में प्रथम बार किया जा रहा है। यह आयोजन नाट्य लेखन के क्षेत्र में रुचि रखने वाले प्रतिभाशाली लेखकों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक सशक्त मंच प्रदान करेगा। संस्था सचिव सीमा भार्गव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता 30 से अधिक पौढ वर्ग में व 30 से कम युवा वर्ग में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले लेखको व रचनाकारों को अपनी मौलिक व अप्रकाशित हिन्दी नाट्य स्क्रिप्ट 31 जुलाई, 2025 तक गणगौर फास्ट फूड स्वामी कॉम्प्लेक्स के पास जमा कराना होगा।

# हाइवे पर चलते कंटेनर में लगी आग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** मेगा हाइवे पर राह चलते कंटेनर में अचानक आग



लगी। ज्ञात सूत्रों के अनुसार राणासर कोटपुतली मेगा हाइवे पर उदयपुरा गांव के पास गुरुवार दोपहर सड़क पर चलते कंटेनर से अचानक धुआं निकलने लगा। चालक ने तुरंत कंटेनर को हाइवे किनारे खड़ा कर दिया। चालक और परिचालक अपनी सुरक्षा के लिए वाहन से दूर चले गए। सूचना मिलते ही कुचामन से फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कंटेनर के केबिन में लगी आग को बुझाया। कुचामन पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। हाइवे पर लगे जाम को पुलिस ने साफ करवाया। स्थानीय लोगों के अनुसार कंटेनर में फोम भरा हुआ था। यह भीलवाड़ा से सीकर जा रहा था। फायर ब्रिगेड केबिन की आग बुझाकर वापस चली गई। कुछ देर बाद कंटेनर में रखा सामान जलने लगा। ग्रामीणों ने फिर फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल कर्मी दोबारा पहुंचे और आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक कंटेनर में रखा फोम पूरी तरह जल चुका था।

# राज्य सरकार के रास्ता खोलो अभियान का किसानों को मिला लाभ : धर्मेंद्र जांदू

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भादरा।** भादरा तहसीलदार धर्मेंद्र जांदू ने बताया कि राज्य सरकार का रास्ता खोलो अभियान किसानों के लिए वरदान बनकर आया है। रास्ता खोलो अभियान के तहत भादरा उपखंड क्षेत्र में उपतहसील छानी बड़ी के चक नंबर 4 जोगीवाला में 50 वर्षों से बंद पड़े रास्ते को खोला गया है। 50 वर्षों से बंद बड़े रास्ते को छानीबड़ी नायब तहसीलदार हरबंश लाल नैन के निर्देशन में छानीबड़ी हल्का पटवारी दीपक मीणा के लगातार 4 दिन संबंधित काश्तकारों को समझाइश कर व काश्तकारों के बीच भाईचारे के समन्वय को बनाएं रख कर सहमति से बंद रास्ते को जेसीबी और ट्रैक्टर के माध्यम से खोला गया। हल्का पटवारी दीपक मीणा के अथक



प्रयासों व समझाइश से चक 4 जोगीवाला में 4 अन्य रास्ते भी मौके पर खोले गए, वर्षों से बाद पड़े रास्ते को खोलने से भादरा - आदमपुर रोड से अब सीधा अमरसिंह ब्रांच के हैड तक सीधा रास्ता खुल गया है । उक्त रास्ता बंद होने से किसानों व सैंकड़ों ढाणियों के निवासियों को बहुत परेशानी उठानी पड़ती थी , उन्हें मुख्य सडक़ मार्ग पर आने के लिए गांव से होकर आना पड़ता था , अब किसान अपने खेतों से सीधा सडक़ मार्ग तक पहुंच सकेंगे। नजदीक गांव जनाणा व महाराणा के ग्रामीण भी अब नहर के हैड से सीधा सडक़ मार्ग तक पहुंच सकेंगे, उन्हें एक अन्य मार्ग मिल गया है, 50 वर्षों से बंद पड़े रास्ते को खुलवाने पर ग्रामीणों व किसानों ने खुशी का इजहार करते हुए नायब तहसीलदार हरबंशलाल नैन ओर हल्का पटवारी दीपक मीणा का आभार व्यक्त किया है। प्रगतिशील किसान पूनमचंद पूनियां ने कहा है कि ये 50 वर्षों से बंद रास्ते को खुलवा कर प्रशासन ने किसानों को सौगात दी है व राज्य सरकार का रास्ता खोलो अभियान हमारे लिए वरदान बनकर आया है ,वर्षों की परेशानी का हल हो गया है , सीधा रास्ता खुल जाने से अब किसानों का समय ओर धन दोनों बचेगा।



# मालाखेड़ा अकबरपुर उमरैण अस्पताल का एडिशनल डायरेक्टर ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** असिस्टेंट डायरेक्टर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जयपुर ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालाखेड़ा, अकबरपुर तथा प्राथमिक चिकित्सा केंद्र उमरैण का औचक निरीक्षण किया। जहां चिकित्सकों की कमी की शिकायत मिली। वही उनके समक्ष मालाखेड़ा अस्पताल में भवन बनाने तथा सोनोग्राफी मशीन लगाने की मांग जनप्रतिनिधि तथा मीडिया की ओर से की गई। गुरुवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जयपुर के असिस्टेंट डायरेक्टर दिनेश पारीक, उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलवर महेश बैरवा, खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी लोकेश मीणा, सरपंच प्रतिनिधि भारत चौधरी अन्य चिकित्सा स्टाफ निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालाखेड़ा अकबरपुर में ऑक्सीजन सेंटर, मुख्यमंत्री निशुल्क जांच केंद्र, मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना कक्ष, आउटडोर ,इंडोर, ×-रे रूम, ऑपरेशन थिएटर, लेबर रूम जच्चा बच्चा वार्ड,का सघन निरीक्षण कर चेकिंग किया गया। मालाखेड़ा अस्पताल में निरीक्षण के पश्चात एडवोकेट भारत चौधरी तथा मीडिया की ओर से अवधेश सिंह ने एडिशनल डायरेक्टर जयपुर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग दिनेश पारीक को बताया कि इस अस्पताल में 13 चिकित्सकों के पद स्वीकृत है। जिसमें से आधे पद रिक्त हैं। जहां विशेष रोग विशेषज्ञ के पद रिक्त हैं। तथा सोनोग्राफी की मशीन नहीं है।इस अस्पताल के अधीन करीब 60 से अधिक गांव के लोग रोग उपचार करवाने आते हैं। जिन्हें चिकित्सक व भवन के अभाव में परेशानी का सामना करना पड़ता है। जहां आउटडोर हमेशा 500 के पार रहता है। भवन भी अपर्याप्त है। एडिशनल डायरेक्टर दिनेश पारीक ने बताया अस्पताल का निरीक्षण किया। जहां व्यवस्थाएं ठीक पाई गई है। साफ सफाई वार्ड में ठीक है। लेकिन यहां के जनप्रतिनिधियों ने सोनोग्राफी मशीन, अतिरिक्त भवन बनाने, व चिकित्सकों के रिक्त पद भरने के लिए मांग उठाई है। जिसका प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेजा जाएगा । और जल्दी ही समस्या हल की जाएगी। खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी लोकेश मीणा ने बताया जयपुर से अलवर जिले के नोडल अधिकारी एडिशनल डायरेक्टर दिनेश पारीक व उपमुख् चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलवर महेश बैरवा पहुंचे। उन्होंने निरीक्षण किया तथा जो समस्याएं थी उसे यहां के जनप्रतिनिधि और मीडिया ने अवगत कराया। समस्या जल्दी ही हल होने की संभावना है। उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलवर महेश चंद्र बैरवा ने बताया कि हाल ही में सरकार नए डॉक्टर की भर्ती कर रहे हैं। जिसमें करीब प्रदेश भर में 1700 नए चिकित्सक नियुक्त किए जाएंगे। जहा मालाखेड़ा अकबरपुर उमरैण में रिक्त पद भरने के प्रयास रहेंगे।

# युद्ध के तनाव को देखते हुए शहर में हुआ बुधवार को ब्लैक आउट

## 15 मिनट तक बंद रही शहर की बिजली,नागरिको ने घरों में बंद रखी बिजली,पुलिस प्रशासन ने शहर की सड़को पर किया फ्लैग मार्च

**बाड़ी।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव एवं आतंकवादी घटनाओं के बाद पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई एयर स्ट्राइक और बढ़ते तनाव के हालातों के बीच केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा



मॉकड्रिल एवं ब्लैकआउट जैसी महत्वपूर्ण सावधानियां बरती जा रही है। इसी के तहत धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर शहर में बुधवार की रात 9 बजे से करीब 15 मिनट का ब्लैकआउट किया गया। इस दौरान पूरे शहर की बिजली बंद रही। वही लोग भी अपने घरों पर लाइट बंद कर दुबके दिखाई दिए। आमजन ने पुलिस और प्रशासन के निर्देश के आधार पर नियमों की पालना की। इससे पूर्व शहर में कोतवाली एसएचओ अमित कुमार शर्मा और बाड़ी सर्किल ऑफिसर पुलिस उप अधीक्षक महेन्द्र कुमार मीणा के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने फ्लैग मार्च किया और लोगों को देश हित में जारी नियमों को फॉलो करने की सलाह दी। बाड़ी कोतवाली थाना प्रभारी अमित कुमार शर्मा ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते युद्ध के तनाव के हालात के चलते जो भी एडवाइजरी जारी की है,उसकी पालना नागरिकों के द्वारा करनी चाहिए। इसके लिए फ्लैग मार्च किया गया है और 15 मिनिट का ब्लैक आउट भी हुआ है।

## तारानगर में कंट्रोल रूम स्थापित किया

**सादुलपुर।** तारानगर में वर्तमान समय में किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए जिला कलक्टर के निर्देशों की पालना में तारानगर में उपखण्ड अधिकारी राजेंद्र कुमार द्वारा कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसके फोन नंबर 01561-241222 है।

कुळगांव बदलापूर नगरपरिषद

नगरपरिषद दुबे रुग्णालय ईमारत, पहिला मजला, आदर्श विद्यामंदिर रोड, बदलापूर रेल्वे स्टेशन (पूर्व) कुळगांव, पिन-421503, ता. अंबरनाथ जि. ठाणे. ईमेल :- coud.kulgaonbadlapur@maharashtra.gov.in. वेबसाईट :- http://kbmc.gov.in

जा.क्र : कुबनप / विद्युत / 20 / 2025-26 दिनांक : 08/05/2025

जाहीर ई-निविदा सूचना क्र. 06 / 2025-26

कुळगांव-बदलापूर नगरपरिषदेच्या विद्युत विभागामार्फत 04 कामासाठी महाराष्ट्र शासनाकडील योग्य त्या नोंदणीकृत कंत्राटदारांकडून टक्केवारी दराने ई-निविदा मागविण्यात येत आहे. सदर ई-निविदा संच विक्री व स्विकृतीचा कालावधी दि. 09/05/2025 ते दि. 16/05/2025 रोजी दुपारी 3.00 वाजेपर्यंत आहे व सदर निविदा शक्य झाल्यास दि. 19/05/2025 रोजी दुपारी 3.00 वाजता उघडण्यात येतील.

निविदेबाबतचा सविस्तर तपशील नगरपरिषदेच्या http://kbmc.gov.in तसेच शासनाच्या https://mahatenders.gov.in या संकेत स्थळावर व नगरपरिषदेच्या सूचना फलकावर उपलब्ध करण्यात आलेला आहे.

सही/-
मुख्याधिकारी
कुळगांव बदलापूर नगरपरिषद कुळगांव

# दौना-पत्तल की फैक्ट्री में आग से स्वाहा हुआ लाखों का कीमती सामान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी कोतवाली थाना क्षेत्र में शहर के धौलपुर रोड़ स्थित चेतन नगर कॉलोनी के पास एक दौना-पत्तल की फैक्ट्री में बुधवार की रात करीब 8 बजे अज्ञात कारणों से आग लगने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना पर तत्काल बाड़ी सर्किल ऑफिसर पुलिस उप अधीक्षक महेन्द्र कुमार मीणा के साथ बाड़ी कोतवाली थाना प्रभारी अमित कुमार शर्मा मय पुलिस जाप्ता और बाड़ी नगर पालिका की दमकल मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास किया। जब सफलता मिलती नहीं दिखी तो धौलपुर और बसेड़ी से भी दमकल बुलाई गई साथ में स्थानीय प्रशासन भी मौके पर पहुंचा। करीब 8 घंटे चले रेस्क्यू अभियान के बाद आग पर काबू पाया गया है। घटना में 10 से 15 लाख रुपए का तैयार और कच्चा माल जलकर खाक हुआ है।

जानकारी के अनुसार काली माई मंदिर के पास चेतन नगर के कॉर्नर पर यह दोना पत्तल की फैक्ट्री एक गोदाम में स्थित है,जिसे मयंक अग्रवाल पुत्र योगेश अग्रवाल चलाता है। गोदाम में कच्चा और पक्का दोनों माल एवं अन्य सामान के साथ माल तैयार करने वाली कई मशीन लगी हुई है।



बुधवार रात 8 बजे के करीब यह घटना हुई है। अचानक बंद फैक्ट्री से जब लोगो ने धुंआ निकलते देखा तो घटना की जानकारी हुई। ऐसे में लोगो ने दमकल चालक शरीफ खान को घटना की सूचना दी साथ में धौलपुर और बसेड़ी से भी दमकल पहुंची। तीनों दमकलों से दर्जनों पानी टैंकरो का उपयोग कर रात 4 बजे आग पर काबू पाया गया है।

दमकल चालक शरीफ खान ने बताया कि- आग लगने की सूचना पर मौके पर पहुंच आग को कंट्रोल करने का प्रयास किया जब आग बढ़ने लगी तो धौलपुर और बसेड़ी से भी प्रशासन ने दमकलों को बुलाया और बड़ी मुश्किल से 8 घंटे में उक्त आग पर काबू पाया गया। वही आग की चपेट में आने से सारा सामान जलकर खाक हुआ है। पीड़ित मयंक अग्रवाल ने करीब 10 से 15 लाख रुपये के नुकसान की आशंका जताई है।

घटना की सूचना पर बाड़ी सर्किल ऑफिसर पुलिस उप अधीक्षक महेन्द्र कुमार मीणा,कोतवाली एसएचओ अमित कुमार शर्मा पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे साथ में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी श्यामबिहारी गोयल, तहसीलदार उत्तम चंद बंसल,उप जिला कलेक्टर भगवत शरण त्यागी ने भी मौके पर पहुंच आग लगने की घटना की जानकारी ली है। शहर में दर्जनों की संख्या में दोना पत्तल की फैक्ट्री लगी हुई है। जो वैध और अवैध रूप से संचालित है। यह फैक्ट्री गली मोहल्लों और आबादी में स्थित है। कई फैक्ट्रियां तो ऐसी तंग गलियों में है,जहां दमकल भी नहीं पहुंच सकती। इनमें आग लगने की घटनाएं अक्सर होती हैं। पिछले वर्ष भी तीन फैक्ट्री में आग लगी थी। जिसमें पीड़ितों को भारी नुकसान तो हुआ ही साथ में लोगों को भी परेशानी झेलनी पड़ी, लेकिन नगर पालिका और उपखंड प्रशासन ने इस मामले को लेकर कभी भी कोई सख्त एक्शन नहीं लिया।

# पाली : रिश्तेदार की जगह परीक्षा देने आई डमी कैंडिडेट

- केंद्राधीक्षक ने युवती समेत दो खिलाफ रिपोर्ट दी
- स्टेट ओपन स्कूल का मामला

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली में स्टेट ओपन स्कूल परीक्षा 2025 में एक डमी कैंडिडेट परीक्षा देती पकड़ी गई। मामला सामने आने परे केंद्र अधीक्षक ने डमी कैंडिडेट युवती और उसे बैठने के लिए प्रेरित करने के आरोपी डगराराम के खिलाफ मारवाड़ जंक्शन थाने में मामला दर्ज करवाया।




### केंद्राधीक्षक ने दर्ज करवाया मामला

मारवाड़ जंक्शन एसएचओ भारत रावत ने बताया कि पाली जिले के रोहट थाना क्षेत्र निवासी भंवरसिंह (59) पुत्र आसूसिंह राजपुरोहित ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। जिसमें बताया कि वे हाल में केन्द्राधीक्षक राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल परीक्षा 2025, केन्द्र महात्मा गांधी राजकीय स्कूल आऊवा में प्रतिनियुक्त है। सात मई को वे महात्मा गांधी राजकीय स्कूल में केन्द्राधीक्षक के रूप में राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल परीक्षा में ड्यूटी दे रहे थे।

### रिश्तेदार की जगह परीक्षा देने आई थी

रिपोर्ट में बताया कि दोपहर करीब सवा एक बजे रूम नंबर आठ से वीक्षक नरेश मोबारसा निवासी बिठुड़ा कलां जो परीक्षा केंद्र में ड्यूटी दे रहे थे। जिन्होंने रमेश कुमार सुपरवाइजर के जरिए सूचना दी कि एक छात्रा के स्थान पर कक्षा 10वीं की चित्रकला परीक्षा देते हुए डमी कैंडिडेट युवती पकड़ी गई। मौके पर पहुंच पूछताछ की तो उसने अपने रिश्तेदार की जगह परीक्षा देने आना स्वीकार किया।

### पुलिस ने मामला दर्ज किया

रिपोर्ट में बताया कि लड़की ने डगराराम के कहने पर वह अपने रिश्तेदार की जगह परीक्षा देने आई थी। इस पर भंवरसिंह राजपुरोहित केन्द्राधीक्षक राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल परीक्षा 2025 की रिपोर्ट पर डमी कैंडिडेट और मांडा गांव निवासी डगराराम के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरू की।

# बाली में जन सुनवाई

▶▶ ग्रामीणों ने आवारा सूअर, अतिक्रमण और नालियों में पानी भराव की शिकायत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाली में गुरुवार को पंचायत समिति वीसी हॉल में एसडीएम दिनेश विश्नोई की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय जन सुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न गांवों से आए ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं। फालना खुडाला के ग्रामीणों ने आखरिया चौक में आवारा सूअरों को पकड़ने की मांग की। पार्षद मोहम्मद परवेज टांक ने नगरपालिका से अतिक्रमण हटाने का मुद्दा उठाया। खिमेल में आम रास्ते से अतिक्रमण हटाने और खुडाला में सीमांकन की मांग रखी गई। सेसली में आम रास्ते पर अवैध निर्माण को रोकने की शिकायत दर्ज की गई। पादरला गांव के निवासी एक व्यक्ति ने अपनी जमीन पर काम न करने पाने की समस्या बताई। फालना गांव में सफाई और नालियों में पानी भराव की समस्या को भी उठाया गया। कोट बालियान के एक निवासी ने आरटीआई की सूचना न मिलने की शिकायत की। जन सुनवाई में बीडीओ भोपालसिंह जोधा, बीसीएमओ हितेंद्र बागोरिया, कृषि अधिकारी राजेन्द्र सिंह, नायब तहसीलदार मनमोहन सिंह, नायब तहसीलदार फतेहसिंह, ईओ राजल राव,अधिशासी अभियंता निमेन्द्र सिंह,जलदाय विभाग के सहायक अभियंता भंवरलाल पिडेल और अतिरिक्त सीबीईओ राजेन्द्र सिंह सांदू मौजूद रहे।

# पुनाड़िया में श्री कल्याण गौशाला का निर्माण



- ग्रामीणों और भामाशाहों के सहयोग से बना टीन शेड, अवाला और तारबंदी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोट बालियान के पुनाड़िया गांव में श्री कल्याण गौशाला का उद्घाटन किया गया। गौशाला में 3.50 लाख रुपए की लागत से टीन शेड का निर्माण कराया गया है। इसके भामाशाह श्री खोड़ियार माताजी की उपासक संतोषी बाई हैं, जो गुलाब राम कुमावत की धर्मपत्नी हैं। गौशाला में एक लाख रुपए की लागत से अवाला का निर्माण सोहनलाल घांसी बाली ने कराया है। तारबंदी के लिए एक लाख रुपए की राशि धीरज जणवा ने दी है। पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था हेतु एक अतिरिक्त अवाला पूनाराम घाची द्वारा बनवाया गया है। गौशाला परिसर में पौधारोपण की योजना भी है। कार्यक्रम में ठाकुर रतन सिंह पुनाड़िया, सरपंच प्रतिनिधि एडवोकेट सांकलाराम देवासी, कृषि विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारी भगाराम चौधरी उपस्थित रहे। इसके अलावा सेवानिवृत्त आरआई रूप सिंह राजपुरोहित सेसली, बाबराम देवासी, धीराराम देवासी, मोटाराम चौधरी, मालाराम चौधरी, रावताराम सीरवी, पनाराम मेघवाल, पुनाराम चौधरी और जोगाराम देवासी भी मौजूद थे। सभी भामाशाहों का गांव की ओर से सम्मान किया गया।

# वीरमपुरा माताजी गांव में तालाब आठ वर्षों से क्षतिग्रस्त

- कुंओं का जलस्तर गिरता जा रहा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**देसूरी।** ढालोप पंचायत के वीरमपुरा माताजी गांव में स्थित तालाब पिछले आठ वर्षों से क्षतिग्रस्त हो रखा है। जिसके कारण पानी नहीं रुकने के कारण आसपास कुंओं का जलस्तर लगातार गिरता जा रहा है। वहीं ढालोप पंचायत की ओर क्षतिग्रस्त तालाब का मरम्मत कार्य नहीं करवाया जा रहा है। जिसके कारण ग्रामीणों में भारी रोष है। ढालोप पंचायत के पूर्व उपसरपंच घीसुलाल मेघवाल ने बताया कि पंचायत क्षेत्र के वीरमपुरा माताजी गांव में मामाजी तालाब स्थित है। जिसमें बारिश के मौसम में पानी की आवक अधिक होने के कारण करीब आठ से 10 माह तक पानी भरा रहने कारण कुंओं का जलस्तर बढ़ा रहता था। जिसका फायदा किसानों को तो मिलता था गांव के कुंओं में पर्याप्त मात्रा में पानी भरा रहने पेयजल की कोई समस्या नहीं हुआ करती थी। मगर 2017 में हुई भारी बारिश के कारण तालाब में पानी की आवक अधिक होने से क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसके कारण तालाब पानी के अभाव मर खाली हो गया, जिसका असर यह हुआ कि कुंओं का जलस्तर धीरे-धीरे गिरने लगा। वहीं बारिश के मौसम में तालाब में पानी की आवक तो होती है, मगर तालाब क्षतिग्रस्त होने के कारण पानी नहीं रुक पाता है। वहीं क्षतिग्रस्त तालाब के जीणोद्धार को लेकर गांव के ग्रामीणों की ओर से कई बार मांग करने के बावजूद अभी तक क्षतिग्रस्त तालाब का मरम्मत कार्य नहीं किया गया है। वहीं पंचायत भी इसको गंभीरता से नहीं ले रही है, जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। वहीं बारिश का मौसम अभी दो माह दूर है। अगर समय पर क्षतिग्रस्त तालाब का मरम्मत कार्य पंचायत की ओर करवाया गया तो बारिश के मौसम में तालाब में पानी की आवक अधिक होगी।

# चारभुजा नाथ मंदिर पर धूमधाम से चढ़ाई ध्वजा



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** निकटवर्ती सोनाणा गांव में चारभुजा मंदिर शिखर पर 155वीं ध्वजा धूमधाम के साथ चढ़ाई गई। ध्वजारोहण का कार्यक्रम संत महेन्द्रानंद गिरी के सानिध्य में ध्वजा लाभार्थी मुकेश राजपुरोहित व समाज बंधुओं द्वारा चढ़ाई गई। मुकेश राजपुरोहित सोनाणा ने बताया कि मंदिर पर प्रति वर्ष बैशाख सुदी ग्यारस को राजपुरोहित परिवार की ओर से ध्वजा चढ़ाई जाती है। इसी को लेकर गुरुवार सुबह मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। जयकारों के बीच मंदिर शिखर पर 155वीं ध्वजा चढ़ाई गई। ग्रामीणों द्वारा चारभुजा नाथ से क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामनाएं की गई। ध्वजारोहण के बाद महाप्रसादी का आयोजन हुआ। इस दौरान संत महेन्द्रानंद गिरी, मुकेश राजपुरोहित, मोहनसिंह, हिम्मत सिंह, मनोहर सिंह, नरपत सिंह, भाविन सिंह, देवीसिंह, महेंद्र सिंह, किरण सिंह, जगदीश दास, पुरुषोतम दास, भैरूसिंह, भोमसिंह, हीरसिंह, बाबूसिंह समेत गांव के कई ग्रामीण मौजूद थे।

# डिप्रेशन में पति ने की आत्महत्या

- परिजन बोले-पत्नी के छोड़ जाने के बाद से था तनाव में, फंदा लगाकर दी जान

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली में एक 33 वर्षीय युवक पत्नी के छोड़ जाने के बाद से डिप्रेशन में चला गया। तनाव में उसने घर में फंदा लगा लिया। परिजन उसे हॉस्पिटल ले गए जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने गुरुवार को पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई की। पाली शहर के ट्रांसपोर्ट नगर थाना क्षेत्र के सुंदर नगर विस्तार सूर्य नगर में रहने वाले नरेश (33) पुत्र कूपाराम ने बुधवार दोपहर बाद कमरे में फंदा लगा लिया। इसकी जानकारी हुई तो परिजन उसे तुरंत पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जांच के बाद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बॉडी मॉर्च्युरी में रखवाई और गुरुवार सुबह उसके पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान मॉर्च्युरी के बाहर बड़ी संख्या में मृतक के परिजन और परिचित मौजूद रहे।




### पत्नी-बेटी के साथ छोड़कर चली गई

परिजन ने बताया कि नरेश की शादी होने के बाद एक बेटी हुई। करीब दो साल पहले अनबन के चलते उसकी पत्नी बेटी को लेकर चली गई। उसने उन्हें वापस लाना चाहा लेकिन पत्नी तैयार नहीं हुई। पत्नी के छोड़कर चले जाने के बाद से नरेश तनाव में था। इसी डिप्रेशन के चलते बुधवार को उसने घर में फंदा लगा लिया।

### फुटबॉल खेलने का था शौकीन

नरेश के दोस्त ने बताया कि नरेश फुटबॉल खेलने का काफी शौक रखता था। सुबह शाम मोहल्ले की टीम के साथ उसका फुटबॉल खेलना रूटीन दिनचर्या में शामिल था। फुटबॉल खेलते समय उसकी फुर्ती देखने लायक होती थी। नरेश के इस कदम से उसके दोस्त मायूस हैं।

# मानव पुरुषार्थ करें: शालिनी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता


**खिंवाड़ा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी शालिनी दीदी ने कहा कि आत्मिक दृस्टि वृति सहज बन सकती हैं, अगर देह और देह की दुनिया से बेहद का वैराज्य हो। दीदी गुरुवार को स्थानीय कस्बें के खेड़ा देवी मंदिर मार्ग पर स्थित खांटेड़ भवन में एक धर्म सभा में उपस्थित श्रावकों से कही। उन्होंने कहा कि दैहिक दृष्टि से बचने के क्या उपाय हैं, देह से वैराज्य कैसे लाए, इनके लिए पुरूषार्थ क्या करें। दैहिक दृष्टि से बचने के लिए दीदी ने कहा कि हमें स्वयं को आत्मा व सामने वाले को भी आत्मा समझना होगा। हमें अपना लक्ष्य याद रखना हैं। उसे पूर्ण करना हैं न की देहधारियों में फंसना हैं। अपने लक्ष्य को महान बना लें कि व्यर्थ के लिए समय ही नहीं बचें। सबकों रूहानी दृष्टि से देखना, आत्मा-आत्मा, भाई-भाई अमृत वेल देही-अभिमानी स्तिथि का अभ्यास, देह नहीं आत्मा हैं। यह अभ्यास निरंतर करना हैं। देह सर्प है और आत्मा मणि हैं। सर्प को देखेगे तो डस मारेगा इसलिए मणि को देखों तो विकारी ख्यालात नहीं आएंगे।

# पाली : जवाई बांध पर सैलानियों के जाने पर रोक

▶▶ सिंचाई विभाग ने जारी किया आदेश

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पहलगाम में सैलानियों पर हुए हमले के बाद भारत की ओर से पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की गई। इसके बाद प्रदेशभर में मॉक ड्रिल और अलर्ट जारी किया गया है। पाली में भी इसको लेकर जिला कलेक्टर एलएन मंत्री के निर्देश में पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर है। इसी के तहत अब जवाई बांध पर आम लोगों, सैलानियों के आने-जाने पर फिलहाल पाबंदी लगाई गई है।



### पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने किया दौरा

इसको लेकर कार्यालय अधिशाषी अभियंता जवाई नहर खंड सुमेरपुर ने एक लेटर जारी किया है। जिसमें आगामी आदेश तक जवाई बांध पर आम लोगों के आने-जाने पर पाबंदी रहेगी। यह निर्णय सुरक्षा को देखते हुए लिया गया है। गुरुवार को पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने भी जवाई बांध का दौरा किया।

# खिंवाड़ा : बारवा विश्वकर्मा मंदिर

▶▶ श्री विश्वकर्मा प्रतिष्ठा का 50वां वार्षिक समारोह आज से



**खिंवाड़ा।** श्री विश्वकर्मा वंश सुथार सेवा संस्थान बारवा के तत्वावधान में श्री विश्वकर्मा मंदिर बारवा के प्रतिष्ठा की 50वीं वर्षगांठ तृतीय प्रतिष्ठा का स्वर्ण जयंती का दो दिवसीय समारोह नौ व 10 मई को मनाया जाएगा। विश्वकर्मा वंश सुथार सेवा संस्थान बारवा के अध्यक्ष हरिलाल विश्वकर्मा ने बताया कि इस दो दिवसीय वार्षिक समारोह के मौके पर नौ मई को संतों का स्वागत व शांति हवन के पश्चात रात में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। वहीं दस मई को मंगला आरती, नई ध्वजा चढ़ाने के साथ ही भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित होगा।

# इंडिया-पाकिस्तान तनाव के बीच चिकित्सा महकमा अलर्ट

▶▶ अस्पताल में लगाए काले पर्दे, बनाए अतिरिक्त वार्ड, दवाइयों-ऑक्सीजन सिलेंडर का किया स्टॉक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** इंडिया-पाकिस्तान पर सीमा पर चल रहे तनाव के बाद पाली चिकित्सा महकमा अलर्ट मोड पर है। रात के अंधेरे में हॉस्पिटल्स की रोशनी बाहर नहीं जाए इसलिए खिड़कियों पर काले पर्दे, गत्ते लगवाए गए है। दवाइयों का स्टॉफ किया गया है। बांगड़ हॉस्पिटल सहित जिले भर में बदला परदों का रंग बांगड़ हॉस्पिटल अधीक्षक एचएम चौधरी ने बताया कि बांगड़ हॉस्पिटल के ट्रोमा वार्ड सहित अन्य वार्डों में खिड़कियों के पर्दे बदलकर काले रंग के पर्दे लगाए है। ताकि हॉस्पिटल की रोशनी वार्ड से बाहर न जाए। इसके साथ ही अतिरिक्त जनरेटर की व्यवस्था की। ऑक्सीजन सिलेंडर, दवाइयां आदि का स्टॉक कर रखा है। रोटरी क्लब में बनाया वार्ड जिला कलेक्टर एलएन मंत्री के निर्देश के बाद पाली के रोटरी क्लब में 15 बेड का अतिरिक्त वार्ड तैयार किया गया है। ताकि आपात काल जैसी स्थिति बनती है तो घायलों को भर्ती करने में दिक्कत न हो। यहां दवाइयों से लेकर ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था भी की गई है। चिकित्सा महकमा दे रहा प्राथमिक उपचार की ट्रेनिंग सीएमएचओ डा. विकास मारवाल ने बताया कि इसके साथ ही चिकित्सा महकमे की ओर से स्काउट-गाइड, एनसीसी, एनएसएस, सिविल डिफेंस से जुड़े लोगों को घायलों के प्राथमिक उपचार की ट्रेनिंग दी जा रही है। साथ ही जो भी ट्रेनिंग लेना चाहता है वह अपने नजदीक के चिकित्सालय में जाकर ले सकता है। सीएमएचओ मारवाल ने बताया कि जिले में 24 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 70 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, देसूरी, सुमेरपुर में दो उप जिला चिकित्सालय, सोजत-बाली में दो जिला चिकित्सालय है। सभी को हॉस्पिटल की खिड़कियों पर काले रंग के पर्दे लगाने के निर्देश दिए है ताकि रोशनी बाहर न जाए। इसके साथ ही सभी चिकित्साकर्मियों की छुट्टियां रद्द की गई है।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

घन कचरा व्यवस्थापन

निविदा सूचना

**विषय: कार्यकारी अभियंता ट्रांसपोर्ट (सिटी) डिविजन से सिटी डिविजन में जब भी आवश्यक हो तथा प्रतिदिन की विभिन्न आवश्यकताओ की पूर्ति के आधार पर एक्सकेवेटर लोडर (जेसीबी) किराये पर लेना।**

घन कचरा व्यवस्थापन ट्रांसपोर्ट विभाग, बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) द्वारा निविदा दस्तावेज में अंकित अनिवार्य अर्हतापूर्व पात्रता मापदंड अनुसार पात्र निविदाकारों से कार्यकारी अभियंता ट्रांसपोर्ट (सिटी) डिविजन से सिटी डिविजन में जब भी आवश्यक हो तथा प्रतिदिन की विभिन्न आवश्यकताओ की पूर्ति के आधार पर एक्सकेवेटर लोडर (जेसीबी) किराये पर लेने के कार्य हेतु ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित है।

बोली प्रारंभ की दिनांक व समय 09.05.2025 को प्रातः 11.00 बजे।

बोली समापन की दिनांक व समय 15.05.2025 को शाम 04.00 बजे।

कृपया नोट करें कि बोली दस्तावेज डाक द्वारा जारी या प्राप्त नहीं किए जाएंगे। अतः इस निविदा संबंधित सभी शुल्क, सूचनाएं, संशोधन, शुद्धिपत्र, आगामी जानकारी आदि केवल महाटेंडर पोर्टल पर ही प्रदर्शित किए जाएंगे।

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता (सिटी)

PRO/349/ADV/2025-26

छतों को साफ रखें, अटाला/पुराना/सामान का निपटारा करें।

# फालना के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

▶▶ ऑनलाइन अप्लाई कर सकते, एक जुलाई से पढ़ाई शुरू




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** फालना स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) खुडाला में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रधानाचार्य दलपत राज चौधरी के अनुसार, आवेदन पत्र सात मई से 15 जून तक शाला दर्पण और क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन भरे जा सकते हैं। विद्यालय में नर्सरी से लेकर बारहवीं तक की कक्षाओं में प्रवेश दिया जाएगा। नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी में 25-25 सीटें हैं। कक्षा पहली से पांचवीं तक 30-30 सीटें हैं। छठी कक्षा में 35, सातवीं में 25 और आठवीं में 35 सीटें उपलब्ध हैं। नौवीं और दसवीं में 60-60 सीटें हैं। ग्यारहवीं और बारहवीं में आट्र्स और साइंस दोनों संकायों में 60-60 सीटें हैं।

### प्रवेश प्रक्रिया का कार्यक्रम

16 जून को प्राप्त आवेदनों की सूची नोटिस बोर्ड पर लगाई जाएगी। 17 जून को लॉटरी द्वारा विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों की सूची 18 जून को नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जाएगी। प्रवेश कार्य 19 जून से शुरू होगा और नया शैक्षणिक सत्र एक जुलाई 2025 से प्रारंभ होगा।

# जाखानगर के वार्ड एक में बीच रास्ते खड़े पोल हटाने और पानी लाइन की मांग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** जाखानगर क्षेत्र के वार्ड नंबर एक में पेयजल लाइन नहीं होने और बीच रास्ते में खड़े बिजली पोल को हटाने की मांग को लेकर गुरुवार को पूर्व पार्षद कन्हैयालाल मेघवाल ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मेघवाल ने बताया कि वार्ड की तीन गलियों में अब तक पेयजल लाइन नहीं डाली गई है। इससे लोगों को पीने के पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। सामुदायिक भवन से फगडु जोगी के घर तक, गौतम बाबा से दिनेश मीणा के घर तक और मीणों का न्याति नोहरा से पदोबा बांधी के बेरे तक पानी की लाइन नहीं है। यह क्षेत्र आबादी वाला है। यहां लोगों के पट्टे भी बन चुके हैं। पूर्व पार्षद ने बताया कि इस समस्या की जानकारी पहले भी दी जा चुकी है। जनहित को देखते हुए उन्होंने एसडीएम से पेयजल विभाग को निर्देश देने की मांग की है, ताकि इन गलियों में जल्द से जल्द पानी की लाइन डाली जा सके। इसके साथ ही उन्होंने वार्ड में बीच रास्ते में खड़े बिजली पोल को हटाकर साइड में शिफ्ट कराने की भी मांग की। उन्होंने बताया कि इन पोलों के कारण आमजन को परेशानी हो रही है। कई पोल झुके हुए हैं। कुछ पोल नीचे से जर्जर हो चुके हैं। तेज हवा में ये कभी भी गिर सकते हैं। इससे बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने कहा कि बार-बार कहने के बावजूद पोल बदले नहीं जा रहे हैं। अगर कोई दुर्घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।



बृहन्मुंबई महानगरपालिका

भारत रतन डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर महापालिका जन. हॉस्पिटल, कांदीवली (प), मुंबई 400067
नं. एचओ/बीडीबीएएच/1408/एसआर दिनांक 08.05.2025

ई- निविदा सूचना

चिकित्सा अधिक्षक, भारत रतन डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर महापालिका जनरल हॉस्पिटल, कांदीवली (पश्चिम), मुंबई 400067 द्वारा निम्न कार्य हेतु तीन स्तर बोली पद्धति में ई-निविदा आमंत्रित है।

ई-निविदा सूचना का विवरण बृहन्मुंबई महानगर पालिका की वेबसाइट https://mahatender.gov.in पर उपलब्ध है।

ई-निविदा का विवरण इस प्रकार है:

| क्र. | विवरण | ई-निविदा क्र. | निविदा शुल्क | ईएमडी रु. | ऑनलाइन बोली डाउनलोडिंग की प्रारंभ दिनांक व समय | ऑनलाइन बोली जमा करने की अंतिम दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | इंज़ रेबिज मोनोक्लोनल एंटीबॉडी पालिका जनरल हॉस्पिटल, कांदीवली (प) में 06 माह हेतु स्थानिय संस्था से पार्ट टाइम आरए के 11 पदों का प्रावधान। | 2025-एमसीजीएम-1177346-1 | रु. 3300 + 18% जीएसटी = 3894/- | 40,000/- | 09.05.2025 को 17.00 बजे | 23.05.2025 को 17.00 बजे |

नोट:
- धरोहर राशि (ईएमडी) का भुगतान निर्धारित अंतिम दिनांक व समय से पूर्व ऑनलाइन किया जाए।
- यदि कोई भी शुद्धि पत्र जारी होगा तो केवल एमसीजीएम वेबसाइट पर जारी होगा।

महानगर पालिका आयुक्त के पास किसी भी या सभी अभिरूचि की अभिव्यक्ति आवेदन को किसी भी स्तर पर निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

हस्ता./-
उप चिकित्सा अधिक्षक
भारत रतन डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर हॉस्पिटल, कांदीवली (प)

PRO/360/ADV/2025-26

छतों को साफ रखें, अटाला/पुराना/सामान का निपटारा करें।

# आरसीबी के खिलाफ 'करो या मरो' का मैच खेलेगी एलएसजी



**नई दिल्ली। आईपीएल 2025 का लीग चरण अब आखिरी दौर में जल्द ही प्लेऑफ की तस्वीर भी साफ हो जाएगी। 59वां मैच नौ मई को भारतीय समयानुसार, शाम 7.30 बजे से लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जाना है। 11 मैच में से छह मैच हार चुकी लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना सीजन में पहली बार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। एलएसजी के लिए प्लेऑफ के लिहाज से ये मैच करो या मरो का है तो पॉइंट्स टेबल में दूसरे पायदान पर काबिज आरसीबी नॉकआउट में अपनी स्थिति और मजबूत करना चाहेगी।**

### एलएसजी-आरसीबी हेड टू हेड रिकॉर्ड

इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात करें तो अब तक दोनों का आमना-सामना कुल पांच बार ही हुआ है। जिसमें से आरसीबी ने तीन मैच जीते हैं तो वहीं एलएसजी ने दो मुकाबले अपने नाम किए हैं। इस तरह आरसीबी को फिलहाल एक मैच की बढ़त हासिल है। लखनऊ की नजर इस मैच को जीतकर हिसाब बराबरी के साथ बेंगलुरु के खिलाफ जीत की हैट्रिक पर भी होगी, क्योंकि पिछले दो मैच उसने ही जीते हैं।

## मैच के दौरान खिलाड़ी अपने नाम कर सकते ये उपलब्धि

बेंगलुरु ने अब तक सीजन में 11 मुकाबले खेले है। जिसमें आठ जीत और तीन हार के साथ वह अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। उसके अभी तीन मुकाबले बाकी है और प्लेऑफ में क्वालीफाई के लिए उसे सिर्फ एक जीत की जरूरत है। दूसरी तरफ लखनऊ सुपर जायंट्स का प्रदर्शन इस साल काफी निराशाजनक रहा है। अब तक खेले गए 11 मुकाबलों में पांच जीत और छह हार के साथ वह अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। उसके तीन मुकाबले में बाकी है और अगर वह अपने सभी मैच जीत भी जाती है तो उसके प्लेऑफ में जाने की संभावना कम है। वहीं लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत भी इस सीजन कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। वह टूर्नामेंट में 11 मैचों में 12.80 की औसत से सिर्फ 128 रन ही बना पाए हैं। इसमें 63 रनों की एक अर्धशतकीय पारी शामिल है।

### एलएसजी प्लेयर्स की आगामी उपलब्धियां

- **आयुष बडोनी :** आईपीएल में 1,000 रन तक पहुंचने के लिए 40 रन की जरूरत है।
- **रवि बिश्नोई :** एलएसजी के लिए 50 आईपीएल विकेट पूरे करने के लिए दो विकेट की जरूरत है।
- **निकोलस पूरन :** एलएसजी के लिए 100 आईपीएल छक्के पूरे करने के लिए चार छक्के की जरूरत है।

### आरसीबी प्लेयर्स की आगामी उपलब्धियां

- **मयंक अग्रवाल :** टी-20 में 5,000 रन पूरे करने के लिए 83 रनों की जरूरत है।
- **टिम डेविड :** अपना 50वां आईपीएल मैच खेलने के लिए तैयार।
- **फिल साल्ट :** टी-20 में 8,000 रन पूरे करने के लिए 82 रनों की जरूरत है।
- **क्रुणाल पंड्या :** टी-20 में 3,000 रन पूरे करने के लिए 58 रनों की जरूरत है।

### परिणाम पर एक नजर

**2024**
- लखनऊ सुपर जायंट्स ने 28 रन से जीत दर्ज की

**2023**
- लखनऊ सुपर जायंट्स ने एक विकेट से जीत दर्ज की
- रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने 18 रन से जीत दर्ज की

**2022**
- रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने 18 रन से जीत दर्ज की
- रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने 14 रन से जीत दर्ज की

### एलएसजी की संभावित प्लेइंग 11

- एडेन मार्करम, निकोलस पूरन, ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), अब्दुल समद, आयुष बडोनी, डेविड मिलर, आकाश महाराज सिंह, दिग्वेश सिंह राठी, अवेश खान, मयंक यादव, प्रिंस यादव। इंपैक्ट प्लेयर- मिशेल मार्श।

### आरसीबी की संभावित प्लेइंग 11

- जैकब बेथेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार (कप्तान), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, रोमारियो शेफर्ड, भुवनेश्वर कुमार, लुंगी एनगिडी, यश दयाल, सुयश शर्मा। इंपैक्ट प्लेयर- फिलिप साल्ट।

# पीएसएल मैच के कुछ घंटे पहले ड्रोन से हमला

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के मैच से कुछ घंटे पहले रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम पर ड्रोन से हमला किया गया। पीएसएल पर भी संकट के बादल छा गए हैं। गुरुवार को स्टेडियम में पीएसएल टीमों पेशावर जाल्मी और कराची किंग्स के बीच मैच होना था। यह घटना इस्लामाबाद द्वारा भारत में 15 सैन्य ठिकानों पर हमला करने के प्रयास के कुछ घंटों बाद हुई और जवाब में भारत ने गुरुवार को लाहौर में वायु रक्षा रडार सिस्टम को नष्ट कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने पहले दावा किया था कि लाहौर, गुजरांवाला, चकवाल, बहावलपुर, मियानो, कराची, छोर, रावलपिंडी और अटक में कुछ ड्रोन को निष्क्रिय कर दिया गया।

- **रावलपिंडी स्टेडियम क्षतिग्रस्त**

# धर्मशाला में नहीं होगा पंजाब बनाम मुंबई मैच

## दिल्ली के खिलाफ मुकाबले में नहीं कोई बदलाव



**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच 11 मई यानी रविवार को खेले जाने वाले मुकाबले को धर्मशाला से गुजरात स्थानांतरित कर दिया गया है। इसकी पुष्टि गुजरात क्रिकेट संघ ने गुरुवार को कर दी। इसके अलावा पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच धर्मशाला में आईपीएल 2025 का 58वां मैच खेला जाएगा। यह मुकाबला बिना किसी बदलाव के तय समयानुसार निर्धारित स्थान पर खेला जाएगा।

### अहमदाबाद में होगा मैच

गुजरात क्रिकेट संघ के सचिव अनिल पटेल ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि बीसीसीआई ने हमसे अनुरोध किया था जो हमने स्वीकार कर लिया। मुंबई की टीम शाम यहां पहुंच रही है और पंजाब की यात्रा के कार्यक्रम के बारे में बाद में पता चलेगा।

### धर्मशाला हवाई अड्डा अस्थायी बंद

पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर भारत के मिसाइल हमलों के बाद धर्मशाला हवाई अड्डे को अस्थायी तौर पर बंद कर दिया गया।

# लुआन ड्रे राजस्थान रॉयल्स में शामिल

### चोटिल नीतीश राणा की जगह मिली एंट्री



**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग के बाकी मैचों के लिए चोटिल नीतीश राणा के स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज लुआन ड्रे प्रीटोरियस को टीम में शामिल किया। इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने अभी तक 33 टी20 मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने 911 रन बनाए हैं। उनका उच्चतम स्कोर 97 रन है जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में एसए20 फ्रेंचाइजी पार्ल रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए बनाया था। एसए20 में पार्ल फ्रेंचाइजी का स्वामित्व भी राजस्थान रॉयल्स के मालिकों के पास है। आईपीएल ने बयान में कहा, 'वह 30 लाख रुपए के बेस प्राइज पर राजस्थान रॉयल्स में शामिल होंगे।' राणा ने इस सत्र में 161.94 की स्ट्राइक से 217 रन बनाए और उनका उच्चतम स्कोर 81 रहा। राजस्थान रॉयल्स पहले ही प्ले-ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुका है। उसे अपने बाकी बचे दो मैच चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलने हैं।

# डेवाल्ड ब्रूइस को इशारा करना पड़ा महंगा

## वरुण चक्रवर्ती पर लगा भारी जुर्माना



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया है। प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी चेन्नई की टीम ने बुधवार को ईडन गार्डन्स में दो विकेट से जीत हासिल की। इससे कोलकाता की टीम के बीच प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना लगभग खत्म हो गई है। आईपीएल के बयान में घटना का ब्योरा दिए बिना कहा गया है, 'वरुण चक्रवर्ती ने अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल एक का अपराध और मैच रेफरी का फैसला स्वीकार कर लिया है। आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम होता है।' अनुच्छेद 2.5 किसी भी ''किसी खिलाड़ी द्वारा उपयोग की जाने वाली भाषा या इशारे से संबंधित है जो आउट होने पर बल्लेबाज की ओर निर्देशित होता है।' मैच में दो विकेट हासिल करने वाले चक्रवर्ती ने डेवाल्ड ब्रूइस को 52 रन पर आउट करने के बाद उन्हें मैदान छोड़ने का इशारा किया था। दक्षिण अफ्रीका के इस बल्लेबाज ने चेन्नई की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

# बुमराह कप्तान की रेस से बाहर



रोहित शर्मा के बुधवार को अप्रत्याशित रूप से टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद अब करोड़ों भारतीय फैंस के मन में यही सवाल चल रहा है कि इंग्लैंड जैसे बहुत ही बडे और अहम दौरे में कौन टीम इंडिया की कमान संभालेगा। नए परिदृश्य में जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, तो भविष्य के लिहाज से युवा लेफ्टी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल हैं, लेकिन फिलहाल गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल टीम इंडिया का नया कप्तान बनने की रेस में सबसे आगे हैं। चयन समिति भी गिल के नाम को लेकर एकमत हैं। सूत्रों के अनुसार, 'अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति के पांचों सदस्य की राय यही है कि 25 साल के शुभमन गिल इंग्लैंड दौरे में टीम इंडिया की कमान संभालने के लिए सबसे आदर्श पसंद हैं। लेकिन इस बाबत आधिकारिक घोषणा करने से पहले सेलेक्टर्स ठीक रोहित के मुद्दे की तरह बीसीसीआई के आधिकारियों से विचार-विमर्श करेंगे। पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे में बुमराह ने अपनी कप्तानी में भारत के लिए एक टेस्ट मैच जीता था। वहीं, उन्होंने बाकी दो टेस्ट मैचों में टीम की कप्तानी भी की थी, लेकिन इसके बावजूद अगर बुमराह कप्तान बनने की रेस से बाहर हो गए, तो उसके पीछे सबसे बड़ी वजह उनकी फिटनेस का कभी भी दगा दे जाना रहा है।


# मनोरंजन

# जिंदगी में नई शुरुआत करने जा रही समांथा रुथ प्रभु



सामंथा रूथ प्रभु इन दिनों चर्चा में हैं। कहा जा रहा है कि वह सिटाडेलः हनी बनी के निर्देशक राज निदिमोरू को डेट कर रही हैं। हालांकि दोनों ने न तो अपने रिश्ते को स्वीकार किया है और न ही इससे इनकार किया है। लेकिन उनकी सोशल मीडिया एक्टिविटी और पब्लिक अपीयरेंस ने रिलेशनशिप की खबरों को हवा दी है। हाल ही में समांथा आगामी फिल्म शुभम के साथ एक निर्माता के रूप में अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। हालांकि, एक खास क्लिक ने सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान खींचा। सात मई को समांथा रूथ प्रभु ने अपनी फिल्म शुभम के प्री-रिलीज़ इवेंट से कई तस्वीरें शेयर कीं। पोस्ट में तीन तस्वीरों में राज निदिमोरू थे। तस्वीरें शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, यह एक लंबी यात्रा रही है, लेकिन हम यहां हैं। नई शुरुआत। एक तस्वीर में फिल्म निर्माता को एक पालतू कुत्ते के साथ खेलते हुए देखा जा सकता है। दूसरी तस्वीर में उन्हें सामंथा और एक अन्य दोस्त के साथ सेल्फी के लिए पोज देते हुए देखा जा सकता है। लिफ्ट के अंदर क्लिक की गई तस्वीर, जिसमें सामंथा को एक गुलदस्ते के साथ पोज़ देते हुए देखा जा सकता है। दोनों ने द फैमिली मैन और सिटाडेल हनी बनी में काम किया है। वे चेन्नई सुपर चैंप्स नामक एक पिकलबॉल टीम के को-ऑनर भी हैं। समांथा रूथ प्रभु ने 2017 में नागा चैतन्य के साथ शादी की थी।

# करीना-आलिया जब नहीं दे पाईं इस सवाल का जवाब



करीना कपूर खान और आलिया भट्ट बॉलीवुड की सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली अभिनेत्रियों में से हैं। दोनों कपूर खानदान की बेटी और बहू हैं। वे अक्सर एक-दूसरे के साथ अपनी दोस्ती के लिए सुर्खियों में रहती है। आलिया की शादी करीना के अंकल के बेटे रणबीर कपूर से हुई है और उनकी एक बेटी राहा कपूर है। दूसरी ओर, करीना ने सैफ अली खान से शादी की और उनके दो बेटे हैं, तैमूर अली खान और जहांगीर अली खान। आलिया और करीना अपने प्रोफेशनल फ्रंट पर काफी आगे हैं और दोनों की बड़ी फैन फॉलोइंग है। हाल ही में, हमें दोनों के इंटरव्यू का एक ऐसा वीडियो मिला, जिसने कई लोगों को चौंका दिया। आलिया और करीना, जिन्हें बॉलीवुड की सबसे सफल अभिनेत्रियों में से एक माना जाता है, बेसिक अंग्रेजी के सवालों का जवाब देने में विफल रहीं। वीडियो में करीना कपूर को एक इंटरव्यू के लिए बैठे देखा गया, पत्रकार ने उनसे एक बुनियादी सवाल पूछा। उन्हें यह कहते हुए सुना गया, अंग्रेजी अल्फाबेट में कितने कॉन्सोनेंट हैं? बेबो इसका उत्तर देने में विफल रहीं। थोड़ी देर बाद, उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता, शायद नौ दस होते हैं। वीडियो के दूसरे भाग में आलिया भट्ट को उसी पत्रकार के साथ इंटरव्यू देते दिखाया गया था, और उनसे भी वही सवाल पूछा गया था। हालांकि, वह भी सही उत्तर नहीं दे पाई। उन्होंने कहा, हे भगवान। बीस कुछ।

# युजवेंद्र चहल को रूमर्ड गर्लफ्रेंड RJ महवश पर आया प्यार

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में इस बार क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और आरजे महवश की जोड़ी खूब छा रही है। दोनों को लेकर अफेयर की खूब खबरें उड़ रही हैं, लेकिन दोनों ने ही कहा है कि वो दोस्त हैं। महवश पंजाब की टीम से खेल रहे युजवेंद्र के हर मैच में उन्हें चीयर करने स्टेडियम पहुंचती हैं और टीम की जीत के बाद चहल के नाम पोस्ट करती हैं। चहल पूर्व पत्नी धनश्री वर्मा से तलाक के बाद से ही महवश संग चर्चा में हैं। अब चहल के पोस्ट ने उनके फैंस के बीच हलचल मचा दी है। क्रिकेटर ने अपने नए पोस्ट में महवश के लिए कुछ ऐसा लिख दिया है, जिसे लेकर कहा जा रहा है कि वो क्रिकेटर की गर्लफ्रेंड हैं। दरअसल, चहल ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक शो का पोस्टर शेयर कर लिखा है, 'बधाई हो आरजे महवश, आप पर गर्व है'। अब चहल के इस पोस्ट पर लोगों ने कमेंट्स पोस्ट करना शुरू कर दिया है। अब लोगों ने साफ-साफ कह दिया है कि चहल और महवश के बीच खास रिश्ता है। गौरतलब है कि महवश का शो प्राइम वीडियो और एमएक्स प्लेयर पर देखा जा सकता है। महवश और चहल के सोशल मीडिया पर बार-बार आ रहे एक-दूजे के लिए पोस्ट के चलते लोगों ने मान लिया है कि वो जरूर डेट कर रहे हैं। यहां तक कि महवश क्रिकेटर्स से भरी बस में भी चहल के साथ आना-जाना कर रही हैं। हालांकि, दोनों ने अपने रिश्ते पर मुहर नहीं लगाई है। हाल ही में चहल ने एक मुकाबले में इस आईपीएल की अभी तक की एकमात्र विकेटों की हैट्रिक लगाई थी, जिस पर महवश चहक उठी थीं और सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर चहल को चैंपियन बताया था। महवश के इस पोस्ट के बाद भी उनके कथित अफेयर की चर्चा होने लगी थी। गौरतलब है कि मौजूदा साल में युजवेंद्र चहल और धनाश्री वर्मा का तलाक हुआ था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तलाक के बाद धनश्री को 4.75 करोड़ रुपए की एलिमनी मिली है और अब दोनों के रास्ते अलग-अलग हो गए हैं। चहल और धनाश्री ने साल 2020 में शादी रचाई थी।



# 'कंतारा : चैप्टर 1' की शूटिंग शुरू



2022 में रिलीज हुई 'कंतारा' ने पूरे देश में तहलका मचा दिया था। भारत की जड़ों से जुड़ी इस कहानी ने बिना किसी बड़े प्रमोशन के कमाल कर दिखाया और सबसे बड़ी सुपर हिट साबित हुई। अब इसी जबरदस्त सफलता के बाद 'कंताराः चैप्टर 1' की तैयारी जोरों पर है और दर्शक इसके रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'कंताराः चैप्टर 1' पोस्टर ने पहले ही दर्शकों का ध्यान खींच लिया है और फिल्म अपने आप में भारतीय सिनेमा की सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स में से एक मानी जा रही है। इसी बीच, जबरदस्त इंतजार के बीच 'कंताराः चैप्टर 1' का फाइनल शूटिंग शेड्यूल शुरू हो चुका है। 'कंताराः चैप्टर 1' का आखिरी शेड्यूल गुरुवार से शुरू हो गया है। शूटिंग कुंडापुरा से करीब 20 किलोमीटर दूर हो रही है। ये फिल्म अपने फाइनल स्टेज में है और जल्द ही इससे जुड़े और अपडेट्स भी सामने आएंगे। होम्बले फिल्म्स ने 2022 की इस ब्लॉकबस्टर फिल्म की विरासत को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। 'कंताराः चैप्टर 1' को भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक बनाने के लिए जोरदार मेहनत की जा रही है।

# क्या बॉलीवुड फेक और चोर है? 'ज्वेल थीफ' एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने किया खुलासा



बॉलीवुड पर अक्सर ये इल्जाम लगते रहे हैं कि बॉलीवुड नकल करके कॉन्टेंट तैयार करता है। नेपोटिज्म के आरोपों से बॉलीवुड कई बार घिरा रहा है। आउटसाइडर्स को काम न मिलने पर और अगर काम मिला तो भी स्टार किड्स के बाद तवज्जो मिलने पर, बॉलीवुड को घेरा जाता रहा है। ज्वेल थीफ- द हाइस्ट बिगेन मूवी में सैफ अली खान और जयदीप अहलावत के साथ नजर आईं निकिता दत्ता इस बारे में क्या सोचती हैं। क्या निकिता दत्ता को भी बॉलीवुड फेक और चोर लगता है। इस बारे में निकिता दत्ता ने अपने विचार साझा किए हैं। चलिए जानते हैं निकिता दत्ता इस बारे में क्या सोचती हैं। इस सवाल पर निकिता दत्ता के फेस पर एक बड़ी सी स्माइल नजर आती है। सवाल के बदले में वो उल्टा सवाल करती हैं कि फेक आखिर कौन नहीं है। निकिता दत्ता का कहना है कि फेक और रियल लोग हर जगह पर होते हैं। कोई जगह ऐसी नहीं होती जहां सौ फीसदी जेनुविन लोग मिल सकें। उन्होंने आगे कहा कि बॉलीवुड पर अक्सर नेपोटिज्म के इल्जाम लगते रहे हैं। लेकिन उनका पर्सनल एक्सपीरियंस है कि बहुत से नेपो लोग बहुत अच्छे हैं और नॉन नेपो लोग बहुत बुरे हैं। कई बार ये एक्सपीरियंस उल्टा भी रहा है। निकिता दत्ता कहती हैं कि खामियां हर जगह है। इसलिए ये सही नहीं है कि पूरा बॉलीवुड ही कमियों से भरा है या फिर फेक है। इस सवाल पर निकिता दत्ता का कहना है कि कंटेंट चुराना आज के जमाने में आसान नहीं है। लेकिन आज जो भी काम होता है वो पहले के कामों से इंस्पायर है। निकिता दत्ता के मुकाबिक पुराने दौर के जो आर्टिस्ट रहे हैं या फिर क्रिएटर्स रहे हैं आज के सारे सितारे उन्हीं से इंस्पायर हैं। न सिर्फ भारत में बल्कि वर्ल्ड वाइड यही ट्रेंड चला आ रहा है। उनका कहना है कि पुराने कलाकारों से सीखना, उनसे प्रेरणा लेना गलत नहीं है।

ऑपरेशन सिंदूर

# हाई अलर्ट पर सशस्त्र बल

## पाकिस्तान-राजस्थान पर भारी तनाव

**जयपुर।** भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के एक दिन बाद, राजस्थान की पाकिस्तान के साथ 1,037 किलोमीटर लंबी सीमा को सील कर दिया है। साथ ही साथ सुरक्षा को काफी कड़ा कर दिया गया है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और भारतीय वायु सेना (आईएएफ) अधिकतम अलर्ट पर हैं, जो क्षेत्रीय तनाव बढ़ने के बीच चौबीसों घंटे निगरानी और लड़ाकू गश्त कर रहे हैं। जोधपुर, जैसलमेर, नाल, फलौदी और उत्तरलाई सहित सभी पश्चिमी क्षेत्र के एयरबेस हाई अलर्ट पर हैं। उन्नत हथियारों से लैस सुखोई एसयू-30 एमकेआई सहित लड़ाकू विमान श्री गंगानगर से कच्छ के रण तक आसमान में गश्त कर रहे हैं। भारतीय सेना भी पूरी तरह से अलर्ट पर है, सभी सीमा संरचनाएं जुटाई और तैयार हैं। पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी शिविरों पर हाल ही में भारतीय हवाई हमलों के मद्देनजर बीकानेर जिला प्रशासन ने आपातकालीन ईंधन प्रबंधन उपाय किए हैं। जिला मजिस्ट्रेट और कलेक्टर नम्रता वृष्णि द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, बीकानेर के सभी पेट्रोल पंपों को 2,000 लीटर पेट्रोल और 5,000 लीटर डीजल आरक्षित रखना होगा। इस ईंधन स्टॉक को आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहनों और आवश्यक सेवाओं के लिए प्राथमिकता दी जाएगी ताकि संकट के दौरान निर्बाध संचालन सुनिश्चित किया जा सके। खाजूवाला से श्रीगंगानगर तक के क्षेत्रों सहित राजस्थान सीमा से सटे गांवों में पाकिस्तानी सेना के जवानों की महत्वपूर्ण संख्या में तैनाती हुई है।



### जीरो लाइन पर गश्त तेज

- जमीन पर बीएसएफ ने जीरो लाइन के पास गश्त तेज कर दी है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सैनिकों को तैनात किया गया है। सैनिकों को थोड़ी सी भी उकसावे पर तुरंत कार्रवाई करने का अधिकार दिया गया है।

### ड्रोन रोधी प्रणालियां सक्रिय

- सीमा पार से सभी हवाई घुसपैठ को रोकने के लिए ड्रोन रोधी प्रणालियां सक्रिय सफलतापूर्वक सक्रिय हैं जो 24/7 काम कर रही हैं। सेना की बढ़ी हुई मौजूदगी में बीएसएफ राजस्थान फ्रंटियर के महानिरीक्षक एम.एल. गर्ग ने पुष्टि की है कि आपातकालीन निकासी योजनाएं लागू हैं।

### कर्मियों की बैरकों में वापसी

- अतिरिक्त कर्मियों को बैरकों से वापस बुला लिया गया है और उन्हें तैयारियों के प्रोटोकॉल के तहत रणनीतिक रूप से तैनात किया गया है। मौजूदा खतरों के जवाब में, लड़ाकू विमान पश्चिमी क्षेत्र के प्रमुख ठिकानों से लगातार उड़ानें भर रहे हैं।

### सीमा पार क्षेत्रों में निर्माण की सूचना

- सीमा पार कई प्रमुख क्षेत्रों में निर्माण की सूचना मिली है, जैसे खारा टोबा, सिरदाखली, बिजनोथ, जहुरीवाला, रहीमयार खान, सादिकाबाद, खानपुर, लियाकतपुर, यज़मान मंडी, फोर्ट अब्बास, मुजगढ़ किला, फकीरवाली, बहावलनगर, बहावलपुर, केके टिब्बा और लाल सहराना नेशनल पार्क।

### एयरपोर्ट्स को किया बंद

- बीकानेर, किशनगढ़ और जोधपुर एयरपोर्ट्स से सभी उड़ानें 10 मई तक रद्द कर दी गई हैं। जयपुर एयरपोर्ट से भी गुरुवार को चार फ्लाइट्स कैंसिल की गई। रेलवे ने भी उत्तर-पश्चिम रेलवे ज़ोन के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं।

### सीमावर्ती क्षेत्रों में ब्लैकआउट

- गृह मंत्रालय ने सीमावर्ती क्षेत्रों में रात 12 से सुबह 4 बजे तक ब्लैकआउट लागू करने के निर्देश दिए हैं। जोधपुर, फलोदी, जैसलमेर, बाड़मेर, श्रीगंगानगर और बीकानेर जिलों के सभी स्कूलों, आंगनबाड़ियों और मदरसों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। परीक्षाएं भी आगामी सूचना तक स्थगित हैं।

### सोशल मीडिया पर साइबर सेल की नजर

- पुलिस प्रशासन और साइबर सेल को सोशल मीडिया पर पूर्ण निगरानी रखने तथा देश के विरुद्ध भड़काऊ पोस्ट अथवा सामग्री पर तुरंत कानूनी कार्रवाई करने के लिए कहा गया है, जिससे प्रदेश में माहौल खराब न हो।

### एक्टिव मोड पर अग्निशमन सेवा

- मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि जिलों में अग्निशमन सेवाओं को एक्टिव मोड पर रखा जाए, संचार सेवाओं को सुचारू रखा जाए तथा पब्लिक एड्रेस सिस्टम पर्याप्त संख्या में चालू स्थिति में उपलब्ध रहे। गैर सरकारी संगठनों, राष्ट्रीय सेवा योजना, नेशनल कैडेट कोर की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

### अस्पतालों में व्यवस्थाएं चाक चौबंद

- समस्त अस्पतालों में सभी आवश्यक जीवन रक्षक दवाएं, डॉक्टर मय स्टाफ और ब्लड बैंक में सभी ग्रुपों के रक्त की पर्याप्त मात्रा रखने के दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। चिह्नित अस्पतालों और स्कूलों को अस्थाई अस्पताल एवं लोगों के रहने की व्यवस्था के साथ वहां जनरेटरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# साइबर अपराध और धोखाधड़ी रोकने प्रभावी कार्रवाई : फडणवीस

### सीएम ने किया महाराष्ट्र साइबर के चैटबॉट और जागरुकता फिल्म का लोकार्पण



**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सह्याद्री अतिथिगृह, मुंबई में महाराष्ट्र साइबर के एआई-आधारित चैटबॉट और साइबर जागरुकता लघु फिल्म का लोकार्पण किया। ये नागरिक-केन्द्रित पहलें साइबर अपराध, धोखाधड़ी और मानव तस्करी से बचाव के लिए जनजागरण और त्वरित मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई हैं। महाराष्ट्र साइबर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक यशस्वी यादव, पुलिस उपमहानिरीक्षक संजय शिंत्रे, पुलिस अधीक्षक हेमराज सिंग राजपूत, अभिनेता शरद केळकर, अभिनेत्री अमीषा पटेल तथा मुख्यमंत्री कार्यालय के विशेष कार्य अधिकारी कौस्तुभ धवसे उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान मराठी और हिंदी में निर्मित साइबर जागरुकता लघु फिल्म का प्रदर्शन किया जिसमें में शरद केळकर और अमीषा पटेल ने अभिनय किया है और यह साइबर अपराधों व धोखाधड़ी के प्रति जनता को जागरूक करती है। इसके साथ ही महाराष्ट्र साइबर के 1945 हेल्पलाइन से जुड़े एआई आधारित चैटबॉट का भी अनावरण किया गया, जो उपयोगकर्ताओं को साइबर अपराधों और शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया की जानकारी देगा।

### सतर्कता बरतना आवश्यक

- फडणवीस ने कहा, "साइबर धोखाधड़ी से संबंधित कॉल्स की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में सतर्कता बरतना और जानकारी उपलब्ध कराना बेहद आवश्यक है। चैटबॉट और फिल्म नागरिकों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।"

### मानव तस्करी रोकने जनजागृति

- मुख्यमंत्री ने यह भी सुझाव दिया कि विदेशों में नौकरी के नाम पर होने वाली मानव तस्करी रोकने के लिए भी व्यापक जनजागृति की आवश्यकता है। महाराष्ट्र साइबर को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

### युवक ने जताया आभार

- हाल ही में म्यांमार और लाओस में बंधक बनाए गए 64 नागरिकों को महाराष्ट्र साइबर द्वारा सुरक्षित रिहा कराया गया, जिनमें से एक युवक ने इस अवसर पर अपने अनुभव साझा किए और महाराष्ट्र साइबर का आभार प्रकट किया। इस मामले में पांच एजेंटों को गिरफ्तार भी किया गया है।

### अभियान से जुड़कर मुझे गर्व : केळकर

- अभिनेता शरद केळकर ने कहा, "साइबर सुरक्षा को लेकर जनजागृति समय की आवश्यकता है। इस अभियान में शामिल होकर मुझे गर्व महसूस हो रहा है।" अभिनेत्री अमीषा पटेल ने कहा, "डिजिटल युग में साइबर अपराध पर रोक लगाने के लिए जागरुकता जरूरी है, और महाराष्ट्र साइबर का यह कदम अत्यंत सराहनीय है।" कौस्तुभ धवसे ने महाराष्ट्र साइबर के विभिन्न उपक्रमों की जानकारी दी, जबकि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक यादव ने जनजागरुकता अभियान के बारे में बताया।

# दिल्ली एयरपोर्ट से 90 उड़ानें रद्द



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। दोनों देशों के बीच युद्ध जैसे हालात बन गए हैं। इस बीच दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से कई फ्लाइट कैंसिल कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक 90 फ्लाइट कैंसिल हुई है। दिल्ली एयरपोर्ट से जाने वाली 52 फ्लाइट रद्द की गई है। इनमें दिल्ली से जाने वाली 46 फ्लाइट और आने वाली 33 घरेलू उड़ाने रद्द की गई हैं। वहीं, अलग-अलग देशों से आने वाली 6 और दिल्ली से अलग-अलग देशों को जाने वाली 5 उड़ानें रद्द की गई हैं। बता दें कि पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी शिविरों पर भारत के मिसाइल हमलों के बाद अगले कुछ दिनों के लिए भारत भर के कई हवाई अड्डे वाणिज्यिक उड़ानों के लिए बंद हैं। इंडिगो, एयर इंडिया, स्पाइसजेट, अकासा एयर, एयर इंडिया एक्सप्रेस जैसी एयरलाइनों की सैकड़ों उड़ानें रद्द की गई हैं।

### एडवाइजरी जारी

तनाव के बीच घरेलू एयरलाइनों ने 10 मई तक और उड़ानें रद्द कर दीं और यात्रियों को हवाईअड्डे के लिए रवाना होने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति जांचने की सलाह दी। एयरलाइनों ने कहा है कि यात्री किसी भी परेशानी से बचने के लिए हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर सकते हैं। जब तक हालात सामान्य नहीं हो जाते, ट्रेन या बस का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### देश के कई एयरपोर्ट बंद

प्रभावित भारतीय हवाई अड्डों में श्रीनगर, जम्मू, लेह, चंडीगढ़, अमृतसर, लुधियाना, पटियाला, बठिंडा, हलवारा, पठानकोट, भुंतर, शिमला, गग्गल, धर्मशाला, किशनगढ़, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, मुंद्रा, जामनगर, राजकोट, पोरबंदर, कांडला, केशोद, भुज, ग्वालियर और हिंडन शामिल हैं। मुख्य रूप से सैन्य चार्टर के लिए उपयोग किए जाने वाले हवाई अड्डों को भी बंद कर दिया गया है।

# पंजाब के गुरुदासपुर में ब्लैकआउट



रोजाना 8 घंटे नहीं होगी रोशनी

पुलिस की छुट्टियां भी रद्द

**गुरुदासपुर।** पाकिस्तान और पीओके के आठ आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सेना द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत एयर स्ट्राइक करने के बाद माहौल बहुत खराब हो गया है। दोनों देशों के बीच युद्ध के हालात हैं। इस बीच 'ऑपरेशन सिंदूर' के चलते पैदा हुए स्थिति के कारण गुरदासपुर जिले के एडीएम ने अब रोज रात को ब्लैकआउट के आदेश जारी किए गए हैं। गुरुदासपुर के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट डॉ. हरजिंदर सिंह बेदी ने कहा, "भारत-पाकिस्तान सीमा पर संवेदनशील माहौल के कारण भारत सरकार और पंजाब सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार अगले आदेशों तक गुरदासपुर जिले में रात 9 बजे से अगले दिन सुबह 5 बजे तक पूर्ण ब्लैकआउट रहेगा।" इससे पहले भारत पाकिस्तान के बॉर्डर पर तनाव को देखते हुए पंजाब सरकार पुलिस विभाग ने अपने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द करने की घोषणा की। चंडीगढ़ आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) और यूएएएम में तैनात सभी मेडिकल ऑफिसर इनचार्ज और स्टाफ की भी अगले आदेश तक किसी भी तरह की छुट्टी तत्काल प्रभाव से रद्द कर गई हैं। चंडीगढ़ यूटी के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन हेल्थ डायरेक्टर ने कहा, "सभी कर्मचारी 24/7 आपातकालीन ड्यूटी के लिए तैयार रहें। अगर कहीं भी और कभी भी ड्यूटी के लिए बुलाया जाता है, तो तुरंत ड्यूटी पर रिपोर्ट करें। दफ्तर से कॉल का तुरंत जवाब दें।

# सवाई मानसिंह स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी

### ई-मेल से मचा हड़कंप

**जयपुर।** जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम को गुरुवार को बम से उड़ने की धमकी मिली। यह मामला सामने आने के बाद जयपुर में हड़कंप की स्थिति बन गई। इस बारे में जयपुर के क्रीड़ा परिषद को धमकी भरा ईमेल भेजा गया है। धमकी भरे ईमेल संदेश में लिखा है, "अगर हो सके तो सबको बचा लो।" जयपुर के क्रीड़ा परिषद को मिले धमकी भरे ईमेल में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। परिषद को मिले ईमेल में 'ऑपरेशन सिंदूर' का भी जिक्र है। स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी के बाद उसे खाली करा लिया गया। जांच एजेंसियां स्टेडियम की तलाशी में जुट गई परन्तु अभी तक की तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। बता दें कि इसी स्टेडियम में हफ्ते भर बाद यानी 16 मई को आईपीएल का मैच होना है।



# भारत-नेपाल सीमा पर चार चीनी नागरिक गिरफ्तार

- अवैध वीजा से भारत में प्रवेश की कोशिश
- चारों चीनी नागरिक हुनान प्रांत के नागरिक

**चंपारण।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में रक्सौल सीमा पर चार चीनी नागरिकों को बिना वैध वीजा के भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने की कोशिश करते हुए गिरफ्तार किया गया। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने इनकी गिरफ्तारी मैत्री ब्रिज पर की। गिरफ्तार किए गए चीनी नागरिकों की पहचान डेन विजियन, लिन युंगहुई, ही क्यून हैंनसेन और हुवाग लिविंग के रूप में हुई है, जो चीन के हुनान प्रांत के निवासी हैं। ये चारों दो नेपाली महिलाओं के साथ पैदल भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। दोनों महिलाओं को शुरू में हिरासत में लिया गया था। एक महिला को हिंदी, नेपाली, अंग्रेजी और चीनी भाषा में धाराप्रवाह बोलते हुए पाया गया, और उसके फोन में पाकिस्तानी नंबर भी मिले। हालांकि, पूछताछ और सत्यापन के बाद दोनों महिलाओं को गाइड के रूप में पहचान होने पर रिहा कर दिया गया।

### खुफिया एजेंसियों को किया सूचित

जांच में पता चला कि ये चीनी नागरिक पिछले एक हफ्ते से काठमांडू में थे और बिना वैध दस्तावेजों के भारत में घुसने की कोशिश कर रहे थे। एसएसबी ने उनके पास से आठ हजार चीनी युआन, पासपोर्ट, पांच मोबाइल फोन और एक बैग जब्त किया। गिरफ्तारी के बाद एसएसबी ने खुफिया एजेंसियों को सूचित किया और चारों चीनी नागरिकों को आगे की जांच के लिए स्थानीय हरैया पुलिस को सौंप दिया। रक्सौल के डिप्टी एसीप धीरेंद्र कुमार ने गिरफ्तारी की पुष्टि की और बताया कि पुलिस जांच जारी रखे हुए है।

# राजस्थान में नौ की मौत, चार घायल

- मदन मार्केट में फटा गैस सिलेंडर
- 21 दुकानें ध्वस्त, इमारत ढही

**बीकानेर।** राजस्थान से एक बड़ी दुखद खबर सामने आ रही है। मदन मार्केट में एक दुकान में गैस सिलेंडर फटने से नौ लोगों की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गए। इस घटना में दुकान वाली इमारत को भी नुकसान पहुंचा है। एएसपी विशाल जांगिड़ ने बताया कि यह घटना एक दुकान में हुई, जहां सोने-चांदी से जुड़ा काम होता था। राजस्थान के बीकानेर में मदान मार्केट में बुधवार को हुए भीषण सिलेंडर ब्लास्ट ने पूरे शहर को दहला दिया। धमाका इतना जबरदस्त था कि दो मंजिला बेसमेंट पूरी तरह ढह गया। गुरुवार को मलबे से 5 और शवों के मिलने के बाद मृतकों की संख्या 9 पहुंच गई है। हादसे में अब भी चार गंभीर घायल अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। घटना बुधवार सुबह करीब 11 बजे की है जब मार्केट में अचानक एक तेज धमाका हुआ। आवाज इतनी तेज थी कि कई लोगों को लगा जैसे एयर स्ट्राइक हुई हो। चश्मदीदों के मुताबिक, पूरी मार्केट धुएं और मलबे में तब्दील हो गई।



### नौ शव बरामद

बुधवार को चले रेस्क्यू ऑपरेशन में तीन शव बरामद किए गए थे। गुरुवार को मलबा हटाने के दौरान पांच और शव निकाले गए, जिनमें आयन (17), किशन सोनी (23), किशनलाल सोनी (25), रामस्वरूप सोनी (20), लालचंद सोनी (23) और असलम मलिक (31) शामिल हैं। इससे पहले सलमान (35), असलम (35) और सचिन सोनी (22) के शव निकाले जा चुके हैं। घायलों में सुशील सोनी (60), उत्तम (30), और समीर (18) शामिल हैं, जिनकी हालत नाजुक बनी हुई है। मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीमों ने रातभर काम किया और अब भी राहत कार्य जारी है।

# आईआरएस अधिकारी पर सीबीआई का छापा

**जयपुर।** सीबीआई ने भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के एक अफसर के जयपुर स्थित ठिकानों पर बड़ी कार्रवाई की। जांच के दायरे में अफसर की पत्नी भी है। बताया जा रहा है कि दंपती ने करोड़ों रुपए की संपत्ति अर्जित कर ली है। उनके खिलाफ सीबीआई ने आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के अफसर संतोष करनानी के जयपुर स्थित ठिकानों पर गुरुवार को सीबीआई ने रेड की। 2005 बैच के अफसर करनानी और उनकी पत्नी आरती करनानी ने भारी संपत्ति अर्जित की है। इन दोनों के खिलाफ सीबीआई ने आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज कर लिया है। दंपती के जयपुर सहित अहमदाबाद और गांधीनगर में कुल 11 ठिकानों में छापेमारी की गई। जानकारी के अनुसार दोनों ने जो संपत्ति घोषित की है वह उनकी वास्तविक आय से बहुत ज्यादा है। आरोप है कि सरकारी सेवा में रहने के दौरान उन्होंने अनैतिक तरीके से यह संपत्ति अर्जित की है। सीबीआई की टीम ने दोहपर जयपुर, अहमदाबाद और गांधीनगर में स्थित उनके आवास, कार्यालय, निवेश और अन्य निजी ठिकानों पर दबिश दी है। छापों के दौरान संपत्ति संबंधित दस्वेज और बैंक खातों की तलाशी जारी है।






पत्नी भी जांच के जद में

कई ठिकानों पर रेड

### सेना सुरक्षा में जा सकते दो सौ बांध!

# देश के बांधों पर दुश्मन की नापाक नजर

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना की कार्रवाई- ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान तिलमिलाया हुआ है। भारत से बदला लेने की भावना के तहत जवाबी कार्रवाई की धमकी दे रही पाकिस्तानी हुकूमत और सेना अब देश के 1000 डैम पर बुरी नजर डाल रही है। खबरों के मुताबिक अब 200 बांध भारतीय सेना की सुरक्षा में जा सकते हैं। भारत द्वारा पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर की गई स्ट्राइक के बाद पड़ोसी मुल्क तिलमिला उठा है। इसके बाद पाकिस्तान ने भारत के कई शहरों पर हमला करने की नाकाम कोशिश की है। सभी हमलों का करार जवाब दिया गया। खासतौर से मिसाइल हमलों को भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया है। नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी, एनएसए एवं दूसरे अहम मंत्रालयों के साथ लगातार बैठकें कर रहे हैं। बुधवार को विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने एक प्रेसवार्ता में कहा था कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान की तरफ से आगे भी हमले हो सकते हैं। केंद्र सरकार के विश्वस्त सूत्रों का कहना है, भारत के बांधों पर पाकिस्तान की बुरी नजर है। ऐसे में जो बड़े 200 से ज्यादा डैम हैं, वहां की सुरक्षा आर्मी को सौंपी जा सकती है। केंद्र सरकार, इस बाबत जल्द ही कोई बड़ा निर्णय लेने की तैयारी में है।



### डैम की मौजूदा सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश

भारत में प्रमुख बांधों की सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार गंभीर है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने अहम बैठक की थी। इसमें बांधों की सुरक्षा पर चर्चा की गई। सूत्रों का कहना है कि देश के प्रमुख बांधों की सुरक्षा, सेना के हवाले की जा सकती है। हालांकि यह निर्णय केंद्रीय गृह एवं रक्षा मंत्रालय द्वारा लिया जाना है।

### 224 बांध पुराने, 143 निर्माणाधीन

- निर्दिष्ट बांधों के राष्ट्रीय रजिस्टर-2025 के तहत जारी डेटा के अनुसार, देश के कुल 6628 निर्दिष्ट बांध हैं। गत दिसंबर में संसद सत्र के दौरान राज्यसभा में एक लिखित सवाल के जवाब में जल शक्ति मंत्रालय में राज्यमंत्री राज भूषण चौधरी ने बताया था कि भारत में 1,065 बड़े बांध हैं। ये बांध 50 से 100 साल पुराने हैं। देश में 224 ऐसे बांध हैं, जो एक सदी से अधिक पुराने हैं। करीब 143 निर्माणाधीन बांध हैं। देश के प्रमुख बांधों में टिहरी बांध, भाखड़ा नांगल बांध, सरदार सरोवर बांध, हीराकुंड बांध और नागार्जुन सागर शामिल हैं। टिहरी बांध उत्तराखंड में भागीरथी नदी पर बना भारत का सबसे ऊँचा बांध है। महानदी नदी पर बना ओडिशा का हीराकुंड बांध भारत का सबसे लंबा बांध है।

# देशभर में तूफान और बारिश की चेतावनी



### राजस्थान में भारी बारिश के संकेत

### 27 राज्यों को मौसम विभाग का अलर्ट

**नई दिल्ली।** देशभर में दिल्ली-NCR समेत कुछ राज्यों में बारिश हो रही है। वहीं पूर्वी भारत समेत समुद्र तटीय इलाकों में गर्मी का प्रकोप जारी है। पिछले 24 घंटे में दिल्ली-NCR, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिम मध्य प्रदेश, मध्य महाराष्ट्र, मराठावाड़ा, सौराष्ट्र, कच्छ, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, हिमाचल प्रदेश में 70-90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। उत्तराखंड, पंजाब, गांगेय पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, कोंकण, गोवा, पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, केरल, माहे, आंतरिक कर्नाटक, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, रायलसीमा, तेलंगाना में भी अलग-अलग स्थानों पर ओलावृष्टि हुई। पूर्वी राजस्थान, पश्चिमी मध्य प्रदेश और राजस्थान के कुछ जगहों पर भारी से बहुत भारी बारिश हुई।

### 15 मई तक मानसून की स्थिति

- भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 7 दिन के लिए मौसम की भविष्यवाणी की है। नया पश्चिमी विभोग एक्टिव होने से 27 राज्यों में तूफानी हवाएं चलने और बारिश होने का अलर्ट है। 15 मई के बाद दक्षिण पश्चिमी मानसून देश में एंट्री कर सकता है और ताजा मौसमी परिस्थितियों को प्री-मानसून की स्थिति माना जा रहा है। आइए जानते हैं कि हीट वेव कहां चलेगी और दिल्ली-NCR में मौसम कैसा रहेगा?

### आज एक्टिव होगा पश्चिमी विक्षोभ

- मौसम विभाग के अनुसार 9 मई की रात से समुद्र तल से 1.5 से 7.6 किलोमीटर की ऊंचाई पर नया पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होने का अलर्ट है, जो पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है। अगले 5 दिन उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में ओलावृष्टि होने के साथ तूफानी या तेज हवाएं चलेंगी। 11 मई तक पूर्वोत्तर में भारी बारिश के साथ आंधी तूफान आ सकता है और बिजली गिरने की भी संभावनाहै।

### इन राज्यों में बरसेंगे बादल

- उत्तर पश्चिम भारत में जम्मू-कश्मीर-लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में 40-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती हैं। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान में 14 मई तक 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी। 11 मई तक पश्चिमी राजस्थान में अलग-अलग जगहों पर धूल भरी आंधी चलने की संभावना है। पश्चिम भारत में कोंकण, गोवा, मराठवाड़ा में 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। कहीं-कहीं आंधी तूफान के साथ हल्की बारिश हो सकती है।